जबलपुर
बुधवार, 18 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-07
वर्ष : 20, अंक : 49
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 38
न्यून. 26

haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

8
अमेरिका संग व्यापार को मिलेगी ऊंचाई



मैट्रो
14 चिल्ड्रेन विथ स्पेशल नीड्स को ..

## मोहन कैबिनेट ने मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 का किया अनुमोदन, नई भर्तियां भी होंगी धड़ाधड़

## साढ़े चार लाख शासकीय सेवकों के लिए बड़ी खुशखबर नया पदोन्नति नियम 2025 से प्रभावशील होगा

# मप्र में 9 साल से अटका पदोन्नति का रास्ता खुला, प्रमोशन से 2 लाख नए पद होंगे रिक्त

*सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के एम. नागराज, जरनैल सिंह एवं आरके सभरवाल प्रकरणों एवं अन्य वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप नियम का प्रारूप तैयार किया*

## कारण बताओ नोटिस के आधार पर बंद लिफाफे की कार्रवाई नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में नया पदोन्नति नियम (मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025) मंगलवार को कैबिनेट से मंजूर हो गया। यह नियम राज्य सेवा के किसी भी संवर्ग में लागू नहीं होगा। हालांकि, उनके लिए मार्गदर्शी सिद्धांत का आधार यही नियम होगा। विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में नंबर बढ़ाकर पदोन्नत करने का अधिकार पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है। जिन शासकीय सेवकों का नियम विरूद्ध पदोन्नति हो चुकी है, उन्हें रिवर्ट करने के लिए सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आधार पर ही रिवर्ट करने की प्रक्रिया होगी। मप्र में 9 साल बाद साढ़े चार लाख शासकीय सेवकों की पदोन्नति का रास्ता आखिरकार साफ हो गया। नई भर्ती के दरवाजे भी अब खुल जाएंगे। कैबिनेट की मंगलवार को हुई बैठक में इस नियम का अनुमोदन कर दिया गया। बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। मंत्रियों ने इस बहुप्रतीक्षित नियम के मंजूर होने पर स्वागत किया है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि पदोन्नति के लिए सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट में दाखिल मामलों में एक नया रास्ता निकाला गया है।

विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में नंबर बढ़ाकर पदोन्नत करने का अधिकार पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है। जिन शासकीय सेवकों का नियम विरूद्ध पदोन्नति हो चुकी है, उन्हें रिवर्ट करने के लिए सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी।



### नए नियम में अग्रिम डीपीसी का प्रावधान

नए नियम के अनुसार आरक्षित वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर उनके हितों को संरक्षित किया गया है। अनुसूचित जनजाति के लिए 20% एवं अनुसूचित जाति के लिए 16% आरक्षण का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोक सेवकों को भी मेरिट के आधार पर पदोन्नति प्राप्त करने का अवसर दिया गया है। इसके साथ ही वर्तमान वर्ष में ही आगामी वर्ष की रिक्तियों के लिए पदोन्नति समिति की बैठक कर चयन सूची बनाए जाने का प्रावधान किया गया है। अर्थात अग्रिम डीपीसी का प्रावधान किया गया है। पदोन्नति के सूत्र में वरिष्ठता का पर्याप्त ध्यान रखा गया है। वरिष्ठ लोक सेवकों में से मेरिट के अनुसार न्यूनतम अंक लाने वाले लोक सेवक पदोन्नति के लिए पात्र होंगे, प्रथम श्रेणी के लोक सेवकों के लिए मेरिट कम सिनियॉरिटी का प्रावधान किया गया है।

### पदोन्नति प्रक्रिया में सभी वर्ग के हितों का रखा गया ध्यान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कैबिनेट में मंजूर पदोन्नति नियम-2025 में मप्र के सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए पदोन्नति के लंबित मसले को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों-अधिकारी के 9 साल से लंबित पदोन्नति के मामले का निराकरण किया है। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित सभी वर्गों के शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हितों का समुचित ध्यान रखा गया है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पदोन्नति होने के बाद शासकीय सेवाओं में 2 लाख पद रिक्त होंगे। इसके बाद इन रिक्त पदों पर भर्तियों की संभावना बनेगी।

### रिव्यू डीपीसी की बैठक का स्पष्ट प्रावधान

नए नियम में पदोन्नति के सूत्र में कार्यदक्षता को प्रोत्साहित किया जाना लक्षित है। पदोन्नति के लिए अपात्रता का स्पष्ट निर्धारण किया गया है। किन परिस्थितियों में कोई लोक सेवक अपात्र होगा एवं दंड का क्या प्रभाव होगा यह स्पष्ट रूप से दिया गया है। किसी भी विभागीय पदोन्नति समिति बैठक के संदर्भ में निर्णय के पुनर्विलोकन के लिए रिव्यू डीपीसी की बैठक आयोजित किए जाने के लिए स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। नवीन पदोन्नति नियमों में परिभ्रमण की व्यवस्था समाप्त की गई है। इससे पदोन्नति के लिए अधिक पद हो सकेंगे। पदोन्नति समिति को शासकीय सेवक की उपयुक्तता निर्धारण करने का अधिकार दिया गया है।

### चतुर्थ श्रेणी के लिए अंक व्यवस्था नहीं होगी

चतुर्थ श्रेणी के लिए अंक व्यवस्था नहीं होगी। केवल पदोन्नति के लिए उपयुक्त होने पर ही पदोन्नति प्राप्त हो सकेगी। अर्हकारी सेवा के लिए किसी वर्ष में की गई आंशिक सेवा को भी पूर्ण वर्ष की सेवा माना जाएगा। यदि वर्ष के एक भाग की सेवा की गई है तो उसे पूर्ण वर्ष की सेवा माना जाएगा। यानी यदि किसी वर्ष में 6 महीने का ही गोपनीय प्रतिवेदन उपलब्ध है, तो उसे पूर्ण वर्ष के लिए मान्य किया जा सकेगा। यदि गोपनीय प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं होने के कारण किसी की पदोन्नति रुकती है, तो उसे पदोन्नति प्राप्त होने पर पूरी वरिष्ठता दी जाएगी। अप्रत्याशित रिक्तियों यानी किसी भी विशेष परिस्थिति में यदि पद रिक्त होते हैं, तो चयन सूची या प्रतीक्षा सूची से भरे जाने का स्पष्ट प्रावधान किया गया है।

### प्रतिनियुक्ति के पद के विरूद्ध पदोन्नति का प्रावधान

नए नियम में स्पष्ट प्रावधान किया गया है कि प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए शासकीय सेवक (जो आगामी वर्ष अर्थात पदोन्नति वर्ष में उपलब्ध नहीं होंगे) के पद के विरूद्ध पदोन्नति का प्रावधान किया गया है। गोपनीय प्रतिवेदनों में से यदि कोई गोपनीय प्रतिवेदन एनआरसी (नो रिपोर्ट सर्टिफिकेट), सक्षम स्तर से स्वीकृत अवकाश, पदग्रहण काल अथवा प्रशिक्षण के कारण है अथवा गोपनीय प्रतिवेदन में निर्धारित समय पर स्वमूल्यांकन के साक्ष्य है तो ऐसी स्थिति में गोपनीय प्रतिवेदन की अनुपलब्धता के आधार पर पदोन्नति नहीं रोकी जाएगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### आईसीसी वनडे रैंकिंग में स्मृति मंधाना की बादशाहत



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट के लिए मंगलवार को बड़ा दिन रहा। आईसीसी वनडे बैटिंग रैंकिंग में भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने नंबर-1 पोजिशन हासिल की है। स्मृति के वनडे इंटरनेशनल करियर में ये दौर पहली बार आया है, जब से उन्होंने वनडे क्रिकेट खेलना शुरू किया है। साल 2019 से आखिर छह साल बाद स्मृति मंधाना वनडे क्रिकेट में नंबर वन बैटर बन गई हैं। साउथ अफ्रीका टीम की कप्तान लौरा वोलवार्ड को स्मृति ने 19 पॉइंट्स से पीछे छोड़ दिया है। मंधाना वनडे बैटिंग रैंकिंग में टॉप 10 लिस्ट में हाल ही में शामिल हुई थीं। लेकिन मंधाना को वनडे में नंबर वन बल्लेबाज बनने के लिए छह साल का लंबा इंतजार करना पड़ा। भारत, साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के बीच हाल ही में ट्राइ-सीरीज हुई. इस सीरीज के आखिरी मुकाबले में स्मृति मंधाना के बल्ले से शानदार शतक देखने को मिला।

*ये क्या हो रहा है? एयर इंडिया की एक के बाद एक सात उड़ानें रद्द*

# अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट रद्द, दिल्ली से पेरिस गैटविक से अमृतसर की उड़ान भी बाधित हुई

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के बाद एयरलाइन के ऑपरेशन में लगातार दिक्कतें आ रही हैं। मंगलवार को एयर इंडिया इंटरनेशनल की कुल सात उड़ानें तकनीकी खराबी समेत अलग-अलग कारणों से रद्द कर दी गईं।



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के बाद एयरलाइन के ऑपरेशन में लगातार दिक्कतें आ रही हैं। मंगलवार को एयर इंडिया इंटरनेशनल की कुल सात उड़ानें तकनीकी खराबी समेत अलग-अलग कारणों से रद्द कर दी गईं। कैंसिल हुई फ्लाइट्स में से छह बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर थीं, जो अहमदाबाद में हादसे का शिकार हुई थी। एयर इंडिया की अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट रद्द कर दी गई है। यह वही रूट है, जिस पर एआई-171 दुर्घटनाग्रस्त हुई थी।

कैंसिल हुई फ्लाइट्स में से छह बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर थीं, जो अहमदाबाद में हादसे का शिकार हुई थी

रद्द हुई फ्लाइट के यात्रियों के लिए एयर लाइंस ने होटल में रुकने की व्यवस्था की

अलग-अलग तरह के कारण गिनाए, इनमें तकनीकी खराबी, जांच व विमान की अनुपलब्धता



### अहमदाबाद से लंदन की फ्लाइट में भी बाधा

*मंगलवार दोपहर अहमदाबाद से लंदन के लिए रवाना होने वाली एअर इंडिया की उड़ान को परिचालन संबंधी मुद्दों के कारण रद्द कर दिया गया है। अहमदाबाद से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए एआई-159 की उड़ान रद्द कर दी गई है। विमान को सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से तय समय से देरी से दोपहर तीन बजे रवाना होना था। एयर इंडिया ने कहा कि अहमदाबाद से गैटविक के लिए उड़ान संख्या एआई 159 को विमान की अनुपलब्धता के कारण रद्द कर दिया गया है। इसकी वजह हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों और अतिरिक्त ऐहतियाती जांच है। हम होटल में ठहरने की व्यवस्था कर रहे हैं और यात्रियों की ओर से विकल्प चुनने पर रद्दीकरण या पूर्ण धन वापसी की पेशकश भी कर रहे हैं।*

### बम की धमकी का आया था कॉल
### इंडिगो विमान की नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग



**नागपुर।** कोच्चि से दिल्ली जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में मंगलवार को बम की धमकी से हड़कंप मच गया। सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के चलते विमान की नागपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, जहां सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और विमान की जांच की गई।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार का बड़ा फैसला

# अमरनाथ यात्रा मार्ग नो फ्लाई जोन घोषित, ड्रोन भी प्रतिबंधित



### 3 जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में होने वाली अमरनाथ यात्रा को लेकर सरकार ने सभी रास्तों को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। इसके साथ ही पूरी यात्रा के दौरान किसी तरह के ड्रोन और गुब्बारों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही इन मार्गों से किसी भी तरह विमानन प्लेटफॉर्म को प्रतिबंधित किया है।

जम्मू कश्मीर सरकार ने ये फैसला सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए लिखा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दिए गए सलाह के बाद जेके सरकार ने ये फैसला लिया है। प्रदेश के गृह विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि इस साल 2025 में श्री अमरनाथ जी यात्रा के दौरान सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से यात्रा के सभी मार्गों को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया जाता है।

### सुरक्षा बलों के लिए लागू नहीं होंगे नियम

आदेश में ये भी कहा गया है कि इस प्रकार यूएवी, ड्रोन और गुब्बारे आदि सहित किसी भी प्रकार के उड़ने वाले हवाई गैजेट्स की उड़ान को 1 जुलाई 2025 से 10 अगस्त 2025 तक प्रतिबंधित है। आदेश में कहा गया है कि ये प्रतिबंध चिकित्सा निकासी, आपदा प्रबंधन और सुरक्षा बलों द्वारा निगरानी के मामलों में लागू नहीं होंगे। ऐसे अपवादों के लिए एक विस्तृत एसओपी बाद में जारी किया जाएगा। हर वर्ष होने वाली अमरनाथ तीर्थ यात्रा इस बार 3 जुलाई से शुरू होने वाली है, जो 8 अगस्त तक चलेगी। इस यात्रा की सुरक्षा को घाटी की सबसे बड़ी सुरक्षा कवायदों में से एक माना जाता है। हर साल देश भर से लाखों तीर्थयात्री हिमालय स्थित गुफा मंदिर की यात्रा करते हैं। इस यात्रा के तहत पहलगाम और सोनमर्ग जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों से होकर पहुंचा जा सकता है।

*मध्य मप्र में अभी लगेगा कुछ और समय, बादल, आंधी- बारिश से प्रदेशभर में गिरा पारा, गर्मी से कुछ राहत*

प्रदेश में उत्तरी भागों के साथ छत्तीसगढ़ से लगे हिस्सों में भी हो रही प्राग्रेस

# 10 जिलों में आगे बढ़ा मानसून, इंदौर, उज्जैन मंडला से लगे हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट

*अरब सागर और बंगाल की खाड़ी की ब्रांच की सक्रियता जारी, सभी परिस्थितियां अनुकूल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित आधे प्रदेश में अभी जहां मानसून का इंतजार है, वहीं इसकी उत्तरी सीमा लगातार आगे बढ़ रही है। मंगलवार को मानसून ने प्रदेश के 10 और जिलों को कवर करते हुए इंदौर, बैतूल, धार, उज्जैन तक अपनी पहुंच बना ली है, वहीं बंगाल की खाड़ी की ओर से भी सिस्टम आगे बढ़ते हुए मंडला, सिवनी, बालाघाट से आगे बढ़ गया है। आज झाबुआ, उज्जैन, मंदसौर, शहडोल, मंडला के साथ ही धार, रतलाम, मंदसौर, नीमच जिलों में भारी से तेज बारिश का यलो अलर्ट है। भोपाल में बादल, बौछारों के बीच तेज हवाओं का दौर रहेगा। पूरी उम्मीद है कि अगले दो से तीन दिन में भोपाल तक मानसून पहुंच सकता है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आगे बढ़ रहा बढ़ रहा मानसूनी सिस्टम अभी पूरे करंट में है।



आसमान में बादल,

### मध्य छोट पहुंचा मानसून?


#### अरब सागर व बंगाल की खाड़ी दोनों तरफ के मानसूनी बादल घेर रहे मप्र को

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार मंगलवार को मानसून आगे बढ़ते हुए अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, देवास, हरदा, उत्तरी खंडवा, बैतूल, पचमढ़ी, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, सिवनी, बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों में आगे बढ़ गया है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों ब्रांच सक्रिय हैं। इससे पूरी उम्मीद है कि यह अभी लगातार आगे बढ़ेगा।

### जबलपुर सहित कई जिलों में गर्मी से राहत

*प्रदेश के अधिकांश जिलों में जारी बादल, बारिश और तेज हवाओं के असर से भोपाल सहित अधिकांश जिलों में पारा 2 से 5 डिग्री तक गिरा। रात में भी दो डिग्री तक कमी रही। भोपाल में अधिकतम तापमान 3.1 डिग्री गिरकर 34.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री कम है। नर्मदापुरम, पचमढ़ी, उज्जैन, जबलपुर, नरसिंहपुर, सीधी, और उमरिया में 3 से 4 डिग्री तक कमी आई। प्रदेश में औसतन दो डिग्री की कमी के साथ औसत अधिकतम पारा 36 डिग्री रहा।*





वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर उभरता
बस्तर
• धूड़मारास गांव को मिली वैश्विक पहचान
• ईको-टूरिज्म और होम-स्टे को प्रोत्साहन
• एडवेंचर टूरिज्म, कैनोपी वॉक, ग्लास ब्रिज का विकास
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
सुशासन से समृद्धि की ओर
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

**राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा- तेहरान खाली कर दें, अब कुछ बड़ा होने वाला है, जी-7 समिट से एक दिन पहले वॉशिंगटन लौटे, सिचुएशन रूम में बुलाई बैठक**

# अगले 24 से 48 घंटे में ईरान का एटमी प्रोग्राम होगा 'तबाह'



**इजराइल-ईरान युद्ध तबाही के उस मोड़ पर जा पहुंचा है, जहां ईरान का मिटना तय है। ट्रंप का कहना है कि वैसे तो 2 दिन में इजराइल ईरान के परमाणु हथियारों का विनाश कर देगा यदि, ऐसा न हो पाया तो फिर अमेरिका को भी कोई बड़ा कदम उठाना पड़ेगा।**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल और ईरान की बीच जारी संघर्ष लगातार गहराता जा रहा है। इजराइल लगातार के ईरान की सेना के शीर्ष नेताओं को निशाना बना रहा है। मंगलवार को इजराइल ने ईरान के युद्धकालीन चीफ ऑफ स्टाफ अली शादमानी को मार गिराया है। 5 दिन में दूसरा कमांडर मारा गया है। इस संघर्ष में ईरान ने न सिर्फ अपने देश के शीर्ष सैन्य कमांडरों को खोया है बल्कि कई परमाणु संयत्रों और अहम सैन्य ठिकाने भी ध्वस्त हो गए हैं। इजराइल के लगातार हमलों के चलते ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई अकेले पड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि वे बंकर में परिवार सहित छिपे हुए हैं। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि खामनेई की मौत से यह युद्ध खत्म होगा। उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि ईरान एटम बम नहीं रख सकता है। अब कुछ बड़ा होने वाला है। अगले 48 घंटे में हम कुछ बड़ा करेंगे। उन्होंने तेहरान के लोगों से कह दिया है कि वे राजधानी छोड़ दें। तेहरान की सड़कों पर कारों का लंबा जाम लग गया है। छोड़कर भाग रहे हैं पर रास्ता नहीं मिल रहा है। ट्रंप जी-7 समिट से एक दिन पहले ही वॉशिंगटन लौट गए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों की बैठक बुला ली है। वे बुधवार की रात सिचुएशन रूम में ही बैठेंगे। जी-7 के सदस्यों ने इजराइल के हमले को सही ठहराया है। सदस्यों ने कहा कि ईरान को एटम बम रखने का कोई हक नहीं है। इजराइल का लक्ष्य ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना है जिसके लिए उसने नतांज और इस्फहान में यूरेनियम संवर्धन को नुकसान पहुंचाया है। अब फोर्डो फ्यूल इनरिटचमेंट प्लांट को तबाह करने की चुनौती है जिसे ईरान का माउंट डूम भी कहा जाता है। अमेरिका द्वारा इस प्लांट पर हमले की आशंका है जिसके चलते ईरान ने रूसी एस-300 एअर डिफेंस सिस्टम तैनात किया है।

तेहरान की सड़कों पर कारें ही कारें, लोग देश छोड़ रहे पर रास्ता नहीं मिल रहा, नेतन्याहू ने कहा- खामनेई की मौत से यह युद्ध खत्म होगा

ईरान के कई सैन्य प्रमुख देश छोड़कर भागे खामनेई के किसी बंकर में छिपे होने की जानकारी



## ट्रंप ने कहा- इजराइल हमले नहीं रोकेगा, इजराइल ने 5 दिन में ईरान का दूसरा कमांडर शादमानी मारा अब तक 20 से ज्यादा सैन्य अफसर मारे गए

### क्या हो सकता है अगले 48 घंटे में

1 अमेरिका युद्ध में कूद सकता है। वह ईरान के एटमी प्रोग्राम को ध्वस्त करने अपने स्टील्थ विमानों का इस्तेमाल कर सकता है

2 उधर, इजराइल ने कह दिया है कि वह तेहरान के लोगों के साथ, माना जा रहा है कि वह खामनेई का तख्ता-पलट कर देगा।

### युद्ध का भारत पर क्या असर?

**पेट्रोल -डीजल महंगा नहीं होगा**

भारत पर इस युद्ध को कोई असर नहीं होगा। भारत करीब 40 देशों से कच्चे तेल की खरीद करता है। वह डिमांड से ज्यादा सप्लाई कर सकने की स्थिति में है।

**भारत जारी किए हेल्पलाइन नंबर**

ईरान में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि सभी भारतीय नागरिक, जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान और कॉन्टैक्ट नंबर दें। कृपया +989010144557, +989128109115, +989128109109 पर संपर्क करें।

### खामनेई को सत्ता बरकरार रखने में हो सकती हैं मुश्किलें



शासन की स्थिरता बनाए रखने के लिए खामनेई ने बार-बार रिवोल्यूशनरी गाड्र्स और उसकी बसीज मिलिशिया को 1999, 2009 और 2022 के राष्ट्रीय प्रदर्शनों को कुचलने के लिए तैनात किया है। हालांकि, ये बल अब तक हर विरोध प्रदर्शन को दबाने में सफल रहे हैं, लेकिन वर्षों से चले आ रहे पश्चिमी प्रतिबंधों ने ईरान की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह आर्थिक संकट भविष्य में व्यापक जन असंतोष और आंतरिक अस्थिरता का कारण बन सकता है।

### दूतावास ने भारतीय छात्रों को तेहरान से निकाला सभी छात्र आर्मेनिया की सीमा पर पहुंचे

भारतीय दूतावास, तेहरान में मौजूद भारतीय छात्रों को शहर से बाहर निकाल चुका है। इसके साथ ही अन्य लोग, जिनके पास खुद का ट्रांसपोर्ट है, उन्हें भी शहर से बाहर जाने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही कुछ भारतीयों को आर्मेनिया की सीमा के माध्यम से ईरान छोड़ने में मदद की गई है। दूतावास हरसंभव सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से अपने लोगों के साथ लगातार संपर्क में बना हुआ है। भारत ने ईरान में अपने नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) से इलाके में बढ़ते तनाव के मद्देनजर तेहरान खाली करने को कहा है। इन लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने और दूतावास से संपर्क में रहने का निर्देश दिया गया है।

### ट्रंप ने फ्रांस के राष्ट्रपति को लताड़ा और कहा

### *मैं कहीं ज्यादा बड़े और जरूरी काम के लिए वॉशिंगटन लौटा*



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दावा किया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और ईरान के बीच युद्धविराम कराने की पेशकश की है। मैक्रों के दावों को खारिज करते हुए ट्रंप ने कहा कि उन्हें किसी और कारण से जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़ना पड़ा। इसका युद्धविराम से कोई लेना-देना नहीं है। यह उससे कहीं ज्यादा बड़ी बात है। उन्होंने इस पर अधिक स्पष्टीकरण दिए बिना राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की तत्काल बैठक बुलाई।

---

## खबर संक्षेप

### राजगढ़ में बस पलटी 26 घायल-10 गंभीर

**राजगढ़।** यहां मंगलवार सुबह साढ़े 8 बजे धतुरिया गांव के पास कवलसी खेड़ा जोड़ पर एक बस स्टेयरिंग फेल होने से अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 26 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को जीरापुर अस्पताल ले जाया गया। इनमें से 10 की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। हादसे के बाद बस चालक और कंडक्टर मौके से फरार हो गए।



### सुनीता ने नाम के आगे से हटाया गोविंदा का सरनेम

**मुंबई।** 90 के दशक के सुपरस्टार गोविंदा पिछले कुछ समय से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। 61 साल के गोविंदा और सुनीता के बीच सब ठीक नहीं है। अब सुनीता आहूजा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने नाम के आगे से आहूजा सरनेम हटा दिया है। इसके साथ ही उन्होंने अपने नाम में एक और बदलाव किया है। उन्होंने अपने नाम में एक और एस जोड़ दिया है।



**अतुलनीय मध्यप्रदेश बना पर्यटकों की पहली पसंद**


## पर्यटन का 2024 में नया रिकॉर्ड मप्र पहुंचे 13.41 करोड़ सैलानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पर्यटन की दृष्टि से मध्य प्रदेश भारत का एक समृद्ध और विविधतापूर्ण राज्य है। यहां की विशेषता इसकी सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहरें, प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीव संपदा में निहित है। यही कारण है कि अतुलनीय मध्य प्रदेश पर्यटकों की पहली पसंद बन रहा है। प्रदेश ने वर्ष 2024 में पर्यटन के क्षेत्र में कीर्तिमान रचा है।

यहां रिकॉर्ड 13.41 करोड़ पर्यटकों का आगमन हुआ। यह उपलब्धि 2023 की तुलना में 19.6%, 2019 से लगभग 50.6% और 2020 की तुलना में 526% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मध्य प्रदेश देश ही नहीं, वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर भी मजबूती से उभर रहा है। यह उपलब्धि शासन की दूरदर्शी नीतियों, आधारभूत ढांचे के विकास और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी का प्रतिफल है।

» यह उपलब्धि 2023 की तुलना में 19.6%, 2019 से लगभग 50.6% और 2020 की तुलना में 526% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है



ग्रीन, क्लीन और सेफ मध्य प्रदेश को टाइगर स्टेट, लेपर्ड स्टेट, घड़ियाल स्टेट, चीता स्टेट और वल्चर स्टेट के रूप में जाना जाता है

**बड़ी खबर**

### 1.67 लाख विदेशी पर्यटक प्रदेश आए

वर्ष 2024 में 1.67 लाख विदेशी पर्यटकों ने भी मध्य प्रदेश की सैर की। खजुराहो में 33,131, ग्वालियर में 10,823 और ओरछा में 13,960 विदेशी पर्यटक पहुंचे। शहरी पर्यटन में भी विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई, जिसमें इंदौर में 9,964 और भोपाल में 1,522 विदेशी पर्यटक शामिल हैं। बांधवगढ़ में 29,192, कान्हा में 19,148, पन्ना में 12,762 और पेंच में 11,272 विदेशी पर्यटक आए, जो मध्य प्रदेश की वैश्विक अपील को दर्शाता है।

### धार्मिक स्थलों पर 10.7 करोड़ पर्यटक आए

धार्मिक स्थलों ने 2024 में 10.7 करोड़ पर्यटकों को आकर्षित किया, जो वर्ष 2023 की तुलना में 21.9% अधिक है। प्रदेश के शीर्ष 10 पर्यटन स्थलों में से 6 धार्मिक स्थल शामिल हैं। उज्जैन 7.32 करोड़ पर्यटकों के साथ इस सूची में सबसे आगे रहा, जो वर्ष 2023 के 5.28 करोड़ की तुलना में 39% अधिक है। चित्रकूट में भी 1 करोड़ से अधिक पर्यटक आए, जो वर्ष 2023 के 90 लाख की तुलना में 33% अधिक है। मैहर में 1.33 करोड़, अमरकंटक में 40 लाख, सलकनपुर में 26 लाख और ओंकारेश्वर में 24 लाख पर्यटक पहुंचे। महाकाल लोक, ओंकारेश्वर महालोक, श्रीराम वनगमन पथ, देवी लोक, राजा राम लोक, हनुमान जैसी परियोजनाओं ने धार्मिक पर्यटन को आध्यात्मिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है।

## 11वीं कक्षा की छात्रा के सिर में उतार दी 3 गोलियां, मौत

**मां-पिता के सामने बेटी की हत्या**

**हरिभूमि न्यूज:मुरैना।** यहां दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक 11वीं कक्षा की छात्रा को उसके ही पिता के सामने चार बदमाशों ने मौत के घाट उतार दिया, उसके सिर में एक नहीं बल्कि तीन तीन गोलियां दाग दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए और अब पुलिस उन्हें ढूंढती फिर रही है। वारदात सोमवार रात करीब 9 बजे मुरैना के बागचीनी थाना क्षेत्र के बदरपुरा गांव के पास हुई है। 19 साल की छात्रा मलिश्का अपने माता-पिता के साथ मां के मामा के यहां गई हुई थी। रात जब वे तीनों बाइक से गांव वापस जा रहे थे, तो गांव से ठीक पहले दो बाइक पर आए चार लोगों ने उनकी बाइक रुकवाई, कोई कुछ समझ पाता उसके पहले ही बदमाशों ने लड़की पर तीन फायर किए।






### कायस्थ समाज में आक्रोश के बाद पं. मिश्रा ने 'मांगी' माफी

**हरिभूमि न्यूज :सीहोर।** कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने भगवान चित्रगुप्त और यमराज को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। उनके बयानों से कायस्थ समाज में भारी आक्रोश देखा जा रहा था। चित्रगुप्त पीठ पीठाधीवर ने माफी मांगने की मांग की थी। कायस्थ समाज के लोगों ने पंडित प्रदीप मिश्रा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी देने के साथ ही 10 दिन के भीतर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी की बात कही थी। कायस्थ समाज की इस चेतावनी के बाद मंगलवार को सीहोर स्थित कुबेरेश्वर धाम पर पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित कर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि किसी के हृदय को ठेस पहुंचाना कभी शिव महापुराण नहीं जानती।






## राजा हत्याकांड का क्राइम सीन रीक्रिएट करवाने पहुंची मेघालय पुलिस




## सोनम फिर बोली- मार दो इसे... लाश कातिलों के संग मिलकर खाई में फेंकी

एजेंसी ▶▶ शिलांग



मेघालय के सनसनीखेज राजा रघुवंशी हत्याकांड में मंगलवार को शिलांग पुलिस क्राइम सीन रीक्रिएट करने के लिए सोहरा के वेइसाडोंग फॉल्स पहुंची। फोरेंसिक टीम भी मौके पर मौजूद रही। सोनम रघुवंशी समेत सभी आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाया गया। ये वहीं जगह है जहां राजा का मर्डर कर राजा को गहरी खाई में फेंक दिया गया था। पुलिस ने क्राइम सीन वाली जगह को घेर लिया ।

### जांच सिर्फ प्रेम त्रिकोण तक सीमित नहीं: मेघालय डीजीपी

» ***पुलिस क्राइम सीन रीक्रिएट करने के लिए सोहरा के वेइसाडोंग फॉल्स पहुंची***

» ***सोनम रघुवंशी समेत सभी आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाया गया***



**सोनम का परिवार भी जांच के दायरे में**

मेघालय के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) इदाशीशा नोंगरांग ने कहा कि सोहरा में इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या की जांच कर रहे जांच अधिकारी प्रेम त्रिकोण को एकमात्र मकसद नहीं मान रहे हैं और वे विभिन्न अन्य पहलुओं को भी ध्यान में रखकर जांच कर रहे हैं।

राजा के भाई ने मेघालय पुलिस से कर दी बड़ी मांग

### सोनम रघुवंशी का एनकाउंटर कर दो

मेघालय पुलिस की जांच से राजा रघुवंशी के दोनो भाई संतुष्ट दिखे। बड़े भाई विपिन और सचिन ने कहा कि अगर उनका सोनम रघुवंशी से सामना हुआ तो वो पूछेंगे कि तुमने सोनम तो मारा क्यों? सचिन रघुवंशी ने तो सोनम के लिए आजीवन कारावास की मांग की है। वहीं विपिन ने साथ ही सोनम रघुवंशी के एनकाउंटर करने की मांग कर डाली। राजा के भाई विपिन ने मेघालय पुलिस से सीधी मांग करते हुए कहा कि ये लोग अभी जेल जाएंगे,फिर पेरोल पर छोड़ेंगे,इससे अच्छा एनकाउंटर करो,खत्म करो सीधा।

# संयुक्त सैन्य अभ्यास 'शक्ति' में भाग लेने के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी फ्रांस रवाना

- भारत-फ्रांस के बीच सैन्य सहयोग होगा मजबूत
- दोनों देशों के बीच अंतर संचालन क्षमता बढ़ेगी
- दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देगा
- नई पीढ़ी के उपकरणों पर प्रशिक्षण मिल सकेगा



*यह अभ्यास 18 जून 2025 से 1 जुलाई 2025 तक कैंप लारजैक, ला कैवेलरी, फ्रांस में चलेगा। अभ्यास के लिए भाग लेने वाले भारतीय दल में सेना के 90 कर्मी शामिल हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना की एक टुकड़ी द्विवार्षिक भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति के 8वें संस्करण में भाग लेने के लिए मंगलवार को रवाना हुई। यह अभ्यास 18 जून 2025 से 1 जुलाई 2025 तक कैंप लारजैक, ला कैवेलरी, फ्रांस में चलेगा। अभ्यास के लिए भाग लेने वाले भारतीय दल में सेना के 90 कर्मी शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारतीय दल में मुख्य रूप से जम्मू और कश्मीर राइफल्स की एक बटालियन के अलावा अन्य शाखाओं और सेवाओं के कर्मियों का प्रतिनिधित्व भी है। वहीं, 90 कर्मियों वाले फ्रांसीसी दल का प्रतिनिधित्व 13 वीं विदेशी सेना हाफ-ब्रिगेड (13 वीं डीबीएलई) के कर्मी करेंगे।

## दोनों देश रणनीति, तकनीक और प्रक्रिया साझा करेंगे

*रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह अभ्यास दोनों सेनाओं के लिए सामरिक अभ्यासों का पूर्वाभ्यास और परिशोधन करने, रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं (टीटीपी) में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के अलावा सैन्य प्रौद्योगिकियों सहित नई पीढ़ी के उपकरणों पर प्रशिक्षण के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। यह दोनों सेनाओं के बीच शारीरिक सहनशक्ति, टीम भावना, आपसी सम्मान और पेशेवर सौहार्द को भी बढ़ावा देगा। 'शक्ति' का यह संस्करण भारत और फ्रांस के बीच सैन्य-से-सैन्य संबंध और परिचालन समन्वय को गहरा करता है, जो उनकी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के साथ संरेखित है।*

### दोनों देशों के बीच द्विवार्षिक प्रशिक्षण जुड़ाव

रक्षा मंत्रालय के अनुसार संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति भारतीय और फ्रांसीसी सेनाओं के बीच एक द्विवार्षिक प्रशिक्षण जुड़ाव है। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करना है। यह अभ्यास भारत और फ्रांस के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग को उजागर करेगा। द्विवार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास 'शक्ति', संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय सात के तहत उप-पारंपरिक वातावरण में संयुक्त संचालन पर केंद्रित है, जिसमें अर्ध-शहरी इलाकों में प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### प्रो. चंद्रकासन एमआईटी के नए 'प्रोवोस्ट' नियुक्त



**न्यूयार्क।** अमेरिका के प्रतिष्ठित मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने प्रो. अनंथा चंद्रकासन को अपना नया 'प्रोवोस्ट' नियुक्त किया है। वह इस पद को संभालने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी बन गए हैं। चेन्नई में जन्मे प्रो. चंद्रकासन इस समय एमआईटी के 'चीफ इनोवेशन एंड स्ट्रेटेजी ऑफिसर' और 'डीन ऑफ इंजीनियरिंग' हैं। वह एक जुलाई से नया कार्यभार संभालेंगे। एमआईटी अध्यक्ष सैली कॉर्नब्लुथ ने बताया कि चंद्रकासन को उत्कृष्ट आंतरिक उम्मीदवारों के एक समूह में से चुना गया है।

### वॉट्सएप पर कुछ हिस्सों में अब दिखाई देंगे विज्ञापन



**कैलिफोर्निया।** लोकप्रिय मैसेजिंग एप वॉट्सएप ने कहा कि अब उपयोगकर्ताओं को एप के कुछ हिस्सों में विज्ञापन दिखाई देंगे। ये विज्ञापन एप के 'अपडेट टैब' में ही दिखाई देंगे, जिसे हर दिन 1.5 अरब लोग इस्तेमाल करते हैं। विज्ञापन व्यक्तिगत चैट में दिखाई नहीं देंगे। वॉट्सएप के मालिकाना हक वाली कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स इस मैसेजिंग सेवा का उपयोग करने वाले करोड़ों लोगों का इस्तेमाल करके कमाई का एक नया स्रोत बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। हालांकि संदेश भेजने के अनुभव में बदलाव नहीं होगा।

### ह्यूस्टन में अंतराष्ट्रीय योग दिवस का जश्न शुरू



**ह्यूस्टन।** अमेरिका के ग्रेटर ह्यूस्टन इलाके में पार्क से लेकर सामुदायिक केंद्रों में 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 50 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इंडिया हाउस और कई अन्य सहयोगी संगठनों के साथ मिलकर ये कार्यक्रम आयोजित किए हैं। कार्यक्रम 14 जून को शुरू हुए और 30 जून तक आयोजित होंगे जिसमें सभी आयु और वर्गों के लिए योग सत्र और वर्चुअल कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। 20 जून को मुख्य कार्यक्रम में पद्म भूषण डॉ. डेविड फ्रॉली (पंडित वामदेव शास्त्री) रहेंगे।

### विमान हादसाः तीसरी मंजिल से कूदे थे छात्र



**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण चपेट में आए मेडिकल हॉस्टल से छात्रों के कूदने का डरावना वीडियो सामने आया है। इन वीडियो में छात्र हॉस्टल की तीसरी मंजिल से चादर और बालकनी में लगी लोहे की जाली से कूद रहे हैं। बता दें, 12 जून को हुए इस हादसे के दौरान विमान में सवार 242 लोगों में से 241 लोगों की मौत हो गई। वहीं मेडिकल हॉस्टल पर विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण हॉस्टल और आसपास मौजूद तकरीबन 30 लोग भी इस हादसे का शिकार हुए हैं।

दिल्ली पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

# अवैध रूप से रह रहे 36 बांग्लादेशी पकड़े गए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नॉर्थ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की फॉरेंसिक सेल की टीम ने अवैध रूप से रह रहे 36 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ने में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए लोगों में कुल 19 वयस्क और 17 बच्चे शामिल हैं। पुलिस को यह सफलता भारत नगर थाना इलाके के वजीरपुर जेजे कॉलोनी में खुफिया जानकारी और सतत निगरानी के आधार पर अंजाम दी गई कार्रवाई में मिली। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों के पास से 13 बांग्लादेशी पहचान-पत्र और प्रतिबंधित आईएमओ एप इंस्टॉल किए हुए 07 मोबाइल फोन भी बरामद हुए। डीसीपी भीष्म सिंह ने कहा कि यह अभियान राजधानी दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ चल रही व्यापक कार्रवाई का हिस्सा है। जिले की फॉरेंसिक सेल की टीम को भारत नगर इलाके के वजीरपुर जेजे कॉलोनी में अवैध रूप से रह रहे कुछ विदेशी नागरिकों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिली थी।

### 25 फुटपाथों और 32 गलियों की ली तलाशी

*टीम ने 13 जून को वजीरपुर जेजे क्लस्टर में गहन तलाशी अभियान के दौरान लगभग 25 फुटपाथों और 32 गलियों में तलाशी ली। जांच के दौरान एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा गया। शुरुआत में उसने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाया। सख्त पूछताछ के बाद उसने स्वीकार किया कि वह बांग्लादेशी नागरिक है और भारत में अवैध रूप से रह रहा है। उसकी निशानदेही पर एक-एक करके अन्य संदिग्धों की पहचान की गई और उन्हें भी पकड़ लिया गया। सभी बांग्लादेशी नागरिक फॉरेनर्स एक्ट का उल्लंघन करते हुए बिना वैध वीजा या ट्रैवल डॉक्यूमेंट के भारत में रह रहे थे।*

### हरियाणा के मेवात से भाग कर आए थे

पुलिस पूछताछ में यह सामने आया कि ये लोग पहले हरियाणा के मेवात जिले में एक ईंट भट्ठे में काम करते थे, लेकिन हरियाणा पुलिस की कार्रवाई के डर से वहां से फरार हो गए। तब से ये लगातार स्थान बदलते हुए दिल्ली के विभिन्न फुटपाथों पर रह रहे थे और हाल ही में स्थानीय आबादी में घुलने-मिलने के लिए किराए पर अपने ठिकाने की तलाश में थे। पकड़े गए सभी बांग्लादेशी नागरिकों को वापस उनके देश भेजे जाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

जी7 देश के नेताओं ने इजराइल का समर्थन किया, कहा

# ईरान क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का स्रोत परमाणु हथियार बनाने की नहीं देंगे मंजूरी

*जी7 देश के नेताओं ने कहा है कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। हम इजराइल की सुरक्षा के लिए अपना समर्थन दोहराते हैं। हम नागरिकों की सुरक्षा के महत्व की भी पुष्टि करते हैं। जी7 ने सभी पक्षों से गाजा में युद्ध विराम और तनाव कम करने की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया है*

एजेंसी ▶▶ ओटावा

इजराइल-ईरान में पिछले पांच दिनों से संघर्ष जारी है। इस तनाव के बीच मंगलवार को ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) देशों के नेताओं ने मिडिल-ईस्ट में शांति और स्थिरता के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की है। इसके साथ ही इजराइल के आत्मरक्षा के अधिकार को सपोर्ट किया है। शिखर सम्मेलन से जारी एक संयुक्त बयान में, जी7 नेताओं ने ईरान को क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का 'मुख्य स्रोत' बताया है। उन्होंने ईरान को कभी भी परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी पक्षों से गाजा में युद्ध विराम और तनाव कम करने की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया है।

बयान में कहा गया है कि हम जी7 के नेता, मिडिल-ईस्ट में शांति और स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। इस संदर्भ में, हम पुष्टि करते हैं कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। हम इजराइल की सुरक्षा के लिए अपना समर्थन दोहराते हैं। हम नागरिकों की सुरक्षा के महत्व की भी पुष्टि करते हैं। ईरान क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का मुख्य स्रोत है। हमारा स्पष्ट मत है कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। इसके साथ हम ये भी आग्रह करते हैं कि ईरानी संकट का समाधान हो जिससे मिडिल ईस्ट में तनाव कम हो। हम गाजा में भी युद्धविराम चाहते हैं। बयान में बढ़ते तनाव के बीच उर्जा बाजार की स्थिरता को बनाए रखने के लिए जी7 की कार्रवाई करने की तत्परता को भी रेखांकित किया गया है।

### खास बातें

- जी7 ने मिडिल-ईस्ट में शांति और स्थिरता का किया समर्थन
- गाजा में युद्ध विराम और तनाव कम करने की अपील भी की



### ईरान समझौता करे तो टल सकता है संकटः ट्रंप

ट्रंप ने कनाडा में जारी जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर वाशिंगटन रवाना होने से पहले सोमवार रात को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ एक संदेश में लिखा कि ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। ट्रंप ने दोहराया है कि अगर ईरान संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर सहमत होता है, तो वर्तमान संकट से बचा जा सकता था।

### 20 देशों की संघर्षविराम की अपील

*20 देशों ने एक संयुक्त बयान जारी कर पश्चिम एशिया में तनाव कम करने और ईरान-इजराइल में संघर्षविराम की अपील की है। जिन देशों ने यह अपील की है, उनमें अल्जीरिया, बहरीन, ब्रुनेई, चाड, कोमोरोस, जिबूती, मिस्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, लीबिया और मॉरीतानिया ने सैन्य तरीके से विवाद का हल ढूंढने को खारिज कर दिया।*

### तेहरान खाली होने लगा

ट्रंप की चेतावनी के बाद तेहरान का पुराना इलाका मंगलवार सुबह से ही खाली होने लगा और कई दुकानें बंद रहीं। शहर का प्राचीन 'ग्रैंड बाजार' भी बंद रहा। ऐसा पहले सिर्फ सरकार विरोधी प्रदर्शनों या कोरोना वायरस महामारी के चरम पर ही हुआ था। तेहरान से पश्चिम की ओर जाने वाली सड़कों पर यातायात जाम की स्थिति देखी गई। कई लोग कैस्पियन सागर क्षेत्र की ओर जाते दिखाई दिए। तेहरान में पेट्रोल पंपों पर भी लंबी कतारें देखी गईं।

### इजराइल के उत्तरी गोलान में ड्रोन्स और रॉकेट हमले

*इस तनाव के बीच दोनों देशों ने एक-दूसरे के खिलाफ मिसाइल और ड्रोन्स का इस्तेमाल किया है। इजराइल के उत्तरी गोलान इलाके में ईरान की तरफ से ड्रोन्स और मिसाइल हमले किए गए हैं। इसके चलते वहां एयर सायरन सुनाई दिए। सेंट्रल इजराइल में भी ईरान की तरफ से हवाई हमला किया गया।*

### इजराइली हमले में 224 नागरिकों की मौत

*भारत में स्थित ईरानी दूतावास ने एक बयान जारी कर बताया कि इजराइली हमले में 224 नागरिक मारे गए हैं, जिनमें महिलाएं बच्चे भी शामिल हैं। साथ ही 1257 लोग घायल हुए हैं। वहीं, ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर 370 से ज्यादा मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे हैं।*

रूस ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की रणनीति बदली

# अब फाइटर जेट से नहीं लंबी दूरी के ड्रोन से करेगा हमला

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की रणनीति बदल दी है। रूस अब यूक्रेन पर हमला करने के लिए फाइटर जेट का इस्तेमाल नहीं करेगा।

इसके लिए रूस हर महीने 2700 शाहेद ड्रोन बना रहा है। यूक्रेन की रक्षा खुफिया एजेंसी (एचयूआर) का कहना है कि मई 2025 तक रूस प्रतिमाह लगभग 5000 लंबी दूरी के ड्रोन का उत्पादन कर रहा है, जिनमें से आधे (लगभग 2700) शाहेद-136 हमलावर ड्रोन हैं और बाकी नकली ड्रोन हैं जो हवाई रक्षा प्रणालियों को भटकाने और टोही के लिए उपयोग किए जाते हैं।



### हवाई चकमा देने में सक्षम

*रूस ने इन हमलों में नकली ड्रोनों का भी उपयोग शुरू किया है, जो सस्ते सामग्रियों से बने होते हैं और यूक्रेन की हवाई रक्षा को चकमा देने के लिए डिजाइन किए गए हैं। रूस के तातारस्तान क्षेत्र में येलाबुगा शहर के अलाबुगा विशेष आर्थिक क्षेत्र में शाहेद ड्रोन का उत्पादन होता है।*

### शाहेद ड्रोन की खासियत

*इसमें डेल्टा-विंग यानि तीन पंखे लगे होते हैं। यह एकल-उपयोगी ड्रोन है, जो आत्मघाती हमले के लिए बनाया गया है। इसकी लंबाई लगभग 3.5 मीटर, पंखों का फैलाव 2.5 मीटर है। यह 200-250 किलोग्राम वजन उठाने में सक्षम है, जिसमें 40-50 किलोग्राम का विस्फोटक वारहेड शामिल है। इसे बनाने में सस्ती सामग्री जैसे फाइबरग्लास और प्लाईवुड का उपयोग किया जाता है। जिसके चलते रडार इसे आसानी से ट्रैस नहीं कर पाता।*

चरमपंथी तत्वों की आवाजाही पर रोक

# असम के कछार में भारत-बांग्लादेश सीमा पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए



एजेंसी ▶▶ सिलचर

चरमपंथी तत्वों की संभावित आवाजाही को विफल करने और वस्तुओं एवं मवेशियों के अनधिकृत परिवहन को रोकने के लिए असम के कछार जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए। जिला आयुक्त मृदुल यादव ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत प्रतिबंध लगाए हैं। सीमा से सटे क्षेत्रों के रास्ते वस्तुओं एवं मवेशियों के अनधिकृत परिवहन को रोकने के लिए जारी किया गया है। तत्काल प्रभाव से लागू होने वाले इस आदेश में जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के साथ एक किलोमीटर के क्षेत्र में सूर्यास्त और सूर्योदय के बीच व्यक्तियों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पांच किलोमीटर के क्षेत्र में सूर्यास्त और सूर्योदय के बीच चीनी, चावल, गेहूं, खाद्य तेल, मिट्टी के तेल और नमक सहित प्रमुख आवश्यक वस्तुओं के परिवहन पर सख्ती से रोक लगाई गई है।

पाक सेना प्रमुख का गालियों से हुआ स्वागत




# यूएस में प्रदर्शनकारियों ने सामूहिक हत्यारा, गीदड़ और तानाशाह कह कर की हूटिंग

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर को कुछ प्रदर्शनकारियों ने सामूहिक हत्यारा, गीदड़ और तानाशाह कह कर उनकी हूटिंग की। प्रदर्शनकारियों ने वाशिंगटन के एक होटल में पहुंचने पर मुनीर के खिलाफ अपशब्दों का भी इस्तेमाल किया और उनसे पाकिस्तान को मुक्त करने के नारे लगाए। दरअसल कुछ पाकिस्तान लोगों द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में मुनीर के काफिले को वाशिंगटन के फोर सीजन होटल में पहुंचते हुए दिखाया गया है। वीडियो में प्रदर्शनकारियों का एक ग्रुप असीम मुनीर को घेरने की कोशिश करने लगता है।

### मुनीर, पाकिस्तान को फ्री करो

*जैसे ही मुनीर होटल के बाहर पहुंचे, प्रदर्शनकारियों ने मुनीर की हूटिंग शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों में से एक ने चिल्ला कर कहा कि शर्म करो, हमें तुम पर शर्म आती है, मुनीर तुम पाकिस्तान को फ्री करो। पाकिस्तान में लोगों की सरकार होना चाहिए। जब एक अधिकारी उसे रोकने आया, तो प्रदर्शनकारी ने कहा कि यह सार्वजनिक संपत्ति पर खड़ा है। उसने आगे कहा कि मेरे पास बोलने की आजादी है। गीदड़, गीदड़, गीदड़। शर्म, शर्म, शर्म।*

### हम मुनीर का शिकार करने आए हैं

लोगों ने कहा कि हम असीम मुनीर का शिकार करने के लिए यहां हैं। यह वाशिंगटन का फोर सीजन होटल है। हम उन्हें बता रहे हैं कि उन्होंने पाकिस्तान के साथ क्या किया है। वीडियो में 'सामूहिक हत्यारा' संदेश वाली स्क्रीन भी दिखाई गई। यह पहला मौका नहीं है जब पाकिस्तान से आए किसी अधिकारी या नेता को इस तरह की घनघोर बेइज्जती का सामना करना पड़ा हो।

असम में ओएनजीसी के कुएं में गैस रिसाव का मामला

# स्थानीय निवासियों को सुरक्षित निकाला, राहत और सहायता जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने गैस रिसाव को नियंत्रित करने के लिए असम में ओएनजीसी की कुएं नियंत्रण गतिविधियों की समीक्षा की और अपडेट लिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुएं में उच्च दबाव के कारण पिछले चार दिनों से गैस का प्रवाह जारी है। स्थानीय निवासियों को पहले दिन ही तुरंत निकाल लिया गया था और उन्हें सभी तरह की राहत और सहायता प्रदान की जा रही है। ओएनजीसी के अन्य कार्य केंद्रों से सक्षम कर्मियों को लाया गया है और आग पर काबू पाने के लिए, उच्च क्षमता वाले फायर पंप, फ्रैक पंप, मड आदि सभी का इस्तेमाल किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने कुआ नियंत्रण गतिविधियों की समीक्षा की

उच्च दबाव के कारण कुए में चार दिनों से गैस का प्रवाह जारी



### जल्द नियंत्रण का प्रयास

कंपनी ने कहा कि भूवैज्ञानिक चुनौतियां तेल और गैस संचालन में अंतर्निहित होती हैं। भारत की प्रमुख ऊर्जा कंपनी के रूप में ओएनजीसी कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करती है। ओएनजीसी गैस रिसाव को जल्द से जल्द पूरी तरह से नियंत्रण में लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

### 'जंक पंपिंग' जैसे हाई टेक मेथड का इस्तेमाल कर रहे

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 'जंक पंपिंग' जैसे हाई टेक मेथड का भी इस्तेमाल किया जा रहा है और ओएनजीसी के अधिकारी अंतरराष्ट्रीय विदेशी विशेषज्ञों के साथ लगातार संपर्क में हैं। आग को रोकने और शीतलन प्रभाव के लिए लगातार पानी की व्यवस्था की जा रही है। ओएनजीसी ने कुआ आरडीएस147 में गैस रिसाव को रोकने के लिए अपनी सबसे अनुभवी संकट प्रबंधन टीम (सीएमटी) को तैनात किया है।

### प्रभावितों के स्वास्थ्य की चिंता की

ओएनजीसी ने घटना के बाद जिला प्रशासन के साथ मिलकर प्रभावित परिवारों को सुरक्षित निकालने का काम किया। साथ ही लोगों के लिए सुरक्षित आश्रय, पौष्टिक भोजन, स्वच्छ पेयजल और आवश्यक दैनिक आपूर्ति सुनिश्चित की गई। ओएनजीसी ने सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अपने इमरजेंसी रिस्पॉन्स के तहत डॉक्टरों और आवश्यक दवाओं से लैस चौबीसों घंटे निःशुल्क चिकित्सा शिविर स्थापित किए हैं।

## अब तक 11 घोड़े मृत, पशु चिकित्सकों की निगरानी में हो रहा इलाज

# हैदराबाद से आए एक और घोड़े की मौत



जबलपुर।

हैदराबाद से जबलपुर लाए गए 11वें घोड़े की मौत हो गई। पशु चिकित्सकों के मुताबिक उसे गुर्दे की बीमारी थी। इस तरह हैदराबाद से लाए गए 57 घोड़ों में से अब तक 11 घोड़ों की मौत हो चुकी है। अब सिर्फ 46 घोड़े बचे है. जिन्हे पशु चिकित्सा विभाग की निगरानी में रखा गया है। इस मामले को लेकर जबलपुर निवासी सिमरन ईसर ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है। जिसमें घोड़ों को सुरक्षित स्थान पर रखने की मांग की गई है। इस याचिका पर जनसुनवाई हो सकती है।

बताया गया है कि रायपुर निवासी सचिन तिवारी ने 29 अप्रेल से 3 मई के बीच हैदराबाद से ट्रक में 57 घोड़े जबलपुर पहुंचाए थे। इन घोड़ों को ग्राम रैपुरा पनागर में रखा गया था। जहां पर 5 मई से 13 मई के बीच करीब 8 घोड़ों की मौत हो गई थी, इसके बाद हड़कम्प मचने पर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आया और जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर घोड़ों का इलाज शुरु कर दिया। यहां तक कि सभी घोड़ों के ग्लैंडर्स सैंपल लेकर हरियाणा स्थित हिसार के राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र भेजे गए है।

बताया जाता है कि सिर्फ एक घोड़े की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अब तक जितने भी घोड़ों की मौत हुई है, उन्हें डॉक्टरों की निगरानी में रैपुरा गांव के बाहर दफनाया गया है। इस बीच मंगलवार को जिस घोड़े की मौत हुई है वह लम्बे समय से बीमार था, उसने पैरालिसिस व सीवियर कोलिक गुर्दे की गंभीर बीमारी थी, जिसके चलते वह दर्द से कराहता रहा। उसकी ग्लैंडर्स रिपोर्ट नेगेटिव आई थी। इसके बाद भी उसकी मौत हो गई। उसे गुर्दे की बीमारी थी। जिसे डाक्टरों की उपस्थित में गढ्डा खोदकर दफना दिया गया। गौरतलब है चार दिन पहले जिस घोड़े की मौत हुई है, उसे लेमिनाइटिस नामक बीमारी थी, जिसमें खुर के अंदर सूजन आ जाती है और वह चलने फिरने में असमर्थ हो जाता है। इस घोड़े की ग्लेंडर रिपोर्ट पाजिटिव आई थी।

# होटल पसरीचा के हॉल में जुआ के फड़ पर छापा

## 7 जुआड़ियों से 4 लाख से अधिक जब्त



**जबलपुर।** शहर से दूर शादी विवाह समारोह के लिए रिसोर्टनुमा होटल पसरीचा में जमे जुए के फड़ पर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय की स्पेशल टीम ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारा, यहां शहर के सात नामचीन लोग जुआ खेलते हुए पकड़ा। पुलिस ने मौके से 4 लाख 2 हजार 300 रुपए और ताश पत्ती जब्त किए है। बताया गया है कि मुखबिर से डायरेक्टर पुलिस अधीक्षक को होटल पसरीचा में जुए के फड़ जमे होने की सूचना मिली थी, जिसकी उन्होंने तस्दीक कराने के बाद कंट्रोलरुम प्रभारी सतीश झारिया, धनवंतरी नगर चौकी प्रभारी दिनेश कुमार गौतम, गोराबाजार थाना प्रभारी टेकचंद शर्मा, के नेतृत्व में पुलिस बल ने होटल पसरीचा में अंदर खाना खाने वालें हाल में दबिश दी। यहां 7 जुआड़ियों अर्जुन मूलचंदानी उम्र 65 वर्ष निवासी रांझी मेन रोड़, सतीश शर्मा उम्र 48 वर्ष निवासी रामपुर छापर थाना गोरखपुर, भरत मृगनानी उम्र 35 वर्ष निवासी पुष्पकुंज कालोनी गोरखपुर, शैलेश चौरसिया उम्र 61 वर्ष नर्मदा रोड़ आदित्य कालोनी गोरखपुर, अनिल शर्मा उम्र 70 वर्ष निवासी जेडीए कालोनी रांझी, भूपेन्द्र सिंह उम्र 65 वर्ष निवासी अनंतारा तिलहरी गोराबजार, मनीष सोनी उम्र 56 वर्ष निवासी गढ़ा फाटक जुआ खेलते हुए पकड़े गए। ड़ से ताश पत्ते एवं 4 लाख 2 हजार 300 रूपये जप्त किए गए। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

जुआड़ियों को पकड़ने में कन्ट्रोल रूम प्रभारी सतीष झारिया के निर्देशन में चौकी प्रभारी धनवंतरी नगर उप निरीक्षक दिनेश गौतम, चौकी प्रभारी गौर उप निरीक्षक टेकचंद शर्मा, सहायक उप निरीक्षक सोमनाथ, आरक्षक विनय एवं, चौकी धनवंतरीनगर के आरक्षक रजनीश यादव तथा थाना गोरखपुर के आरक्षक अजय भारद्वाज तथा कन्ट्रोलरूम की टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# भारी मात्रा में अवैध शराब सहित चार पहिया वाहन बरामद



**जबलपुर।** अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय,संग्रहण एवं परिवहन प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशन में सहायक आबकारी आयुक्त संजीव कुमार दुबे और आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी परमानंद कोरचे के नेतृत्व में रात्रि कालीन गस्त के दौरान बरेला के वार्ड नम्बर 2 के किसानी मोहल्ला में प्राप्त सूचना के आधार पर वाहन क्रमांक MP20ZG2214 सफेद रंग की मारुती स्विफ्ट डिज़ाइर कार में रखी 22 पेटी देसी मदिरा मसाला एवं 18 पेटी देसी मदिरा प्लेन कुल 40 पेटी देसी मदिरा, मात्रा 360.0 बल्क लीटर देशी मदिरा बरामद कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधन (2000) की धारा 34(1) क एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।प्रकरण में बरामद मदिरा का मूल्य 01 लाख 83 हजार रूपये एवं वाहन का मूल्य लगभग 7 लाख रूपये है। कार्रवाई के दौरान प्रवीण रतन वरकडे, जिनेंद्र कुमार जैन एवं आबकारी उप निरीक्षक, रमेश कुशराम आबकारी मुख्य आरक्षक, अनुराग शर्मा एवं भूपेंद्र मरावी आबकारी आरक्षक उपस्थित रहे।

## शराब दुकानों पर चस्पा किये गये क्यूआरकोड

**जबलपुर।** शराब दुकानदारों द्वारा मनमानी कीमत वसूले जाने की शिकायतों पर लगाम लगाने जिले की सभी 143 शराब दुकानों पर क्यू आर कोड चस्पा किये गये हैं। शराब के खरीददार दुकानों पर लगे क्यूआरकोड को स्कैन कर न केवल देशी-विदेशी मदिरा का न्यूनतम और अधिकतम विक्रय मूल्य जान सकेंगे बल्कि इसके माध्यम से शराब की कीमत भी अदा कर सकेंगे। सहायक आयुक्त आबकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शराब दुकानों पर लगाये गये क्यूआरकोड में सभी किस्म और ब्रांड की शराब की शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम और अधिकतम विक्रय मूल्य दर्ज किया गया है। उपभोक्ता क्यूआरकोड को स्कैन कर देशी और विदेशी मदिरा, बियर एवं वाइन के न्यूनतम और अधिकतम विक्रय मूल्य जान सकेंगे तथा खरीदी गई शराब की कीमत क्यूआरकोड की मदद से चुका सकेंगे। सहायक आयुक्त आबकारी

# कृषि अधिकारियों ने किया उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

**विक्रेताओं ने बंद की दुकानें**



**जबलपुर।** किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा आज मंगलवार को सिहोरा विकासखंड के अंतर्गत उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि अधिकारियों की टीम सबसे पहले अभिषेक ब्रदर्स का निरीक्षण करने पहुँची। इसकी जानकारी मिलते ही सिहोरा स्थित सभी उर्वरक विक्रेताओं द्वारा अपने प्रतिष्ठान बंद कर लिये गये। निरीक्षण के दौरान अभिषेक ब्रदर्स में स्टॉक रजिस्टर एवं कैश मेमो न पाए जाने पर संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा जवाब संतुष्ट न पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी दी गई। साथ ही गुणवत्ता परीक्षण के लिए डीएपी दानेदार सुपर फॉस्फेट एवं पाउडर सुपर फॉस्फेट के नमूने भी लिए गए।

उप संचालक कृषि के अनुसार निरीक्षण की जानकारी लगने पर आयुष फर्टिलाइजर, आशा ट्रेडर्स, पी के कृषि केंद्र एवं सिद्धि विनायक ट्रेडर्स के संचालकों द्वारा अपनी-अपनी दुकानें बंद कर ली गईं थी। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में क्षेत्र के उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का पुनः निरीक्षण किया जाएगा। यदि इस दौरान भी प्रतिष्ठान बंद पाये जाते हैं तो उनके लाइसेंस निलंबन करने की कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी रश्मि मोदी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जे एस राठौर एवं ए एल अहिरवार मौजूद रहे।

## विधि छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम के द्वितीय बैच का शुभारंभ

**जबलपुर।** मंगलवार को मप्र सहित अन्य राज्यों के विधि महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं हेतु 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम के द्वितीय बैच का शुभारंभ किया गया।मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा के मार्गदर्शन व सदस्य सचिव प्रदीप मित्तल के निर्देशन में इंटर्नशिप होगी। ओरियेटेंशन सत्र के दौरान सदस्य सचिव प्रदीप मित्तल, अतिरिक्त सचिव अरविंद श्रीवास्तव, उप सचिव अनिरूद्ध जैन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शक्ति वर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी प्रदीप सिंह ठाकुर व दिग्विजय सिंह उपस्थित रहे। इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत विधि छात्रों को मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ-साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विभिन्न शासकीय विभागों, किशोर न्याय बोर्ड इत्यादि का भ्रमण कराया जाएगा। इंटर्न्स को उक्त संस्थाओं की कार्यप्रणाली व संबंधित नियम एवं कानूनों की जानकारी प्रदान की जाएगी।

## नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

**जबलपुर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार कक्षा 9वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक/पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति (वार्षिक पारिवारिक आय-सीमा राशि रूपये 2.50 लाख से कम) का लाभ प्राप्त होता है। उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य है। विद्यार्थियों द्वारा एक बार ओटीआर नबंर प्राप्त कर लिये जाने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा, जिसके लिये पृथक से पुनः ओटीआर की आवश्यकता नहीं होगी।

## ओबीसी को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण दिए जाने की मांग पर सुनवाई स्थगित

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण दिए जाने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई 8 सितंबर तक स्थगित कर दी। दरअसल, राज्य शासन की ओर से बताया गया कि इस मामले में उठाया गया मुद्दा सुप्रीम कोर्ट लंबित याचिका का विषय है। इस पर एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने सुनवाई स्थगित कर दी।एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एंड सोशल जस्टिस की ओर से दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल 2025 को सरकार को जवाब के लिए अंतिम अवसर दिया था। सरकार की ओर से बताया गया कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। सरकार की ओर से निवेदन किया गया कि हाईकोर्ट इस याचिका की सुनवाई नहीं करे। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह, परमानंद साहू और उदय कुमार ने पक्ष रखा।

# जलप्लावन को लेकर महापौर ने की मैराथन बैठक

**अतिक्रमण कर वर्षा जल निकासी की व्यवस्था को अवरूद्ध करने वालों के विरूद्ध होगी कड़ी कार्रवाई**



**जबलपुर।** जलप्लावन को लेकर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की और सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षाऋतु के दौरान कहीं पर भी जलप्लावन की स्थिति निर्मित न हो इसकी तैयारी अभी से मजबूती के साथ रखें। महापौर ने बैठक के दौरान कहा कि बड़े नाला-नालियों की सफाई 20 जून तक हरहाल में पूरा करें और संभावित जलप्लावन वाले क्षेत्रों में वर्षा जल निकासी की व्यवस्था वैकल्पिक रूप से भी बनाकर रखें।

बैठक के दौरान महापौर श्री अन्नू ने स्वास्थ्य अमले को यह भी निर्देशित किया कि वर्षा जल निकास की व्यवस्था को अवरोध करने वाले सभी अतिक्रमणकारियों को चिन्हित करें और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती रजनी कैलाश साहू, निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव, अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, धर्मेन्द्रराज, पोला राव, अर्जुन यादव के साथ सभी मुख्य स्वच्छता निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

## धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**जबलपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी देवरथ सिंह की कोर्ट ने धोखाधड़ी के परिवाद पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। थाना हनुमानताल को निर्देशित किया कि वे अनावेदक तनवीरूद्दीन अंसारी व पत्नी शगुफ्ता अंसारी के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 420 सहपठित धारा 120बी के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करें। आवेदिका हुस्ना बानो की ओर से परिवाद दायर कर मकान विक्रय के नाम पर 7 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया । अधिवक्ता श्रीकांत विश्वकर्मा ने कोर्ट को बताया कि झूठा अनुबंध बनाकर आवेदिका को न तो रजिस्ट्री की गई और न ही धन राशि वापस की गई। कई बार चेक दिए गए, जो ओवरराइटिंग के कारण बैंक से अनादरित हो गए।प्रकरण में पुलिस द्वारा प्रारंभिक स्तर पर कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण न्यायालय में धारा 156(3) दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया। तर्कों और साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी को सत्य मानते हुए एफ.आई.आर. दर्ज करने का आदेश पारित किया।

## फिलहाल छुटपुट वर्षा के आसार

# गुरूवार तक होगा मानसून सक्रिय

**जबलपुर। मानसून का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। मंडला, डिंडौरी तक मानसून पहुंच चुका है एक-दो दिनों में बारिश की संभावना बन जायेगी। मौसम विभाग की माने तो कहीं-कहीं अभी वर्षा हो सकती है। मंगलवार को सुबह से मौसम शुष्क रहा। दोपहर 1 बजे तक बादलों की आवा-जाही बनी रही और हल्की वर्षा हुई। बारिश थमते ही उमस बढ़ने लगी थी। मौसम विभाग के मुताबिक फिलहाल स्थानीय बादलों की वजह से प्री-मानसूनी बौछारें पड़ सकती हैं।**



मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में पूरे मप्र में मानसून सक्रिय हो जाएगा। पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर मानसून की सक्रियता बनी हुई है। जबकि पूर्वी मध्यप्रदेश के जिले मानसून का इंतजार कर रहे हैं। बादलों की वजह से उमस रही, वहीं तापमान औसत से ऊपर बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार हवा में नमी बढ़ने से प्री-मानसून की गतिविधियां बढ़ गई हैं। मंडला, डिंडोरी, भोपाल, विदिशा, शहडोल के कुछ इलाकों में मानसून पहुंच गया है। चक्रवात की वजह से कहीं कहीं बारिश हो सकती है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि मानसून अभी पश्चिमी मप्र में सक्रिय है। 19-20 जून तक जबलपुर में प्रवेश कर सकता है। अभी बंगाल की खाड़ी में ही हवायें सक्रिय हैं। मानसून को आगे बढ़ने में दो-तीन दिन का समय लग सकता है। जहां तक आसमान में हवा के कम दबाव का क्षेत्र है, वह स्थानीय बादलों से ही बन रहा है। इसलिए फिलहाल छुटपुट वर्षा ही हो सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 68 प्रतिशत और सायंकाल 70 प्रतिशत आंकी गई। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ छुटपुट वर्षा हो सकती है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 36.8 और न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मंगलवार को दोपहर में 4.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 11.4 मिली मीटर दर्ज की गई।

# जिले में मत्स्याखेट पर प्रतिबंध, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

जबलपुर।

वर्षा ऋतु के दौरान प्रजनन और वंशवृद्धि के दृष्टिकोण से मछलियों को संरक्षण देने के लिए कलेक्टर दीपक सक्सेना ने आदेश जारी कर 16 जून से 15 अगस्त की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया है तथा इस अवधि में जिले में स्थित सभी जल संसाधनों में सभी प्रकार के मत्स्याखेट को पूर्णतः निषिद्ध कर दिया है। मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 के प्रावधानों के तहत जारी इस आदेश में कलेक्टर श्री सक्सेना ने जिले में मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय एवं परिवहन को भी प्रतिबंधित कर दिया है। कलेक्टर द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू भी हो गया है। आदेश में कहा गया है कि इसका उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम 1981 की धारा पाँच के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकेगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों को उनके द्वारा मत्स्य परिवहन के लिये प्रयुक्त किये जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों, पशुओं, गाड़ियों (कार्ट), जलयानों, बैलों (रैक्टस) एवं नौकाओं को अधिग्रहित करने की चेतावनी भी दी गई है। आदेश में नागरिकों से आग्रह भी किया गया है कि इस अवधि में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट न तो स्वयं करें और न ही इस कार्य में अन्य को सहयोग दें। छोटे तालाब या अन्य मत्स्याखेट जिनका संबंध किसी नदी या नाले से नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, उनके लिए यह लागू नहीं होगा।

### मां को देखते ही लिपट गई मासूम, पिता पर जबरन ले जाने का लगा है आरोप

# पिता राहुल हाई कोर्ट के निर्देश पर बच्ची को लेकर पहुंचे

- पत्नी मेधा गांधी से मतभेद दूर करने एक सप्ताह का समय दिया गया
- कोर्ट की टिप्पणी- बच्ची के लालन-पालन के लिए माता-पिता, दोनों आवश्यक

हरिभूमि जबलपुर।

पूर्व निर्देश के पालन में रीवा रोड, सतना निवासी राहुल गांधी अपनी बच्ची को लेकर मंगलवार को मप्र हाईकोर्ट के समक्ष हाजिर हुए। बच्ची वहां मौजूद अपनी मां को देखते ही लिपट गई। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले की संवेदनशीलता के मद्देनजर अपनी टिप्पणी में कहा कि बच्ची के लालन-पालन के लिए माता-पिता, दोनों आवश्यक हैं। लिहाजा, राहुल गांधी को अपनी पत्नी मेधा गांधी से मतभेद दूर करने के लिए एक सप्ताह का समय प्रदान किया जाता है। मामले की अगली सुनवाई 23 जून को होगी।



रीवा रोड, सतना निवासी मेधा गांधी ने यह बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है। उनका आरोप है कि पति राहुल गांधी से विवाद चल रहा है। इसी कारण वे साढ़े तीन वर्षीय बच्ची के साथ अलग रहती थीं। याचिकाकर्ता का दावा है कि वह अपनी बच्ची के साथ 20 मार्च को बाजार गई हुई थी। कार में बच्ची बैठी हुई थी और वह कुछ सामान लेने दुकान चली गई थी। इसी दौरान पति राहुल बच्ची को लेकर चला गया। बच्ची के लापता होने पर उसकी तलाश प्रारंभ की। तभी पति राहुल ने फोन कर बताया कि बच्ची उसके साथ है। जिसके बाद उसने कोतवाली थाना पहुंचकर पति द्वारा बच्ची को जबरन ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज करने के बावजूद भी पुलिस द्वारा बच्ची को तलाशने के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसके कारण उक्त बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई है। याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य शासन, गृह सचिव, एसपी सतना, थाना प्रभारी सतना कोतवाली सहित पति को हाई कोर्ट ने नोटिस जारी किए थे।

### पहले चरण में बच्ची को मां से मिलने की दी अनुमति

हाईकोर्ट ने अनावेदक पति राहुल गांधी को निर्देशित किया था कि वह अगली सुनवाई के दौरान बच्ची के साथ हाईकोर्ट में उपस्थित हो। उक्त आदेश के परिपालन में पिता अपनी बच्ची के साथ हाजिर हुआ। जहां प्रथम चरण की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने मां को बच्ची से मिलने की अनुमति प्रदान की। दूसरे चरण में हुई सुनवाई के दौरान दोनों की ओर से अपने-अपने तर्क रखे गए। हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि ऐसा कोई गंभीर मुद्दा नहीं है कि जिसका निराकरण नहीं हो सकता है। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किए। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि इस दौरान बच्ची पिता की कस्टडी में रहेंगी और मां उससे मिल सकती है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आदित्य अधिकारी ने पक्ष रखा।

## चोरी गई संपत्ति वापस करने से इनकार करने का सेशन कोर्ट का फैसला खारिज

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सेशन कोर्ट सतना के उस फैसले को निरस्त कर दिया, जिसमें आवेदक को उसकी चोरी गई संपत्ति वापस करने से इनकार कर दिया गया था। जस्टिस संजय द्विवेदी की सिंगल बेंच ने कहा कि केवल आयकर विभाग की आपत्ति पर ट्रायल कोर्ट ऐसा आवेदन निरस्त नहीं कर सकती। हाईकोर्ट ने सेशन कोर्ट को आवेदक का आवेदन स्वीकार करने के निर्देश दिए। मामला 3 करोड़ रुपए कैश व 4 किलो सोना चोरी होने व पुलिस द्वारा उसे चोरों से जब्त करने से जुड़ा है। सतना के किसान श्रवण कुमार पाठक ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर पुलिस द्वारा जब्त संपत्ति वापस करने की मांग की गई थी। आवेदक ने सेशन कोर्ट के उस निर्णय को भी चुनौती दी थी जिसके तहत उसे संपत्ति लौटाने से इनकार कर दिया गया था। दरअसल, 24 मार्च 2021 को आवेदक ने सतना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी उसके घर से 3 करोड़ रुपए कैश और 4 किलो सोना चोरी हो गया है। जांच के दौरान पुलिस ने चोरों को पकड़ा और उनके पास से उक्त कैश व सोना जब्त किया। आवेदक ने उक्त संपत्ति वापस लौटाने की मांग को लेकर सतना कोर्ट में दावा पेश किया। इसी बीच आयकर विभाग ने इस मामले में कोर्ट में आवेदन पेश कर आपत्ति जब्त कराई। इस पर ट्रायल कोर्ट ने आवेदन निरस्त कर दिया।

- हाईकोर्ट ने पीड़ित का आवेदन स्वीकार करने के निर्देश दिए



### पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर की कठोर कार्यवाही की मांग

## भगवान श्री चित्रगुप्त पर प्रदीप मिश्रा की आपत्ति जनक टिप्पणी से कायस्थ समाज में रोष

**जबलपुर।** कायस्थ समाज के आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त जी के संबंध में कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा दिनांक 15 एवं 16 जून को महाराष्ट्र के किसी बीड नामक स्थान पर शिव पुराण की कथा के दौरान भगवान श्री चित्रगुप्त जी के संबंध में अभद्र अमर्यादित निंदनीय व अपमान जनक टिप्पणी कथा में वाह-वाही लूटने के उदेदश्य से की गई जिससे देश के समस्त कायस्थजन आहत हैं एवं प्रदीप मिश्रा के इस कृत्य पर आक्रोशित है। उनके द्वारा इस प्रकार की टिप्पणी से कायस्थ समाज की भावना को ठेस पहुंचीं। यह केवल कायस्थ समाज के लिये टिप्पणी नहीं थी बल्कि पूरे हिंदू समाज की भावनाओं को भी आहत कर देने वाला कृत्य है। उक्त संदर्भ में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने जबलपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि प्रदीप मिश्रा कथा वाचक के उपर कठोर कार्यवाही की जाये।

इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ रेनू श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, युवा जिलाध्यक्ष विवेक खरे, मयंक श्रीवास्तव, भानू श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, एड. अक्षांश श्रीवास्तव, एड. रविन्द्र गुप्ता, मानवेन्द्र सिंह, अजय वर्मा, अमर चंद बावरिया, गौरव श्रीवास्तव, एड. दीपेश श्रीवास्तव, विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव, पराग श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, कपिल खरे, एड. श्रद्धा सनखेडा, सौरभ सिंह, तनुज तिवारी, अशोक श्रीवास्तव, एड. आशा श्रीवास्तव, गिरीश शुक्ला, एड. जे.पी. दुबे, एड. हरीशंकर गुप्ता, एड. राहुल ठाकुर, एड. आबार खान, आदि उपस्थित रहे।

## ब्लॉक कांग्रेस सिहोरा ने संगठन सृजन अभियान के तहत ग्रामीण जिलाध्यक्ष के चयन को लेकर की बैठक

**सिहोरा।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के मार्गदर्शन एवं बिहारी पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के संयोजन में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत यशराज होटल खितौला में कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष के चयन के संबंध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने एआईसीसी पर्यवेक्षक रवि बहादुर सिंह विधायक हरिद्वार, पीसीसी पर्यवेक्षक एवं जबलपुर के प्रभारी ठाकुर रजनीश सिंह विधायक केवलारी, राजेंद्र मिश्रा पूर्व मंत्री, निलेश जैन अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण, नित्य निरंजन खंपरिया पूर्व विधायक, कौशल्या गोटिया पूर्व मंत्री, जिला संगठन मंत्री राजकिशोर पटेल, चमन राय अध्यक्ष युवा कांग्रेस की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर पंडित केशव मिश्रा, सुबोध पांडे, बृज बिहारी पटेल, अंजू सिंह बघेल, राजेश तिवारी, रिंकू शर्मा, विजय कांति पटेल, ठाकुर विक्रम सिंह लोधी, सम्मति सैनी, रत्नेश अवस्थी, बाबा कुरैशी, जितेन्द्र श्रीवास्तव, राजेश चौबे, रमेश पटेल पार्षद, राहुल श्रीवास्तव, गणेश दाहिया, डब्बू पाठक, रुक्मणी गोटिया, घनश्याम बडगैंया, अमोल चौरसिया, आलोक पांडे, मंसूर मंसूरी, प्रकाश कुररिया आदि उपस्थित थे।



## अधिकारी अधिकार से नहीं अच्छे काम से बनता है : रश्मि अग्निहोत्री

**सिहोरा।** किसी शासकीय कार्यालय में पदस्थ अधिकारी अपने अधिकारों से नहीं बल्कि आमजन के हित में कराये गए अच्छे कामों से बड़ा बनता है जनपद पंचायत से स्थानांतरित मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऐसे अधिकारी थे जो जनपद पंचायत में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वन में कराए गए अच्छे कार्यों के लिए जाने जाते थे जिसके लिए वे हमेशा याद किए जाएंगे यह बात जनपद पंचायत अध्यक्ष मुख्य अतिथि रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री ने सिहोरा से कटनी स्थानांतरित हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेंद्र गुप्ता के विदाई कार्यक्रम में कहीं इस अवसर पर पदस्थ हुई मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशा देवी पटले का स्वागत किया गया। जनपद पंचायत सभा कक्ष में हुए कार्यक्रम में जनपद पंचायत के सभी अधिकारी कर्मचारी शामिल थे। मनरेगा की सहायक यंत्री नीलम विनोदिया, उपयंत्री मनोज श्रीवास्तव, दीपक विश्वकर्मा, प्रियंका तिवारी, लेखा अधिकारी सतीश अवस्थी, पंचायत निरीक्षक विनोद तिवारी, रामचरण पटेल, सरला यादव, सुखचैन बर्मन, पंचायत सचिव संघ अध्यक्ष प्रमोद पांडे, नर्मदा दुबे, विजय पटेल, सुदामा तिवारी, प्रदीप यादव, ने स्थानांतरित मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा पदस्थ अधिकारी का स्वागत अभिनंदन किया।



## समुदायिक भवन का किया गया भूमिपूजन

**मझौली।** शासन के द्वारा 25 लाख रुपए प्रदान की गई राशि का समुदायिक भवन का भूमिपूजन विधायक अजय बिश्नोई के द्वारा ग्राम पंचायत हटौली में किया गया। जिसमें उपस्थित विद्यया दिनेश चौरसिया, मुकेश सेन, अरविन्द पटेल, हेमंत मिश्रा, सरपंच प्रीति बबलू मांझी, उप-सरपंच विक्रम पटेल, बूथ अध्यक्ष अरविंद पटेल, कृष्ण कुमार पटेल, नवनीत राय, शिवम पटेल, जगदीश रैकवार, सोहन पटेल, चंद्राकर रैकवार, छुकन सिंह, राजु लोधी, जगदीश भुमीया, सुरज यादव, राजु लोधी, हिम्मत सिंह, कैलाश चौधरी, कल्लू रामसिंग, CEO तेज बहादुर, इंजीनियर विजय प्रकाश यादव, सचिव शंकर लाल झरिया, रोजगार सहायक सौरैया रंगरेज आदि समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।



### 13 लाख से अधिक पैसेंजरों ने किया केशलेस ट्रांजेक्शन

## पश्चिम मध्य रेल पर डिजिटल लेनदेन को मिल रहा बढ़ावा

हरिभूमि जबलपुर।

रेलवे में यात्रियों को अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक से कैशलेस ट्रांजेक्शन की सुविधा को बढ़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल द्वारा डिजिटल तकनीक के माध्यम से कैशलेस ट्रांजेक्शन को बढ़ावा दिया जा रहा है। तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में पीआरएस काउंटर्स, यूटीएस काउंटर्स एवं पार्सल कार्यालयों पर पीओएस मशीन से कैशलेस ट्रांजेक्शन किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य तरह के डिजिटल तकनीक जैसे भीम/ यूपीआई तथा मोबाइल टिकटिंग के माध्यम से भी कैशलेस ट्रांजेक्शन का उपयोग किया जा रहा है। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के पीआरएस, यूटीएस, यूटीएस कम पीआरएस एवं पार्सल के कार्यालयों में लगभग 45 पीओएस मशीनों के माध्यम से डिजिटल कैशलेस ट्रांजेक्शन किया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के मई माह में पीआरएस एवं यूटीएस से डिजिटल कैशलेस ट्रांजेक्शन से 13 लाख 23 हजार 127 यात्रियों की बुकिंग की गई है, जिससे 10 करोड़ 31 लाख 61 हजार 685 रूपये का रेलवे राजस्व अर्जित किया है। मई माह में पीआरएस एवं यूटीएस से पीओएस मशीन, भीम/यूपीआई एवं मोबाईल टिकटिंग ऐप के माध्यम से डिजिटल कैशलेस ट्रांजेक्शन कि जानकारी इस प्रकार है। कैशलेस भुगतान से पमरे में तीनों मण्डलों द्वारा आरक्षण कार्यालय (पीआरएस) में पीओएस मशीन से 2818 यात्रियों को बुक करके 16 लाख 56 हजार 627 रूपये का राजस्व अर्जित किया। वहीं भीम ऐप/ यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) प्रणाली का उपयोग कर 92875 यात्रियों से 4 करोड़ 17 लाख 45 हजार 968 रूपये का राजस्व अर्जित किया। इसी प्रकार यूटीएस में मोबाइल टिकटिंग से मई माह में पमरे को सबसे बेहतर परिणाम प्राप्त हुए हैं, जिसमें 6 लाख 35 हजार 539 यात्रियों से 1 करोड़ 40 लाख 12 हजार 850 का राजस्व अर्जित किया। वहीं भीम ऐप/ यूपीआई प्रणाली का उपयोग कर 591895 यात्रियों से 4 करोड़ 57 लाख 46 हजार 240 रूपये का राजस्व अर्जित किया।



## अग्निवीर भर्ती रैली के लिए तिथियों की घोषणा

**जबलपुर।** सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर ने भर्ती वर्ष 2025-26 के अंतर्गत सेना में भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर रजिस्टर करने वाले अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तिथियों की घोषणा कर दी है। जिसमें विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 30 जून से 10 जुलाई तक 4 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जिसमें जबलपुर सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर के तीन स्थानों जबलपुर, रीवा और सतना पर आयोजित होगी। सतना में दो केन्द्र बनाये गये हैं। ऑनलाइन परीक्षा हर दिन 4 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस बार से अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर, टेक्निकल के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का टाइपिंग टेस्ट ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों पर लिया जाएगा। अभ्यर्थियों के डाउनलोड के लिए एडमिट कार्ड 16 जून 2025 से भारतीय सेना की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे।

## बाईक सवार बदमाशों ने चाकू अड़ाकर ई-रिक्शा लूटा

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत पाटन बायपास में दो बाईक में सवार अज्ञात चार बदमाशों ने एक ई रिक्शा चालक को रास्ते में रोका और चाकू अड़ाकर उसका ई रिक्शा छीनकर भाग गए। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटंगी बायपास निवासी 26 वर्षीय भानू प्रताप पांडे अमित साहू का ई रिक्शा किराए से चलाता है। गत रात लगभग 11 बजे चुंगी नाका से सवारी लेकर पाटन बायपास में छोड़कर, वहीं से शराब दुकान वाली सर्विस रोड से कटंगी वायपास अपने घर जा रहा था। कृष्णम रिसोर्ट के लगभग 200 मीटर पहले पाटन वायपास तरफ से 2 मोटर सायकल में 4 अज्ञात व्यक्ति आये और अपनी दोनों मोटर सायकलें उसके ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड ई 2770 के सामने लगा दिये उनमें से एक व्यक्ति ने चाकू अड़ाकर उसे ई रिक्शा से नीचे उतरने के लिये कहा वह नीचे उतरा तो दूसरे व्यक्ति ने ई रिक्शा की चाबी छीन लिया फिर ई रिक्शा को स्टार्ट करके पाटन वायपास तरफ भाग गये। पुलिस ने अज्ञात चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 126(2), 309(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



## रंगदारी वसूलने बदमाश ने तलवार से किया हमला

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत परशुराम कुंड मोहनिया कलारी के पास शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर एक बदमाश ने एक व्यक्ति पर तलवार से हमला कर घायल कर दिया। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंडी टोरिया मोहनिया निवासी 59 वर्षीय राजू पांडे गत शाम लगभग 5.30 बजे अपने साथी भोला ठाकुर से मिलने परसुराम कुंड मोहनिया गया था। परसुराम कुण्ड मोहनिया कलारी के पास अज्जू कोल हाथ में तलवार लिये मिला जो उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलौज कर उस पर तलवार से हमला कर दिया। उसने अपना बचाव किया तो तलवार उसके माथे में लग गई जिस कारण उसे चोटें आ गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## बिना वजह रास्ते में रोककर चाकू मारे

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत बिसैंदी रोड तिराहे पर तीन बदमाशों ने दो युवकों का रास्ता रोका और बिना वजह गालीगलौज कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रैपुरा निवासी 21 वर्षीय साहिल केवट गत शाम लगभग 5.30 बजे अपने मौसेरा भाई शुभम केवट के साथ अपनी बाईक क्रमांक एमपी 20 एमएम 3028 से अपनी बुआ के गांव छत्तरपुर से अपने गांव रैपुरा आ रहे थे। साहिल की टोपी बिसैंदी रोड तिराहे पर गिर गई थी तभी बाईक क्रमांक एमपी 20 एमआर 8321 में बिसैंदी पनागर निवासी राजा चौधरी, विशाल केवट और गौतम चौधरी तीनों उसकी टोपी में लात मारते हुये उसके साथ गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर, तीनों ने उनका रास्ता रोका और मारपीट करने लगे। विशाल केवट ने चाकू से साहिल के चेहरे व कान में तथा मौसेरे भाई शुभम केवट के गर्दन, हाथ पैर में हमला कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**श्री दिलीप ठाकुर-** मदनमहल महानद्दा रोड खालसा कॉलेज के पीछे निवासी श्री दिलीप ठाकुर (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार दीक्षित-** आईटीआई माढ़ोताल नई बस्ती निवासी श्री नीलकंठ दीक्षित के पुत्र श्री राजकुमार दीक्षित (42) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती विद्या बाई मिश्रा-** शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री शिव प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या बाई मिश्रा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश गुप्ता-** प्रेमसागर निवासी श्री रामनाथ गुप्ता के पुत्र श्री राकेश गुप्ता का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांता देवी सिंह-** शक्ति नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री ओंकार नाथ सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती शांता देवी सिंह (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमर सिंह मौर्य-** पश्चिमी घमापुर शीतलामाई वार्ड निवासी श्री अमर सिंह मौर्य (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री किशन लाल केवट-** कृषि नगर अधारताल निवासी श्री किशन लाल केवट (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती द्रोपती बाई चौधरी-** भानतलैया रोड निवासी श्री दीपचंद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती द्रोपती बाई चौधरी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**श्री विष्णुकांत पांडे-** टैगोर नगर बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ गौरीघाट रोड निवासी श्री विष्णुकांत पांडे (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिलीप कुमार कोल-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री श्याम लाल कोल के पुत्र श्री दिलीप कुमार कोल (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अमन गुप्ता-** गुलौआ चौक गढ़ा निवासी श्री पुनीत कुमार गुप्ता के पुत्र श्री अमन गुप्ता (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लता बाई बंशकार-** सिद्धबाबा वार्ड गणेश चौक निवासी श्री बिरजू लाल बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती लता बाई बंशकार (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सजल मजूमदार-** कौशल्या हाइट्स कचनार सिटी विजयनगर निवासी श्री सजल मजूमदार (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धर्मेंद्र साकेत-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री श्याम लाल साकेत के पुत्र श्री धर्मेंद्र साकेत (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- ... से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- ... से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज ... से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

# पनागर-खितौला सड़क हादसों में तीन की मौत, एक घायल

**जबलपुर।** खितौला व पनागर थाना क्षेत्रों में हुये अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की जहां मौत हो गई वहीं एक गंभीर रूप से घायल है। पनागर थानान्तर्गत जहां मोहनिया तिराहा के समीप ट्रक की टक्कर से मोटर साइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई वहीं एक घायल है। खितौला थानान्तर्गत पान उमारिया रोड़ पर यूपी पासिंग ट्रेलर की टक्कर से बाईक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतको के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

ट्रक की टक्कर से 2 की मौत 1 घायल

पनागर थानान्तर्गत बरनु गोसलपुर निवासी देवनारायण बर्मन कल अपनी मोटर साइकिल से पल्लेदारी करने कृषि उपज मंडी जबलपुर अपने भाई जुगल किशोर व रामकृपाल के साथ गया था। काम कर सभी रात लगभग साढे 12 बजे वापस गोसलपुर अपने घर जा रहे थे। तभी एनएच-30 मार्ग पर धर्मेन्द्र पटेल के घर के समीप वे मोहनिया तिराहा पहुंचे जहां सामने बुढ़ागर की और रॉग साईड से एक ऑटो आ रहा था जिसे बचाया तो पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक एम पी 54 एच 0182 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुये मोटर साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी जिससे देव नारायण बर्मन आगे की और गिर गया। घटना में देवनारायण को हाथ पैर में चोटें आई है। घटना में मोटर साइकिल में पीछे बैठक जुगलकिशोर व रामकृपाल ट्रक की ओर गिरे दोनों के ऊपर से ट्रक चाक उन्हें रौंदता हुया गुजर गया। जुगल किशोर को 108 एम्बुलेंस से तत्काल सिहोरा अस्पताल एवं 1033 एनएनआई वाहन से रामकृपाल को मेडिकल अस्पताल ले जाया गया। सिहोरा अस्पताल में डाक्टर ने चैक कर जुगलकिशोर को मृत करार दिया। वहीं रामकृपाल बर्मन की ईलाज के दौरान मेडिकल अस्पताल में मौत हो गई।

### ट्रेलर की टक्कर से मौत

खितौला थानान्तर्गत ग्राम भाटादौन निवासी रोहित पटेल कल शाम लगभग 7.45 बजे अपनी मोटर साइकिल से वापिस घर जा रहा था तभी खितौला थाना के आगे पान उमारिया रोड पर ट्रेलर क्रमांक यूपी 70 एचटी 0001 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटर साइकिल सवार रोहित पटेल को टक्कर मार दी। घटना में जमीन पर गिरे रोहित से ट्रेलर का चका निकल गया। घटना में रोहित पटेल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

**खबर संक्षेप**



## गिनी को 150 रेल इंजनों की आपूर्ति करेगा भारत

**नई दिल्ली।** बिहार के मरहौरा में स्थित रेलवे लोकोमोटिव कारखाना अफ्रीकी देश गिनी को तीन साल के भीतर 3,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 150 इंजनों की आपूर्ति करेगा। रेल मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 37 रेल इंजन गिनी को निर्यात किए जाएंगे जबकि अगले वित्त वर्ष में 82 और उसके अगले साल 31 इंजन भेजे जाएंगे।ये सभी इंजन मरहौरा स्थित रेलवे लोकोमोटिव कारखाने में बनाए जाएंगे। इसके लिए कारखाना परिसर में ब्रॉड गेज, स्टैंडर्ड गेज और केप गेज की पटरियां बिछाई गई हैं। रेल मंत्रालय के मुताबिक, इस ऑर्डर को वैश्विक प्रतिस्पर्धी बोली के आधार पर हासिल किया गया है।

## महिंद्रा टीईक्यूओ ने अंकित जैन को बनाया सीईओ

**नई दिल्ली।** महिंद्रा समूह की अक्षय ऊर्जा परिसंपत्ति प्रबंधन इकाई महिंद्रा टीईक्यूओ ने अंकित जैन को अपना मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की मंगलवार को घोषणा की।



कंपनी बयान के अनुसार, जैन को अक्षय ऊर्जा परियोजना विकास एवं डिजिटल बदलाव में 18 वर्ष से अधिक का अनुभव है। इससे पहले जैने महिंद्रा सस्टेन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई चुके हैं। उन्होंने मल्टी-गीगावाट परियोजनाओं एवं ईएसजी पहलों का नेतृत्व किया था। बयान में कहा गया कि जैन की नियुक्ति टीईक्यूओ की अक्षय ऊर्जा परिसंपत्ति प्रबंधन में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महिंद्रा टीईक्यूओ के निदेशक दीपक ठाकुर ने कहा कि अंकित की नियुक्ति टीईक्यूओ को वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है...।

## ट्राई का धोखाधड़ी से निपटने आरबीआई के साथ करार

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक



ट्राई ने वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और बैंकों के साथ साझेदारी में एक पायलट परियोजना शुरू की है। इस परियोजना का मकसद कॉल और संदेश पाने के लिए उपयोगकर्ताओं की कागज-आधारित सहमति को डिजिटल बनाना है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा कि बैंक लेनदेन की संवेदनशीलता और स्पैम कॉल के माध्यम से वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को देखते हुए, ''डिजिटल सहमति प्रणाली'' को लागू करने के पहले चरण के लिए बैंक क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई है।

# भारत को महत्वपूर्ण बाजार के रूप में देखते हैं: गूगल इंडिया प्रमुख

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

गूगल इंडिया की 'कंट्री मैनेजर' एवं उपाध्यक्ष प्रीति लोबाना ने कहा कि भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के तेजी से विस्तार ने देश की स्थिति को एक ''शक्तिशाली देश'' के रूप में मजबूत किया है। गूगल इंडिया की नवनियुक्त शीर्ष कार्यकारी ने इस बात पर जोर दिया कि विश्वास और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना कृत्रिम मेधा (एआई) युग में गति को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रीति लोबाना ने कहा कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी '' एंड्रॉयड या प्ले स्टोर के मामले में समृद्ध, संपन्न डिजिटल परिवेश के लिए प्रतिबद्ध है।''लोबाना ने कहा कि गूगल ''प्रतिस्पर्धा'' को ''डिजिटल परिवेश को समृद्ध'' बनाने के साधन के रूप में देखता है। लोबाना ने देश में सर्च दिग्गज कंपनी के खिलाफ 'एंटीट्रस्ट' मामलों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि कंपनी जिस भी देश में काम करती है, वहां के स्थानीय कानूनों का अनुपालन करती है। इनमें प्ले स्टोर को एंड्रॉयड टीवी ओएस के साथ जोड़ना (जिसे गूगल ने 20 करोड़ रुपये का भुगतान करके सुलझाया) या प्ले स्टोर नीतियों से जुड़े मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा, '' हम सरकार और अन्य नियामक संस्थाओं के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम इसका अनुपालन कर रहे हैं।''

### डिजिटल अर्थव्यवस्था ने भारत को एक शक्तिशाली देश के रूप में मजबूत किया





#### एआई रचनात्मक क्षमता को उन्मुक्त कर रही

लोबाना ने माना कि कृत्रिम मेधा जैसी नई प्रौद्योगिकियां रचनात्मक क्षमता को उन्मुक्त कर रही हैं, लेकिन साथ ही 'डीपफेक' से जुड़ी चुनौतियों को भी सामने ला रही हैं। 'डीपफेक' में एआई का उपयोग करके किसी का ऐसा वीडियो या तस्वीरें बनाई जाती हैं जो एकदम असली प्रतीत होती हैं लेकिन वास्तव में वह फर्जी या नकली होती हैं। लोबाना ने कहा कि गूगल भारत को एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में देखता है।

#### एआई में अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाएगा

गूगल इंडिया प्रमुख ने कहा कि निकट भविष्य में यह देश 1000 अमेरिकी डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। कंपनी को उम्मीद है कि वह विज्ञापन, क्लाउड प्रौद्योगिकी और उन्नत एआई में अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाकर देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान कर सकेगी।

#### भारत एक मजबूत खिलाड़ी बन गया

लोबाना ने कहा, '' गूगल भारत को एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में देखता है। हम यहां गहराई से जुड़े हुए हैं, पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं..''उन्होंने कहा कि जिस तरह से डिजिटल अर्थव्यवस्था समय के साथ विकसित हुई है, उसमें भारत एक मजबूत खिलाड़ी बन गया है। गूगल इंडिया की 'कंट्री मैनेजर' ने इस बात पर जोर दिया कि विश्वास और सुरक्षा इसकी निरंतर सफलता के लिए महत्वपूर्ण होगी।

### एजेंसी ने पतंजलि समूह के साथ पांच साल का अनुबंध किया

# मलेशिया की सरकारी एजेंसी ने पतंजलि समूह को 15 लाख पाम बीज की आपूर्ति की

**मलेशिया, भारत को पाम तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता**

एजेंसी ▸▸ किनाबाटांगन (मलेशिया)

मलेशिया की सरकारी एजेंसी सावित किनाबालु समूह ने भारतीय उपभोक्ता सामान कंपनी पतंजलि समूह को अभी तक पाम के 15 लाख बीज की आपूर्ति की है। मलेशिया की इस सरकारी एजेंसी ने पतंजलि समूह के साथ पांच साल का अनुबंध किया है जो 2027 में समाप्त हो रहा है।

- पंतजलि का अनुबंध 2027 में समाप्त होगा
- एजेंसी पाम के कुल 40 लाख बीज की आपूर्ति करेगी

इस अवधि में एजेंसी पाम के कुल 40 लाख बीज की आपूर्ति करेगी। मलेशिया, भारत को पाम तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है, लेकिन यह पहली बार है जब किसी सरकारी एजेंसी ने पाम के बीजों की आपूर्ति के लिए समझौता किया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब भारत, पाम तेल के लिए आयात पर निर्भरता कम करने के वास्ते घरेलू स्तर पर इसकी खेती को प्रोत्साहित कर रहा है।

**अनुषंगी कंपनी एक करोड़ बीजों को संसाधित करती है :** इस अनुबंध पर सावित किनाबालु समूह की बीज से जुड़ी अनुषंगी कंपनी ने हस्ताक्षर किए हैं। यह अनुषंगी कंपनी हर वर्ष पाम के एक करोड़ बीजों को संसाधित करती है। समूह की बीज इकाई के महाप्रबंधक डॉ. जुरैनी ने कहा, '' हमने पतंजलि समूह के साथ पाम के 40 लाख बीज की आपूर्ति के लिए पांच वर्ष का अनुबंध किया है। हमने अब तक 15 लाख बीज वितरित किए हैं।''



#### गुणवत्ता की निगरानी की जाएगी

अधिकारी ने बताया कि बीज आपूर्ति के अलावा कंपनी की ओर से परामर्श सेवाएं दी जाएंगी, कृषि विशेषज्ञों द्वारा उत्पादन स्थल का दौरा किया जाएगा और रोपित बीजों की गुणवत्ता की निगरानी की जाएगी।

#### पूर्वोत्तर में लगाए पौधे अच्छी स्थिति में

समूह के मुख्य सतत अधिकारी नजलान मोहम्मद ने कहा, '' भारत में रोपित हमारे बीज बेहतर उपज दे रहे हैं। पूर्वोत्तर में लगाए गए पौधे अच्छी स्थिति में हैं।'' मोहम्मद ने कहा कि मलेशिया की सरकार कुछ क्षेत्रों में पाम की पुनः रोपाई के लिए सब्सिडी प्रदान कर रही है, इसलिए स्थानीय मांग को पूरा करने के लिए सरकारी एजेंसी को भारत को बीज की आपूर्ति सीमित करनी होगी।

#### 1,80,000 हेक्टेयर पर पाम लगभग तैयार

हालांकि, उन्होंने कहा कि सरकारी एजेंसी पाम के बीज की आपूर्ति के लिए अधिक भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग करने को इच्छुक है। पतंजलि समूह, पूर्वोत्तर भारत में 'पाम तेल मिल' स्थापित करने की योजना बना रहा है, जिसके 2026 तक चालू होने की उम्मीद है। भारत में वर्तमान में लगभग 3,69,000 हेक्टेयर भूमि पर पाम की खेती होती है, जिसमें से करीब 1,80,000 हेक्टेयर पर पाम लगभग तैयार है।

#### जिससे 28 लाख टन पाम तेल का उत्पादन हो सकेगा

खेती का क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है जो 2024 तक लगभग 375,000 हेक्टेयर तक पहुंच गया। निकट भविष्य में इसमें 80,000 से 1,00,000 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र जुड़ने की उम्मीद है। सरकार का लक्ष्य इसे 2030 तक 66 लाख हेक्टेयर तक विस्तारित करना है, जिससे 28 लाख टन पाम तेल का उत्पादन हो सकेगा। वित्त वर्ष 2021-22 में शुरू किया गया ।

#### केंद्र सरकार पाम की खेती को बढ़ावा दे रहा

'नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल्स-पाम ऑयल' (एनएमईओ-ओपी) पाम की खेती को बढ़ावा देने की केंद्र सरकार की प्रमुख योजना है। इसके तहत मुख्य तौर पर पूर्वोत्तर भारत और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। भारत के पाम तेल के कुल उत्पादन में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल की 98 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## भारत दुर्लभ खनिज चुंबक में जल्द बनेगा आत्मनिर्भर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने मंगलवार को कहा कि अंतर-मंत्रालयी प्रयास भारत को दुर्लभ खनिज चुंबक के मामले में आत्मनिर्भर बनने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। दुर्लभ खनिज चुंबक का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों, रक्षा और अन्य क्षेत्रों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।



- वाहनों, रक्षा व अन्य क्षेत्रों में होता है महत्वपूर्ण

कुमारस्वामी ने यहां कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी के साथ दुर्लभ खनिज चुंबक के मुद्दे पर एक अंतर-मंत्रालयी बैठक की अध्यक्षता करने के बाद यह बात कही। कुमारस्वामी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि दुर्लभ खनिज चुंबक के मुद्दे पर किशन रेड्डी के साथ हुई बैठक में भारी उद्योग मंत्रालय, इस्पात मंत्रालय, खान मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय तथा परमाणु ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री ने कहा, /"यह अंतर-मंत्रालयी प्रयास ईवी, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा और अन्य क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक सामग्रियों में भारत की आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करेगा।/" प्रमुख धातुओं के निर्यात पर चीन के हाल के प्रतिबंधों ने भारत सहित कई देशों में वाहन और सेमीकंडक्टर चिप के विनिर्माण में व्यापक गतिरोध पैदा किया है।

#### प्रतिनिधिमंडल चीन का दौरा करेगा

उद्योग सूत्रों के अनुसार, वाहन उद्योग के 40-50 अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल को अब भी बैठक के लिए चीन से पुष्टि का इंतजार है। यह प्रतिनिधिमंडल भारतीय संस्थाओं को दुर्लभ खनिज चुंबकों के आयात में तेजी लाने के लिए चीन का दौरा करने वाला है।

# सोना 1,200 रुपए टूटा और चांदी में मजबूती

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,200 रुपये टूटकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है।

- सोना टूटकर 1,00,170 रुपए प्रति दस ग्राम

पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,01,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये घटकर 99,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। सोमवार को यह 1,00,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोने में और गिरावट आई, क्योंकि व्यापारियों ने इजराइल और ईरान के बीच पूर्ण रूप से क्षेत्रीय युद्ध की संभावना का पुनर्मूल्यांकन किया। यह बदलाव उन रिपोर्टों के बाद आया है, जो बताती हैं कि ईरान, इजराइल के साथ अपने बढ़ते संघर्ष के समाधान के लिए सक्रिय रूप से कूटनीतिक समाधान की कोशिश कर रहा है।'

गांधी ने कहा, ''नाजुक युद्धविराम की संभावना ने सोने के व्यापारियों के बीच सुस्ती की धारणा को बढ़ावा दिया है।''हालांकि, मंगलवार को चांदी की कीमतें 100 रुपये बढ़कर





1,07,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

#### सोना नकारात्मक कारोबार कर रहा

वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना गिरावट के साथ 3,380.65 डॉलर प्रति औंस पर रहा। मेहता इक्विटीज के कमोडिटीज के उपाध्यक्ष राहुल कलंत्री ने कहा, ''पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने के बावजूद सोना नकारात्मक कारोबार कर रहा है और निवेशकों द्वारा उच्च स्तर पर इस कीमती धातु में मुनाफावसूली होती देखी गई।''

## भारत के निर्यात में 2010 से 2023 के बीच मजबूत वृद्धि

**नई दिल्ली।** भारत के निर्यात में 2010 से 2023 तक लगातार वृद्धि का रुख रहा जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। अंकटाड (संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया कि 2010 से 2023 की अवधि में वैश्विक निर्यात में अपनी हिस्सेदारी के मामले में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहा और इस मामले में वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही। अधिकारी ने कहा, '' अंकटाड के प्रमुख सांख्यिकी एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार 2024 के रुझान के अनुसार वृद्धि की यह दर सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले सबसे अधिक रही। यह प्रदर्शन अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं जैसे यूरोपीय संघ, चीन और अमेरिका की तुलना में और भी अधिक उल्लेखनीय है जिनकी इस अवधि में निर्यात हिस्सेदारी बढ़ोतरी में वृद्धि दर क्रमशः 3.9 प्रतिशत, 6.1 प्रतिशत और 3.9 प्रतिशत रही।


**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर (छत्तीसगढ़)**

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बलरामपुर वनमण्डल के अंतर्गत काष्ठागार वाड्रफनगर में रखी इमारती लकड़ी/जलाऊ काष्ठ को निम्नलिखित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में आवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार वाड्रफनगर से प्राप्त कर सकते हैं।

**डिपो का नाम काष्ठागार वाड्रफनगर, नीलाम दिनांक 25.06.2025, समय प्रातः 09:00 बजे से**

| क्र. | वनोपज का विवरण | नया काष्ठ | | पुराना काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी नग | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी नग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| A | इमारती काष्ठ | | | | |
| 1 | सागौन | - | - | 245.089 | 1439 |
| 2 | साल | 414.219 | - | 1070.642 | 269 |
| 3 | साजा | 11.914 | - | - | 12 |
| 4 | तिन्सा | - | - | - | - |
| 5 | बीजा, शीशम, खम्हार | 0.203 | - | 10.613 | 755 |
| 6 | हल्दु, मुडी, बांसा | - | - | 22.765 | 2 |
| 7 | धावड़ा | - | - | - | - |
| 8 | अन्य, नीलगिरी | 92.494 | 307 | - | 263 |
| 9 | सलया | - | - | - | - |
| 10 | सेमल | - | - | - | - |
| 11 | खैर काष्ठ | 10.078 | - | - | - |
| | योग :- | 528.908 | 307 | 1349.109 | 2740 |

| क्र. | प्रजाति विवरण | | |
|---|---|---|---|
| 1 | जलाऊ चट्टा मिश्रित प्रजाति सा. 2.00 मी.X 1.25 X0.80 मी. | 0 चट्टा | 765.5 चट्टा |

टीप- 1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई- कोमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी एवं फोटो एम. एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते हैं।

G-252601593/4 (वनमण्डलाधिकारी) बलरामपुर वनमण्डल, बलरामपुर


### भारत में बिकने वाले खिलौने मानकों का पालन करते हैं

# भारतीय खिलौनों का मानक वैश्विक मानदंडों से बेहतर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारतीय खिलौनों के गुणवत्ता मानक वैश्विक मानदंडों से बेहतर हैं जिसकी वजह से घरेलू विनिर्माताओं के लिए विदेशों में निर्यात करने में मदद मिल रही है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीआईएस ने घरेलू खिलौनों के लिए भौतिक, रासायनिक और विद्युत सुरक्षा प्रावधानों समेत विस्तृत मानक विकसित किए हैं। ये मानक अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) और अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन (आईईसी) के मानदंडों के अनुरूप हैं।

**गुणवत्ता नियंत्रण आदेश एक जनवरी 2021 से लागू :** केंद्र सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने खिलौना (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2020 जारी किया था जो एक जनवरी, 2021 से लागू है। इस गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के तहत भारत में बिकने वाले सभी खिलौनों को सात भारतीय मानकों का पालन करना और वैध बीआईएस लाइसेंस के तहत आईएसआई निशान का इस्तेमाल करना अनिवार्य है।



#### भारतीय खिलौनों की बिक्री बढ़ाने में मदद मिली

बीआईएस, मुंबई के पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय प्रयोगशाला (डब्ल्यूआरओएल) के वैज्ञानिक एवं कार्यकारी निदेशक अद्भुत सिंह ने कहा कि खिलौना मानक भारतीय मौसम की स्थिति और अन्य घरेलू जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं, और इनकी वजह से भारतीय खिलौनों की बिक्री बढ़ाने में मदद मिली है।

#### भारत का खिलौना उद्योग मामूली घटा

शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) की रिपोर्ट कहती है कि भारत का खिलौना निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में मामूली रूप से घटकर 15.23 करोड़ डॉलर हो गया, जो उसके एक साल पहले 15.38 करोड़ डॉलर था। फिलहाल देश में बीआईएस प्रमाणित 1,640 खिलौना इकाइयां हैं जिनमें से 1,165 लाइसेंस गैर-इलेक्ट्रॉनिक खिलौने बनाने के हैं।

#### प्रतिस्पर्धा के लिए समान अवसर पैदा किए

जेफिर टॉयमेकर्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोइज गबाजीवाला ने कहा कि बीआईएस मानकों ने नवाचार को बढ़ावा दिया है और प्रतिस्पर्धा के लिए समान अवसर पैदा किए हैं, जिससे कंपनी का कारोबार काफी बढ़ा है।

#### खिलौने जहरीले पदार्थों से मुक्त हो

गबाजीवाला की कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में 25 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया था और वित्त वर्ष 2025-26 में 20 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रखा है। बीआईएस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बीआईएस सत्यापन से यह सुनिश्चित होता है कि खिलौने दम घुटने, तेज किनारों या सीसा और थैलेट जैसे जहरीले पदार्थों से मुक्त हों जिससे बच्चों के लिए उनका इस्तेमाल पूरी तरह सुरक्षित रहे।


**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़, वनमण्डल मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)**

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार जनकपुर में उपलब्ध नया पुराना ईमरती काष्ठ एवं नया जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई- ऑक्सन द्वारा निर्वतन किया जाना है इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठगार जनकपुर से प्राप्त कर सकते है।

डिपो का नाम - काष्ठगार जनकपुर नीलाम दिनांक - 27.06.2025
नीलाम समय - प्रातः 09:00 बजे से प्रारम्भ

| क्रं. | प्रजाति | नये अविक्रित काष्ठ | | पुराने अविक्रित काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली | लट्ठा | | बल्ली | |
| | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0.000 | 0 | 9082 | 641.810 | 9846 | 173.982 |
| 2 | साल | 480.00 | 450 | 5619 | 620.151 | 780 | 22.339 |
| 3 | साजा | 3.000 | 25 | 191 | 21.017 | 49 | 1.266 |
| | योग | 483.000 | 475 | 14892 | 1282.978 | 10675 | 197.587 |
| | मिश्रित जलाऊ | 490 चट्टा नया | | 824 चट्टा नया | | | |
| | योग | 490 चट्टा नया | | 824 चट्टा नया | | | |


1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई. डी. से लॉग इन करके देख सकते है।

जी-252601592/1
वन मंडलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

## चिंतन

# धीरे-धीरे पाक की जुबां पर आ रहा 'ऑपरेशन सिंदूर' का दर्द

धीरे-धीरे ही सही, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पड़ी मार का दर्द पाकिस्तान की जुबां पर आ रहा है। हालांकि शुरुआत में पाक ने भारत के हमले में एक खरोंच तक नहीं आने की बात कही थी। यहां तक कि पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी पाक संसद में तरह-तरह की डींगें हांक रहे थे कि पाक सेना ने ये किया, वो किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान आवाम की आंखों में धूल झोंकने के लिए शहबाज शरीफ सरकार ने वहां के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को देश के सर्वोच्च सैन्य पद फील्ड मार्शल के पद पर भी पदोन्नत कर दिया, लेकिन अब पाकिस्तानियों का दर्द बाहर आ रहा है। भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाने में माहिर रहे नजम सेठी ने ही टीवी पर सच कबूला है। नजम सेठी ने कहा है कि इजरायल ने ईरान पर उसी तरह से हमला किया है, जैसा हमला भारत ने पाकिस्तान पर किया था और जैसा ड्रोन हमला यूक्रेन ने रूस के अंदर घुसकर किया था। नजम सेठी ने कहा कि ये जो सारा ड्रोन का चक्कर है ना, उस पर वेस्टर्न मिलिट्री एक्सपर्ट बहुत दिलचस्प बातें कर रहे हैं। इजरायल ने जो ड्रोन का इस्तेमाल किया है, उसका स्टाइल वही है, जैसा भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ किया था। अब इजरायली सेना ने ईरान के अंदर से ड्रोन लॉन्च किए हैं, जिसमें डिफेंस सिस्टम को बेअसर कर दिया है, ये सारा एक ही पैटर्न है कि रडार को जाम कर दो, उसे अंधा कर दो और फिर बेअसर कर दो। ये वही नजम सेठी हैं जो हर दिन भारत के खिलाफ जहर उगलते हैं, लेकिन अब कबूल कर रहे हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भरतीय सेना ने पाकिस्तान के डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह से तबाह कर दिया था, जिसके बाद पाक सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समक्ष भारत से बचाने की गुहार लगा रही थी। असल में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एक्शन लिया था। इसका मकसद केवल और केवल आतंकवाद की कमर तोड़ना था, लेकिन पाकिस्तान ने एक बार फिर नापाक हरकत करते हुए भारत के सैन्य ठिकानों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर इसे दो देशों के बीच संघर्ष में बदलने का प्रयास किया। इसके बाद पाकिस्तान के रणनीतिक ठिकानों पर भारत का घातक हमला निर्णायक साबित हुआ। भारत ने सैन्य कार्रवाई के दौरान रणनीतिक रूप से पाकिस्तान की 20 प्रतिशत सैन्य क्षमता को तबाह करके कड़ा सबक सिखाया। भारत ने दुनिया को दिखाया है कि वह स्वदेशी तकनीक से नेटवर्क सेंट्रिक वारफेयर को अंजाम दे सकता और जीत सकता है। भारत ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को नकारा बनाकर मनचाही जगहों पर सफलता के साथ हमले किए और प्रमुख रणनीतिक ठिकानों और संपत्तियों को तबाह कर दिया। संदेश साफ है कि हमारे पास पाकिस्तान को तबाह करने की सैन्य क्षमता और आधुनिक तकनीक है। अगर जरूरत पड़ेगी तो भारत इस क्षमता का इस्तेमाल करेगा। भारत ने पाक को अपनी ताकत का अहसास करवाने के बाद संघर्ष को एक तय सीमा पर सीमित करके समझदारी भी दिखाई। भारत ने पाक को साफ संदेश दिया है कि उसे आतंकी हमलों की कीमत इस हद तक चुकानी होगी, जो उसके लिए वहनीय नहीं होगी। संदेश दुनिया के लिए भी है कि अब भारत आतंकी हमलों पर साक्ष्यों के साथ समझाने का प्रयास नहीं करेगा बल्कि खुद आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करेगा। इस ऑपरेशन से न केवल पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया ने देख लिया कि नया भारत अपने फैसले खुद करेगा।



**आर्थिकी**
डा. जयंतीलाल भंडारी

# अमेरिका संग व्यापार को मिलेगी ऊंचाई

भारत का अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता शीघ्र ही संभावित है और इससे भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाई मिलेगी। अमेरिका की व्यापक शुल्क नीति पर अमेरिका की संघीय अपील अदालत द्वारा ट्रंप के अनुकूल फैसला दिया गया है। इस फैसले से अमेरिका अन्य देशों के खिलाफ खुद को बचाने के लिए शुल्क का उपयोग कर सकता है। भारत के द्वारा अमेरिका के साथ इसी जून माह में संभावित मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच 2030 तक 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय कारोबार के लक्ष्य के मद्देनजर मील का पत्थर साबित होगा। इससे देश से निर्यात बढ़ेंगे और बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसरों का निर्माण होगा।

इन दिनों भारत-अमेरिका उद्योग-कारोबार के संबंध में प्रकाशित हो रही वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत का अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता शीघ्र ही संभावित है और इससे भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाई मिलेगी। उल्लेखनीय है कि इस समय भारत और अमेरिका के बीच अतंरिम कारोबार समझौते के अंतिम दौर की वार्ता इसी माह जून तक पूर्ण किया जाना ट्रंप के बार-बार बदलते टैरिफ रुख के साथ-साथ दो अन्य कारणों से भी भारत के हित में है। कुछ दिनों पहले तक चीन पर भारी टैरिफ लगाने वाले ट्रंप ने अब अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध रोककर कारोबारी संबंधों को वापस पटरी पर लाने और दुर्लभ खनिजों पर चीन के निर्यात प्रतिबंधों को हटाने के लिए 11 जून को चीन के साथ करार किया है। इसके तहत जहां चीन अमेरिका को मैग्नेट और दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति करेगा, वहीं अमेरिका अपने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में चीनी छात्रों को पढ़ने की अनुमति देगा। इसी तरह अमेरिका की व्यापक शुल्क नीति पर अमेरिका की संघीय अपील अदालत द्वारा ट्रंप के अनुकूल फैसला दिया गया है। इस फैसले से अमेरिका अन्य देशों के खिलाफ खुद को बचाने के लिए शुल्क का उपयोग कर सकता है। अतएव ऐसे परिदृश्य में भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते से ट्रंप के व्यापार यूटर्न पर रोक लग सकेगी। गौरतलब है कि हाल ही में अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लटनिक ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच आंतरिक व्यापार समझौता इसी जून महीने में पूरा होते हुए दिखाई दे सकेगा। इस तरह के समझौते को पूर्ण होने में दो या तीन साल लग जाते थे।

विगत 29 मई को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मैनहटन की अंतरर‌राष्ट्रीय व्यापार अदालत के द्वारा विभिन्न देशों के विरुद्ध अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क सहित अन्य विभिन्न शुल्कों को अवैध ठहराए जाने के बीच अमेरिका के साथ भारत की व्यापार वार्ता सही दिशा में आगे बढ़ती रहेगी। वस्तुतः इस समय भारत-अमेरिका कारोबार के बढ़ने के बारे में तीन बातें रेखांकित हो रही हैं। एक, भारत और अमेरिका के बीच 25 जून 2025 तक अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा हो सकती है। दो, भारत सरकार अपनी सरकारी खरीद बाजार का एक हिस्सा विदेशी कंपनियों के लिए खोलने जा रही है तथा इसमें अमेरिका की कंपनियां भी शामिल होंगी। भारत सरकार के खरीद अनुबंधों का केवल एक हिस्सा विदेशी कंपनियों के लिए खोला जाएगा। यह हिस्सा मुख्य रूप से केवल केंद्र सरकार की परियोजनाओं से जुड़ा होगा। तीन, अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत लाभ का बाजार बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के द्वारा आईफोन निर्माता कंपनी एप्पल के सीईओ टिम कुक को अमेरिका में बिकने वाले आईफोन भारत में बनाए जाने पर अमेरिका में 25 फीसदी टैरिफ लगाए जाने की कड़ी चेतावनी के बाद भी एप्पल ने भारत में आईफोन विस्तार जारी रखने का संकेत दिया है।

गौरतलब है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वॉशिंगटन में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हार्वर्ड लटनिक के साथ दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण की वार्ता की प्रगति की



समीक्षा की और कहा कि पारस्परिक लाभ (रेसिप्रोकल) सुनिश्चित करने के लिए वस्तुओं में अंतरिम व्यापार व्यवस्था को आकार दिए जाने की संभावना है। अमेरिका ने विगत 2 अप्रैल को भारतीय सामान पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था, लेकिन इसे 9 जुलाई तक यानी कुल 90 दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया था। ऐसे में 8 जुलाई के पहले अमेरिका के साथ किया जाने वाला अंतरिम व्यापारिक समझौता टैरिफ विवादों को सुलझाने और दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है। इस संभावित अंतरिम व्यापार समझौते के बारे में जो तस्वीर उभरकर दिखाई दे रही है, इसके तहत अमेरिका के बाजार में भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क को शून्य करवाने के लिए भारत भी अमेरिका की कई वस्तुओं पर शुल्क में राहत दे सकता है। अमेरिका भारत के बाजार में कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन भारत सिर्फ गैर जेनिटिकली मोडिफायड (जीएम) कृषि उत्पादों को ही अपने बाजार में आने की अनुमति देगा। डेयरी जैसे संवेदनशील उत्पादों को भी शुल्क समझौते में शामिल करने की उम्मीद नहीं है। भारत अमेरिका से सभी रोजगारपरक सेक्टर में शून्य शुल्क या अति कम शुल्क चाहता है ताकि इन सेक्टर का अमेरिका में होने वाला निर्यात बढ़े जिससे भारत में मैन्युफैक्चरिंग व रोजगार बढ़ोतरी में मदद मिलेगी। दूसरी तरफ, अमेरिका इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ, वाइन, एथनाल, कई औद्योगिक आइटम व कुछ खाद्य आइटम के शुल्क में छूट चाहता है। इसके साथ अमेरिका भारत के गुणवत्ता नियंत्रण नियम में भी छूट चाहता है। पिछले दिनों अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने भी वाशिंगटन में एक बैठक में कहा कि पूरी दुनिया में भारत एक ऐसे पहले देश के रूप में सामने है, जिसके साथ अमेरिका का द्विपक्षीय-कारोबार समझौता (बीटीए) प्रारंभिक आकार लेने के करीब है। भारत-अमेरिका के बीच बीटीए को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित किया गया है।

गौरतलब है कि विगत 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप एक हाथ से देने और दूसरे हाथ से लेने में अच्छी तरह से कामयाब दिखाई दिए। दोनों देशों ने अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने, व्यापार पर गतिरोध के बीच टैरिफ को कम करने, अधिक अमेरिकी तेल, गैस और लड़ाकू विमानों की खरीदी के बारे में बात करने और रियायतों पर भी सहमति व्यक्त की। दोनो देशों ने द्विपक्षीय समझौते के तहत भारत और अमेरिका के बीच वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार के लिए 500 अरब डालर का लक्ष्य निर्धारित किया। साथ ही भारत और अमेरिका भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के निर्माण के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। निश्चित रूप से ट्रंप के द्विपक्षीय व्यापार संबंधी कुछ अपरिपक्व बयानों के बाद भी अब इसी जून माह में अमेरिका के साथ शीघ्र ही भारत के अंतरिम व्यापार समझौते और फिर दिसंबर 2025 तक बीटीए से भारत अमेरिका कारोबार तेजी से बढ़ते हुए दिखाई देगा। हाल ही में प्रकाशित विदेश व्यापार के नए आंकडों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका लगातार चौथी बार भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। साथ ही दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हम उम्मीद करें कि भारत के द्वारा अमेरिका के साथ इसी जून माह में संभावित मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच 2030 तक 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय कारोबार के लक्ष्य के मद्देनजर मील का पत्थर साबित होगा। इससे देश से निर्यात बढ़ेंगे और बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसरों का निर्माण होगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**दिवस विशेष**
मुरारी गुप्ता



# भारतीय स्वाधीनता के इतिहास का स्तंभ है हल्दीघाटी का युद्ध

हल्दीघाटी का युद्ध भारतीय इतिहास में केवल एक सैन्य संघर्ष नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लड़ा गया गौरवपूर्ण अध्याय है। 18 जून 1576 को राजस्थान की वीरभूमि पर लड़ा गया यह युद्ध, मेवाड़ नरेश महाराणा प्रताप और मुगल सम्राट अकबर की सेना के बीच हुआ था। यद्यपि यह युद्ध केवल पांच घंटे चला, लेकिन इसके प्रभाव और ऐतिहासिक महत्व का विस्तार सदियों तक हुआ। वामपंथी इतिहासकारों और मुगल-प्रशंसकों द्वारा अकबर की विजय का नैरेटिव गढ़ा गया, किंतु ऐतिहासिक स्रोतों, प्रशस्तियों, शिलालेखों और समकालीन लेखकों की साक्ष्यात्मक गवाही इस बात की पुष्टि करती है कि इस युद्ध में महाराणा प्रताप विजयी रहे और मुगलों को गहरी रणनीतिक हार का सामना करना पड़ा। महाराणा प्रताप के सिंहासन संभालने के समय अकबर समूचे भारत को मुगल साम्राज्य की छाया में लाना चाहता था। राजस्थान के अधिकतर राजा मुगलों की अधीनता स्वीकार कर चुके थे, किंतु मेवाड़ अकबर के इस इस्लामी साम्राज्यवाद के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा था। प्रताप के पिता महाराणा उदयसिंह पहले ही अकबर की अधीनता अस्वीकार कर चुके थे। प्रताप ने अपने पूर्वजों की परंपरा का निर्वहन करते हुए स्वतंत्रता के मार्ग को चुना। अकबर ने चार बार समझौते के दूत भेजे लेकिन प्रताप ने हर बार संधि की शर्तों को ठुकरा दिया, क्योंकि उनमें दरबार में हाजिरी, कर चुकाना और मेवाड़ की स्त्रियों के साथ वैवाहिक संबंध शामिल थे। 18 जून 1576 को हल्दी घाटी में घमासान युद्ध प्रारंभ हुआ। यह युद्ध तीन चरणों में लड़ा गया। पहले चरण में महाराणा प्रताप की सेना ने मुगल सेना के अग्रभाग पर भीषण हमला कर उसे पीछे हटने पर विवश किया। हमीद खां और रघुनाथदास की अगुआई में मुगल पक्ष असहज होकर बनास नदी के पार तक भाग गया। दूसरे चरण में मुगलों की राजपूत टुकड़ियों को प्रताप की सेना ने पीछे हटने को मजबूर कर दिया। मुगलों के लिए सबसे बड़ा झटका तीसरे और अंतिम चरण में तब लगा जब प्रताप के सेनापति झाला मान सिंह ने स्वयं को प्रताप समझकर उनकी रक्षा करते हुए वीरगति पाई। प्रताप घायल हुए लेकिन चेतक ने उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। बदायूंनी जैसे समकालीन मुस्लिम इतिहासकार लिखते हैं कि मुगल सेना न केवल युद्धभूमि से भागी, बल्कि वे प्रताप का पीछा करने का साहस भी नहीं कर सके क्योंकि उन्हें आशंका थी कि पहाड़ों में महाराणा घात लगाकर हमला करेंगे। हल्दीघाटी युद्ध के बाद महाराणा प्रताप ने मेवाड़ के गोगुंदा क्षेत्र को पुनः प्राप्त कर लिया। ऐतिहासिक शिलालेख और प्रशस्तियां जैसे रणछोड़ राय मंदिर प्रशस्ति, वैद्यनाथ मंदिर प्रशस्ति, और ओड़ा गांव का ताम्रपत्र इस बात का प्रमाण हैं कि प्रताप ने युद्ध के बाद न केवल मुगलों को पराजित किया बल्कि अपनी संप्रभुता पुनः स्थापित की। रणछोड़ राय प्रशस्ति में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि महाराणा ने रणभूमि में मान सिंह के साथ युद्ध कर उसे पराजित किया।

इतिहास में किसी भी युद्ध की विजय के तीन मानक होते हैं : पहला, विजेता शत्रु की भूमि और संपदा पर अधिकार कर ले, दूसरा शत्रु राजा की मृत्यु हो जाए या वह आत्मसमर्पण कर दे। और तीसरा पराजित राज्य विजेता का करदाता बन जाए। लेकिन हल्दीघाटी युद्ध के परिप्रेक्ष्य में देखें तो अकबर की सेना मेवाड़ की राजधानी गोगुंदा तक पहुंचने के बाद भी पूरे क्षेत्र पर अधिकार नहीं कर सकी। महाराणा प्रताप सुरक्षित रहे और उनका राज्य कायम रहा। वामपंथी इतिहासकारों ने हमेशा मुगलों को "सांस्कृतिक समन्वयक" और अकबर को "सद्भावना का प्रतीक" बताकर प्रस्तुत किया। जबकि तथ्य यह सिद्ध करते हैं कि अकबर के साम्राज्यवाद और धर्मांतरणवादी नीति के विरुद्ध प्रताप ने संघर्ष किया और भारतीय स्वाभिमान की रक्षा की। ऐसे में अकबर की विजय का नैरेटिव न केवल ऐतिहासिक रूप से झूठा है, बल्कि यह राष्ट्र की चेतना को विकृत करने का प्रयास भी है। हल्दीघाटी का युद्ध केवल एक वीरता की गाथा नहीं, बल्कि यह भारतीय स्वाधीनता के इतिहास का स्तंभ है। यह युद्ध भारतीय मानस में यह विश्वास स्थापित करता है कि विदेशी साम्राज्य कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, यदि स्वदेश प्रेम और स्वाभिमान जीवित है, तो पराजय असंभव है। महाराणा प्रताप की जीत केवल एक युद्ध में नहीं थी, बल्कि यह उस विचारधारा की जीत थी, जो स्वतंत्रता, आत्मगौरव और धर्म की रक्षा के लिए अंत तक संघर्ष करती है। आज आवश्यकता है कि हम वामपंथी नैरेटिव से बाहर निकलकर इतिहास के सत्य को स्वीकार करें और प्रताप के बलिदान को राष्ट्र के गौरव का प्रतीक मानें।

(लेखक उपन्यासकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मौन रहना बहुत जरूरी, इससे शुद्ध होती वाणी



संकलित
**दर्शन**

मौन रहना बहुत उपयोगी है। इससे हमारी वाणी शुद्ध होती है। गहन मौन रचनात्मकता की जननी है। जो व्यक्ति बहुत व्यस्त, चिंतित, अति महत्त्वाकांक्षी या सुस्त है, उससे कोई रचनात्मकता नहीं निकल सकती। हमें अपनी दिनचर्या में मौन रखने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन बहुत अधिक बोलने की भी आवश्यकता नहीं है। यदि आप कुछ समय मौन रखेंगे, तो आप बोलने से पहले सोचेंगे। यदि आप बोलते रहेंगे, तो आप स्वयं नहीं समझ पाएंगे कि आप क्या बोल रहे हैं। क्या आपने कभी देखा है कि आपकी वाणी का दूसरों पर क्या प्रभाव पड़ता है? अकसर हम इस पर ध्यान नहीं देते, हम बड़बड़ाते रहते हैं। हम बस इतना कहना चाहते हैं कि जो हम कहना चाहते हैं, वह कह दें और मुक्त हो जाएं। नहीं, आपको यह देखना चाहिए कि आपकी वाणी का दूसरों पर क्या प्रभाव पड़ता है। भगवद्गीता में एक सुंदर दोहा है, जिसमें कहा गया है, जो शब्द लोगों के मन को विचलित नहीं करते और जो सत्य हैं, सत्य जो कल्याणकारी है और जो सुखद है, ऐसे शब्द बोलने चाहिए। इसे वाणी का तप कहा जाता है। वाणी के लिए तपस (तपस्या) केवल वही शब्द बोलना है जो दूसरों के मन को झकझोर न दें। किसी के मन को विचलित न करें या उन्हें दुख न पहुंचाएं। इसलिए ऐसे शब्द बोलें जो सुखद, सच्चे और परोपकारी हों, लेकिन सुनिश्चित करें कि आप मनभावन झूठ न बोलें। अपने अप्रिय शब्दों से दूसरों के मन और दिल को न कुचलें।

## दूसरों के जलाए दीपक का कोई मूल्य नहीं होता



संकलित
**प्रेरणा**

एक साधु के आश्रम में एक युवक बहुत समय से रहता था। फिर ऐसा संयोग आया कि युवक को आश्रम से विदा होना पड़ा। रात्रि का समय है, बाहर घना अंधेरा है। युवक ने कहा, रोशनी की कुछ व्यवस्था करने की कृपा करें। उस साधु ने एक दीया जलाया, उस युवक के हाथ में दीया दिया और उसे सीढ़ियां उतारने के लिए खुद उसके साथ हो लिया और जब वह सीढ़ियां पार कर चुका और आश्रम का द्वार भी पार कर चुका, तो उस साधु ने कहा, अब मैं अलग हो जाऊं, क्योंकि इस जीवन के रास्ते पर बहुत दूर तक कोई किसी का साथ नहीं दे सकता है और अच्छा है कि मैं इसके पहले इससे विदा हो जाऊं कि तुम मेरे साथ के आदी हो जाओ। इतना कहकर उस घनी रात में, उसने उसके हाथ के दीये को फूंक मार कर बुझा दिया।

वह युवक बोला, यह क्या पागलपन हुआ? अभी तो आश्रम के हम बाहर भी नहीं निकल पाए, साथ भी छोड़ दिया और दीया भी बुझा दिया। उस साधु ने कहा, दूसरों के जलाए हुए दीयों का कोई मूल्य नहीं है। अपनी दीया हो तो अंधेरे में काम देता है, किसी दूसरे के दीये काम नहीं देते हैं। खुद के भीतर से प्रकाश निकले तो रास्ता प्रकाशित होता है और किसी तरह रास्ता प्रकाशित नहीं होता है। तो मैं निरंतर सोचता हूं, लोग सोचते होंगे कि मैं आपके हाथ में कोई दीया दे दूंगा, जिससे आपका रास्ता प्रकाशित हो जाए, तो आप गलती में हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। - **मनीष**

## ट्रेंड

### 'राहुल गांधी' की जरूरत



यह आरोप लगाने के लिए एक 'राहुल गांधी' की जरूरत है कि ईद पर एक हिंदू हनुमान मंदिर में गोमांस फेंकने में सक्षम है (इसके बावजूद कि मुस्लिम समुदाय ने स्वीकार किया है कि उनके कुछ गुमराह तत्वों ने ऐसा किया है)।
-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### विकास का स्वर्णिम अध्याय



गुरुग्राम के मानेसर में भारत के सबसे बड़े गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन हम सभी के लिए हर्ष और गौरव का विषय है! हरियाणा की इस अग्रणी परियोजना से विकास का स्वर्णिम अध्याय आरम्भ होगा। इससे औद्योगिक मालवहन को नई गति और सुविधा प्राप्त होगी।
-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### जनता देगी जवाब



भाजपा ने केन्द्र में अपने 11 वर्षों के कार्यकाल के बारे में जो अपार उपलब्धियाँ वर्णित की हैं वे देशहित में कितनी लाभदायक रही हैं, सही समय आने पर जनता खुद उनका जवाब दे देगी।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### प्रौद्योगिकी का मार्च अजेय




5 साल में 80 फीसदी कंटेंट एआई द्वारा तैयार और डिलीवर किया जाएगा, चाहे वह फिल्म, टीवी, या कोई अन्य वैरिएशन हो। प्रौद्योगिकी का मार्च अजेय है। जो बचेगा वह है कहानी सुनाना और कहानी सुनाने वाले।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# पुतिन और शी जिनपिंग बनेंगे इजरायल-ईरान जंग में शांतिदूत

इजरायल और ईरान की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर रूसी राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि बीते कुछ दिनों से राष्ट्रपति पुतिन ने कई वैश्विक नेताओं से फोन पर महत्वपूर्ण बातचीत की है। पुतिन ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से लेकर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की। पेस्कोव ने कहा कि रूस जरूरत पड़ने पर मध्यस्थता करने के लिए भी तैयार है ताकि मौजूदा स्थिति को सुलझाया जा सके और मिडिल ईस्ट में शांति बहाली की कोशिश की जा सके। उन्होंने कहा कि हमारे सभी विभाग मौजूदा स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए हैं। हमने नेतन्याहू का बयान सुना और पढ़ा है। क्षेत्र में इस तरह की खतरनाक स्थिति पैदा करने वाली गतिविधियों की हम पुरजोर निंदा करते हैं। वहीं, सिर्फ रूस ही नहीं चीन ने भी इजरायल और ईरान जंग में मध्यस्थता की इच्छा जताई है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि उन्होंने इजरायल और ईरान दोनों से बातचीत के जरिए अपने मतभेदों को सुलझाने का अनुरोध किया था। मौजूदा ईरान-इजरायल संघर्ष को सुलझाने में चीन अपनी भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने कहा कि चीन हमेशा से राजनीतिक और डिप्लोमैटिक माध्यमों के जरिए ईरान के परमाणु मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान की वकालत करता है।



## ऑफ बीट

# सीतामढ़ी आश्रम, जहां रहीं सीताजी और लव-कुश ने लिया जन्म

सीताबाड़ी राजस्थान के बारां से लगभग 45 किलोमीटर दूर स्थित एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है, जिसका संबंध सीता माता से जुड़ा है। सीता माता को एक आदर्श पत्नी के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने कभी अपने सतीत्व को भंग नहीं किया। रावण की कैद में रहने के बाद भी वह सदैव पतिव्रता नारी रहीं। सीताबाड़ी मंदिर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक माना जाता है। इसका हिंदुओं के लिए धार्मिक और ऐतिहासिक महत्त्व है। सीताबाड़ी को वो पवित्र जगह माना जाता है, जहां भगवान श्री राम ने अपनी पत्नी को समाज से निकालने के बाद रहने की शरण दी थी। कहा जाता है जब भगवान राम ने सीता का त्याग कर दिया था, तब माता सीता अपने निर्वासन के बाद यहीं ठहरी थी, यहां महर्षि वाल्मीकि का आश्रम था और इसी आश्रम में माता सीता ने अपने दोनों पुत्र लव और कुश को जन्म दिया था, महर्षि वाल्मीकि ने लव-कुश को यहीं शिक्षा-दीक्षा दी और उन्हें धनुर्विद्या में पारंगत किया। श्रीराम की सेना और लव-कुश के बीच युद्ध भी यहीं हुआ माना जाता है, जिसमें लव-कुश ने विजय प्राप्त की थी। मंदिर में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की बहुत ही सुंदर मूर्तियां विराजित हैं। यहां भक्त दूर-दूर से माता सीता और भगवान राम के दर्शन करने आते हैं।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## दरगाह को लेकर बढ़ा विवाद तो सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# दूसरे की जमीन पर क्यों बनाया 17,000 स्क्वायर फीट पर ढांचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के थाने की एक दरगाह को हटाए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप किया है। कोर्ट ने 7 दिन तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। परदेशी बाबा ट्रस्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है, जिसमें दरगाह को हटाए जाने की अनुमति दी गई थी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार यह मामला 23 साल से परदेशी बाबा ट्रस्ट और एक प्राइवेट कंपनी के बीच चल रहा है। यह कंपनी जमीन पर मालिकाना हक होने का दावा करती है। कंपनी का कहना है कि दरगाह के 160 स्कवायर फीट के क्षेत्र को बढ़ाकर 17,160 स्कवायर फीट तक फैला दिया गया और यह जमीन कंपनी की है। इस निर्माण के लिए थाने म्युनिसिपिल कॉर्पोरेशन की भी अनुमति नहीं लगी गई। जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस बी वराले की बेंच मामले पर सुनवाई कर रही थी।

**खास बातें**

- शीर्ष अदालत ने कहा कि 7 दिन तक यथास्थिति बनाए रखें
- परदेशी बाबा ट्रस्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की
- दवा कंपनी कर रही इस जमीन पर अपना दावा



### बॉम्बे हाईकोर्ट ने अनधिकृत हिस्से को तोड़ने का दिया था निर्देश

*बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस निर्माण के खिलाफ दाखिल रिट पेटीशन पर सुनवाई करते हुए अनधिकृत हिस्से को तोड़ने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान इस तरह दरगाह के पास निर्माण करने के लिए परदेशी बाबा ट्रस्ट को फटकार लगाई और थाने म्युनिसिपिल कॉर्पोरेशन पर भी नाराजगी जताई कि उसने मामले से जुड़े हलफनामे में तथ्यों को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दी।*

### तथ्यों को लेकर स्पष्टता नहीं होने पर चिंता जताई

*सुप्रीम कोर्ट ने प्रक्रियागत अनियमितताओं और तथ्यों को लेकर स्पष्टता नहीं होने पर चिंता जताई। इस बात पर भी अस्पष्टता है कि क्या 10 मार्च के विध्वंस के आदेश का पूरी तरह से पालन किया गया। जस्टिस मेहता ने कहा कि मुकदमे के खारिज होने की बात का खुलासा न करना निराशाजनक है और अगर हाईकोर्ट को यह बात पता होती तो वह अलग निष्कर्ष पर पहुंच सकता था।*

**हासन को राहत और सरकार को दी मोहलत**

## कर्नाटक में रिलीज की जानी चाहिए फिल्म 'ठग लाइफ'




कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' की कर्नाटक में रिलीज को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस फिल्म को राज्य में रिलीज किया जाना चाहिए। साथ ही कहा कि भीड़ और निगरानीकर्ताओं को सड़कों पर कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने कहा कि कानून के अनुसार सीबीएफसी मंजूरी वाली फिल्म को हर राज्य में रिलीज किया जाना चाहिए'।

**जमानत याचिका खारिज**

## वाइफ स्वैपिंग, पत्नी संग सेक्स का ऑनलाइन ऑफर

*दिल्ली हाई कोर्ट ने एक ऐसे शख्स को जमानत देने से इनकार किया है जिस पर पत्नी को 'पार्टनर स्वैपिंग' के लिए मजबूर करने का आरोप है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी की तस्वीर लगा उसके साथ सेक्स का ऑफर दिए जाने का भी आरोप है। अदालत ने यह कहते हुए आरोपी को जमानत नहीं दी कि यह 'सामान्य वैवाहिक विवाद के आरोपों' का केस नहीं है।*



*जस्टिस गिरीश कथपालिया जिस शख्स की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे थे उस पर रेप, गैंगरेप, शारीरिक शोषण, क्रूरता और आपराधिक धोखाधड़ी जैसे आरोप हैं। 9 जून को दिए आदेश में अदालत ने कहा कि एफआईआर में लगाए गए आरोप रूढ़िवादी वैवाहिक विवाद के नहीं हैं।*


**खबर संक्षेप**

### रॉबर्ट वाद्रा फिर ईडी के सामने पेश नहीं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा के पति रॉबर्ट वाद्रा ब्रिटेन निवासी शस्त्र सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष अपनी निर्धारित गवाही के लिए पेश नहीं हुए। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्हें 10 को पेश नहीं होने के बाद मंगलवार को पेश होने के लिए कहा गया था।

### दवा कंपनी की इकाई में विस्फोट में व्यक्ति की मौत



**नागपुर।** नागपुर जिले में मंगलवार को एक दवा कंपनी की इकाई में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। भीलगांव में 'अंकित पल्प्स एंड बोर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड' की इकाई के 'ग्लास-लाइन्ड रिएक्टर' में विस्फोट हुआ। विस्फोट सुबह करीब 11 बजे हुआ जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

### एक साथ उठी 4 भाइयों की अर्थी, गांव गमगीन



**पाली।** तेलंगाना के बसारा में गोदावरी नदी में रविवार को हुए दर्दनाक हादसे ने राजस्थान के पाली और नागौर को कभी नहीं भूल सकने वाला गम दिया है। राजस्थान के पाली जिले के तीन सगे भाई, उनका एक मौसेरा भाई और नागौर का एक युवक नदी में डूब गए।मंगलवार को ढाबर गांव में जब 4 भाइयों की एक साथ चिताएं जलीं, तो हर आंख नम थी।

### चर्च सहायक ने 3 लड़कों का किया यौन उत्पीड़न



**चेन्नई।** यहां के अंबत्तूर इलाके में एक चर्च के फादर के सहायक पर 3 नाबालिग लड़कों के साथ यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी येसुदास को खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में गिरफ्तार भी कर लिया है।

## 2027 की जनगणना पर विपक्ष के वार पर भाजपा ने साधा निशाना

# कांग्रेस का लक्ष्य हो रहा विफल, वह हताशा में 'झूठा' प्रचार, भ्रम व अफवाह फैला रही

### *विपक्षी पार्टी का मुख्य उद्देश्य समाज में गुनराह करना और सत्ता लोलुपता*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस 2027 की जनगणना पर झूठा और भ्रामक प्रचार कर रही है क्योंकि समाज में विभाजन पैदा करके सत्ता हासिल करने की उसकी उम्मीद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की राष्ट्रव्यापी कवायद में जातिगत गणना को शामिल करने के फैसले से टूट रही है। कांग्रेस ने 16वीं जनगणना पर सरकार की अधिसूचना को 'निरर्थक' करार देते हुए सोमवार को कहा कि वह इस प्रक्रिया में जाति को शामिल करने के मुद्दे पर कुछ नहीं कहती है।

साथ ही, कांग्रेस ने पूछा कि क्या यह सरकार का एक और यू-टर्न है। यह देखते हुए कि कुछ भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं कि राजपत्र अधिसूचना में जातिगत गणना का कोई उल्लेख नहीं है। गृह मंत्रालय ने बाद में जोर देकर कहा कि जनगणना में जाति गणना शामिल की जाएगी। झूठे दावों के साथ लोगों को गुमराह करने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इस तरह के ओछेकृत्य का सहारा लेकर विपक्षी पार्टी का मुख्य उद्देश्य समाज में भ्रम पैदा करना और सत्ता हासिल करना है।

**कांग्रेस मिथ्या बातें, छल और झूठ पर उतारू**



उन्होंने मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि चूंकि कांग्रेस को अपना उद्देश्य पूरा होता नहीं दिख रहा है, इसलिए वह मिथ्या बातें, छल और झूठ फैलाने पर उतर आई है। त्रिवेदी ने कहा कि सरकार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि जनगणना के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन और जाति जनगणना भी कराई जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कांग्रेस की दृष्टि संकीर्ण और सीमित है, बल्कि कहना चाहिए कि उनकी सोच एक दुर्भावनापूर्ण एजेंडे से प्रेरित है। इसी कारण वे मोदी सरकार द्वारा जनगणना कराने के फैसले में जो स्पष्ट रूप से बताया गया है, उसे देखने में असमर्थ हैं।

### कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक की राजनीति की, कालेलकर आयोग और मंडल आयोग की रिपोर्ट रोकी

त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा जाति के नाम पर वोट बैंक की राजनीति की है । पार्टी ने 1951 में जाति जनगणना रोकने का फैसला किया और काका कालेलकर आयोग और मंडल आयोग की रिपोर्ट को जारी नहीं होने दिया। 'सबका साथ, सबका विश्वास' मंत्र के साथ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार जाति गणना के साथ जनगणना कराना चाहती है ताकि सभी जातियों की पहचान, सभी जातियों के लिए सम्मान और सबसे पिछड़ी जातियों का उत्थान" सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके विपरीत कांग्रेस और भाजपा के नेता जाति के आधार पर समाज में विभाजन पैदा करके केवल अपने परिवारों का उत्थान चाहते हैं।

### *पायलट ने जातिगत सर्वेक्षण का मॉडल अपनाने को कहा*



*कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने अधिसूचना में 'जातिगत गणना का उल्लेख नहीं होने' पर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि जाति जनगणना पर सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को 'भ्रम की स्थिति'पैदा करने के बजाय कांग्रेस शासित तेलंगाना में हुए हालिया जातिगत सर्वेक्षण का मॉडल अपनाते हुए जनगणना करानी चाहिए। केंद्र सरकार ने भारत की 16वीं जनगणना 2027 में कराने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की।*

### *राहुल ने भी जातिगत गणना की मांग की थी*


पायलट ने कि कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लंबे समय से मांग रखी थी कि देश में जब भी जनगणना हो, उसमें जातिगत जनगणना कराई जाए। जातिगत जनगणना का उद्देश्य सिर्फ जाति के बारे में जानना नहीं, बल्कि यह भी पता करना है कि अलग-अलग वर्ग के लोग किन स्थितियों में रह रहे हैं, सरकार की योजनाओं का लाभ ले पा रहे हैं या नहीं? देश और संस्थाओं में कितनी भागीदारी है तथा लोगों की शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है?

### मांग करने वालों को 'अर्बन नक्सल' बताया था

उन्होंने दावा किया कि भाजपा और प्रधानमंत्री ने अतीत में कई बार कहा कि जातिगत गणना की मांग उठाने वाले लोग 'अर्बन नक्सल' हैं तथा सरकार जातिगत गणना कराने के पक्ष में नहीं है। पायलट ने कहा कि भारी विरोध के बाद सरकार ने अचानक उनकी पार्टी की मांग को मानते हुए जातिगत गणना कराने का फैसला किया। उन्होंने आरोप लगाया अब एक बार फिर से जातिगत गणना कराने की बात से पीछे हटने को लेकर हमें सरकार की नीयत पर शक है।

**हमीरपुर में डॉ. भागवत का संबोधन**

## हिंदू समाज और देश को एकजुट रखने परस्पर मतभेदों को भुलाएं



एजेंसी ▶▶ हमीरपुर

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इस बात पर जोर दिया है कि यदि लोग आपसी मतभेद भूल जाएं तो हिंदू समाज और देश एकजुट रह सकता है। भागवत ने हमीरपुर जिले के टिपर गांव में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू धर्म, हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। यहां स्वयंसेवकों के उत्तर क्षेत्र विकास शिविर में भाग लेने के लिए 4 दिवसीय यात्रा पर हैं। हमारे समाज की संस्कृति को सहेजकर रखने के लिए आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म, हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। तीस मई से शुरू हुए कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम में कुल 212 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

### भारतीय समाज में पंच परिवर्तन का आह्वान किया

उन्होंने समाज में सकारात्मक परिवर्तन को गति देने एवं समाज में अनुशासन व देशभक्ति के भाव को बढ़ाने के उद्देश्य से समाज में पंच परिवर्तन का आह्वान किया है, ताकि अनुशासन एवं देशभक्ति से ओतप्रोत युवा वर्ग अनुशासित होकर अपने देश को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करें। वर्ग कार्यवाह डा. प्रताप सिंह ने कहा कि कि सर संघचालक डा. मोहन भागवत उत्तर क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम के चार दिन रहेंगे। इस दौरान वे वर्ग में आए स्वयंसेवकों के साथ विभिन्न सामाजिक विषयों पर व्यापक चर्चा करेंगे।

### 19 को होगा वर्ग का समापन

कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम में हिमाचल के अलावा दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़ सहित कुछ अन्य प्रदेशों के स्वयंसेवक प्रशिक्षण के लिए आए हैं। अभी तक प्रशिक्षण वर्ग में संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल व अरुण कुमार, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख बनवीर सिंह सहित डॉ. कुलदीप चद अग्निहोत्री, डॉ. रजनीश अरोड़ा के बौद्धिक सत्र हो चुके हैं। वर्ग-प्रथम में कुल 212 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। वर्ग का समापन कार्यक्रम 19 जून होगा, जिसमें समाज के गण मान्य बन्धु भगिनी कार्यक्रम दर्शन के लिए आएंगे।

**डॉक्टरों ने किया कमाल**

## 30 मिनट में निकाली 8 सेमी लंबी स्पून, दूसरे दिन दी छुट्टी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शालीमार बाग स्थित निजी अस्पताल में एक 30-वर्षीय पुरुष की दुर्लभ और असामान्य मेडिकल इमरजेंसी की गई। डॉ. रमेश गर्ग, सीनियर डायरेक्टर एवं एचओडी, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी के डॉक्टरों की टीम ने गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंडोस्कोपी प्रक्रिया को 30 मिनट में किया गया और मरीज को अगले ही दिन स्थिर हालत में अस्पताल से छुट्टी दी गई। उनके पेट के एक्स-रे समेत तत्काल डायग्नॉस्टिक इमेजिंग की गई, जिससे पता चला कि उनकी आंत के ऊपरी हिस्से में एक धातु का चम्मच फंसा हुआ था। मरीज की एनेस्थीसिया में तत्काल इमरजेंसी



अपर गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंडोस्कोपी की गई। सर्जिकल टीम ने फोरसेप की मदद से सावधानीपूर्वक मरीज के पेट से चम्मच निकाला। इस सर्जरी के बाद उन्हें 24 घंटे तक निगरानी में रखा गया। वे पूरी तरह स्थिर थे और उन्हें बिना किसी जटिलता के हेल्दी कंडीशन में डिस्चार्ज किया गया।

**बंगाल में बर्खास्त शिक्षकों का प्रदर्शन**

## सीएम ममता से की मुलाकात और विधानसभा तक निकाला विरोध मार्च

एजेंसी ▶▶ कोलकाता


पश्चिम बंगाल एसएससी भर्ती संकट को लेकर बर्खास्त शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बर्खास्त शिक्षण और गैर शिक्षण कर्मचारियों के एक ग्रुप ने सीएम ममता बेनर्जी से मुलाकात की। इसके बाद विधानसभा तक विरोध मार्च निकाला।

बर्खास्त शिक्षकों के ग्रुप ने मलिक स्क्वायर से विधानसभा तक मार्च निकाला, जबकि दूसरा गुट शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु को ज्ञापन सौंपने के लिए राज्य शिक्षा विभाग मुख्यालय विकास भवन की ओर बढ़ा। गुट का नेतृत्व कर रहे 'डिजर्विंग टीचर्स राइट फोरम' के एक सदस्य ने कहा कि हमें नई भर्ती



परीक्षा में बैठने के लिए कहकर राज्य सरकार ने वस्तुतः उन पात्र शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए मौत के वारंट पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, जिन्हें उच्चतम न्यायालय के आदेश द्वारा अमान्य कर दिया गया था। पहले भी कई ब ार शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन किया था, जिसमें ममता ने विचार करने के कहा था।

## बारिश से कई मकान क्षतिग्रस्त



**मंगलुरु।** कर्नाटक के मंगलुरु में मंगलवार को लगातार बारिश के कारण भूस्खलन के बाद क्षतिग्रस्त हुए मकान।

# भारत दुनिया का महत्वाकांक्षी राष्ट्र, भाषाओं के आधार पर विभाजन बर्दाश्त नहीं करेगा

### *धनखड़ ने देश के भविष्य की भलाई पर विचार करने को कहा*

एजेंसी ▶▶ पुडुचेरी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि भारत दुनिया का एक महत्वाकांक्षी राष्ट्र है और वह भाषा के मुद्दे पर विभाजन बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने लोगों से देश के भविष्य की भलाई पर विचार करने और 'इस तूफान से उबारने' की अपील की। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को अक्षरशः लागू करने की जोरदार वकालत करते हुए कहा कि यह शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी, जिससे देश के विकास को गति मिलेगी। धनखड़ पांडिचेरी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं। उन्होंने अफसोस जताया कि भाषाओं को लेकर विरोध हो रहा है।

### भाषाओं में भारत सबसे समृद्ध



उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी देश भाषाओं के मामले में भारत जितना समृद्ध नहीं है। संस्कृत का वैश्विक महत्व है और तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, ओडिया, मराठी, पाली, प्राकृत, बंगाली और असमिया के साथ 11 शास्त्रीय भाषाएं हैं। संसद में सदस्यों को 22 भाषाओं में बोलने की अनुमति है। हमारी भाषाएं समावेशिता का संकेत देती हैं।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 'महत्वपूर्ण बदलाव' लाएगी

उन्होंने कहा कि हमारे गंतव्य को देखें, भविष्य को ध्यान में रखें और हमें तूफान से उबरना चाहिए। एनईपी पर, उपराष्ट्रपति ने इसे नहीं लागू करने वाले राज्यों से कहा कि वे नीति को लागू करें क्योंकि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 'महत्वपूर्ण बदलाव' लाएगी।

**केंद्रीय पर्यावरण मंत्री यादव ने सामूहिक कार्रवाई को अहम बताया**

# बिग कैट की प्रमुख प्रजातियों का संरक्षण और सुरक्षा हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वन्यजीव संरक्षण में वैश्विक अग्रणी के रूप में उभरा है, जिसने पिछले दशक में उल्लेखनीय सफलताएं प्राप्त की हैं। उन्होंने कहा कि बिग कैट की सात प्रमुख प्रजातियों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण तथा सुरक्षा के लिए बिग कैट वाले देशों के बीच सामूहिक कार्रवाई महत्वपूर्ण है।भारत सरकार द्वारा बनाया गया, इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) 95 रेंज देशों का एक गठबंधन है। इसका उद्देश्य सात बिग कैट अर्थात बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा का संरक्षण करना है।

### 9 देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भी लिया भाग




इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) की पहली बैठक सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। भूपेंद्र यादव ने बैठक की अध्यक्षता की। जिसमें 9 देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। इन देशों में भूटान, कंबोडिया, इस्वातिनी, गिनी गणराज्य, भारत गणराज्य, लाइबेरिया गणराज्य, सूरीनाम गणराज्य, सोमालिया संघीय गणराज्य और कजाकिस्तान गणराज्य शामिल हैं। इसका उद्देश्य रेंज देशों में बिग कैट के संरक्षण को बढ़ावा देना है।

### मंत्री ने सहयोग का आह्वान किया

*इस दौरान केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बिग कैट रेंज देशों से आईबीसीए की पहलों और कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल होने और सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक में सर्वसम्मति से भूपेंद्र यादव को आईबीसीए के अध्यक्ष के रूप में अनुमोदित किया गया। इसके अलावा, एसपी यादव को आईबीसीए के महानिदेशक के रूप में भी अनुमोदित किया गया।*

### अंतरराष्ट्रीय समिति की बैठक की कार्यवाही का समर्थन किया

बैठक के दौरान अप्रैल 2024 में आयोजित आईबीसीए की पहली अंतरराष्ट्रीय संचालन समिति की बैठक की कार्यवाही का समर्थन किया गया। आईबीसीए द्वारा भारत के साथ हस्ताक्षरित मुख्यालय समझौते की पुष्टि की, कार्ययोजना, सभा की प्रक्रिया के नियमों और आईबीसीए के कर्मचारियों और वित्तीय विनियमों की नियमावली को मंजूरी दी। ये इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस के प्रभावी शासन, संचालन और सहयोगी पहलों के लिए मार्गदर्शक आधार के रूप में काम करेंगे।

# जेल में हुआ भगवान श्री कृष्णा का जन्म, भक्ति में झूमे बंदी

## श्री कृष्ण के लिए कैदियों ने बनाया केक, सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज के प्रवचनो से बंदियों में जागृत हो रही भक्ति

हरिभूमि, जबलपुर।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय जेल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्री कृष्ण का प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कारागार में भगवान के अवतार लेते ही बंदी भक्ति में झूम उठे। श्री नंदलाल के बधाई गीतों पर सभी ने जमकर नृत्य किया। कैदियों ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर केक बनाया और भगवान को अर्पित किया। कथावाचक शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने व्यासपीठ से भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा के साथ साथ गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार का वर्णन किया। इसके साथ ही बंदियों के आध्यात्मिक उत्थान के लिए तत्वज्ञान से परिपूर्ण हृदय परिवर्तन करने



वाले अनेक प्रसंग सुनाए। जिससे बंदियों के मन की अपराधिक प्रवृत्ति समाप्त हो और वह सत्य, धर्म तथा अहिंसा के मार्ग पर चलें। शास्त्री जी के प्रवचन सुनकर बंदियों के मन में भक्ति जागृत हो रही है और वह अपनी दिनचर्या में आध्यात्मिक बदलाव ला रहे। जेल अधिकारी भी बंदियों के आध्यात्मिक परिवर्तन से प्रभावित हैं। कथा में जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर के मार्गदर्शन में शास्त्री जी का स्वागत उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश ने किया। उप जेल अधीक्षक रूपाली मिश्रा, सहायक जेल अधीक्षक अंजू मिश्रा, प्रशांत चौहान, हिमांशु तिवारी एवं ओम प्रकाश दुबे ने आरती की। पूजन कार्य पंडित अमित उपाध्याय ने संपन्न कराया। इस दौरान जेल के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जेल में छाई खुशी

भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश ने केक काटकर भगवान को अर्पित किया। जेल के अधिकारी कर्मचारियों के साथ बंदियों ने श्री कृष्ण भगवान के जयकारे लगाए। कन्हैया के जयकारों से समूचा जेल परिसर गूंज उठा और पूरे जेल में खुशी का माहौल बन गया। शिवा विश्वकर्मा के भक्ति गीतों पर बंदियों ने जमकर नृत्य किया।

# नर्मदा तट पर जल्द बनेंगे होम स्टे

## परिक्रमा वासियों और पर्यटकों को मिलेगी सुविधा

जबलपुर।

नर्मदा तट पर पहुंचने वाले परिक्रमा वासी हो या पर्यटक अब जबलपुर का नर्मदा तट अलग अनुभूति कराएगा। सस्टेनेबल टूरिज्म पर कार्य कर रहे मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की होमस्टे योजना के अंतर्गत नर्मदा के मनोरम तट न्यू भेड़ाघाट के निकट डुडवारा में बने कच्ची मिट्टी के होम स्टे का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। नगर निगम उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन ने होम स्टे "नमामि नर्मदे पंचवटी" का दीप प्रज्ज्वल कर शुभारंभ किया। कच्ची मिट्टी की दीवारों से बने खपरेल के घर और इस परिसर की बगिया की ताजी हरी सब्जी इस होम स्टे की विशेषता है। इस नवीन होम स्टे का संचालन बोधन एवं नोनेलाल पटेल करेंगे। होम स्टे परियोजना के अंतर्गत लोक कल्याण भूमिका समिति होम स्टे का



निर्माण करा रही है। समिति की अध्यक्ष रेखा कुशवाहा ने बताया कि। डुडवारा गांव नर्मदा तट पर है, जहां से भेड़ाघाट की प्राकृतिक सुंदरता और ग्रामीण संस्कृति का अद्भुत अनुभव ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के अंतर्गत डुडवारा में 8 और होमस्टे का निर्माण होना है। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती भूरी बाई, पूर्व सरपंच मुकेश तिवारी, एवं ग्राम पर्यटक समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# स्टेशन से 6 निराश्रित व्यक्तियों का किया रेस्क्यू

## आरपीएफ ने मोक्ष मानव आश्रम में पुर्नवास के लिए भेजा

**जबलपुर।** जबलपुर रेलवे स्टेशन में गत दिवस ऑपरेशन सेवा के तहत आरपीएफ एवं वाणिज्य विभाग की टीम द्वारा रेलवे स्टेशन जबलपुर में विशेष अभियान चलाया गया जिसमें जबलपुर स्टेशन, रेलवे परिसर एवं प्लेटफॉर्म में निराश्रित 06 व्यक्ति (महिला व पुरुष) को रेस्क्यू किया गया इसके पश्चात रेस्क्यू किए गए सभी निराश्रित (महिला व पुरुष) को मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति में पुनर्वास हेतु भेजा गया। मोक्ष संस्था के आशीष ठाकुर ने बताया कि सभी को यहां अच्छे से रखा गया है और खाना पीना और चिकित्सिय देखभाल की जा रही है।

इस अभियान में आरपीएफ विभाग से सहा. उप निरीक्षक धीरज, प्रधान आरक्षक जितेन तिवारी, हरबंस बघेल, आरक्षक अरुण यादव, महिला



प्रधान आरक्षक गीता गायकवाड एवं वाणिज्य विभाग से डिप्टी एस एस कमर्शियल संजू जायसवाल के साथ ही टिकट निरीक्षक स्टाफ व मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति के सदस्य साथ में उपस्थित थे। मुख्य मानव समिति के आशीष ठाकुर ने बताया कि दो दिन पूर्व जीआरपी पुलिस द्वारा दो लावारिस ट्रेन एक्सीडेंट में मारे गए लोगों के शव समिति को सुपुर्द किए गए थे जिनका तिलवारा मुक्तिधाम में मोक्ष मानव संस्था द्वारा अंतिम संस्कार किया गया था।

# अर्थी जुलूस लेकर रादुविवि पहुंचे छात्र

## कुलगुरु से इस्तीफे की मांग, गेट पर जलाई अर्थी, पुलिस से झड़प

जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा विश्वविद्यालय में व्याप्त अराजकता, भ्रष्टाचार और छात्रविरोधी नीतियों के विरोध में अनुराग शुक्ला के नेतृत्व में जबरदस्त प्रदर्शन किया गया। जिसमें सैकड़ों छात्र सम्मिलित हुए प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की प्रतीकात्मक अर्थी ढोल-नगाड़ों के साथ विश्वविद्यालय में ले जाने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने रोका। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच हल्की झड़प भी हुई। अंततः छात्रों ने विश्वविद्यालय गेट पर ही प्रतीकात्मक 'अर्थी' का दहन कर कुलगुरु के तत्काल इस्तीफे की मांग की। एनएसयूआई के अनुराग शुक्ला ने कहा कि कुलगुरु की कार्यशैली पूरी तरह से निरंकुश, भ्रष्ट और छात्रविरोधी हो चुकी है। शासन की मेधावी योजना, संबल योजना और जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू न करके हजारों छात्रों से जबरन फीस वसूली की जा रही है। तकनीकी शिक्षा जैसे



महत्वपूर्ण क्षेत्र की हालत बदतर हो चुकी है—बीसीए और एमसीए जैसे कोर्स संचालित करने वाले विभागों में न कंप्यूटर लैब हैं, न जरूरी सॉफ्टवेयर। छात्रों को बिना प्रयोगात्मक ज्ञान के ही डिग्री लेने को मजबूर किया जा रहा है, जो न केवल एआईसीटीई के नियमों का उल्लंघन है, बल्कि देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा करता है।

उन्होंने यह भी कहा कि कुलगुरु पर एक महिला अधिकारी ने यौन उत्पीड़न, अभद्र भाषा जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं, जिनकी जांच उच्च न्यायालय के निर्देश पर एसआईटी कर रही है। इसके बावजूद वे पद पर बने हुए हैं, जो नैतिकता के विरुद्ध है। साथ ही वर्ष 2009 में उनकी प्रोफेसर पद पर नियुक्ति भी विवादित रही है, क्योंकि उस समय वे यूजीसी की पात्रता शर्तें पूरी नहीं करते थे। इसके अलावा, शासनादेश की अवहेलना करते हुए वे 25 लाख की इनोवा क्रिस्टा का उपयोग कर रहे हैं, जबकि शासन द्वारा अधिकतम 10 लाख की सीमा तय की गई है।

एनएसयूआई ने मांग की कि कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा को नैतिक आधार पर तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही विश्वविद्यालय में सभी शासकीय योजनाओं को तत्काल लागू किया जाए, तकनीकी विभागों में मूलभूत संसाधनों की व्यवस्था की जाए, और नियुक्तियों व वित्तीय अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच हो।

प्रदर्शन में सागर शुक्ला, अदनान अंसारी, प्रतीक गौतम,एजाज अंसारी,सक्षम यादव, अनुराग शुक्ला,शफी खान, सैफ मंसूरी, सचिन रजक,अंकित शुक्ला,अभ्युत वाजपेई ,अमित सिंह, साहिल थामस,मो.वकार, अंकित कोरी, निखिल वंशकार,युग ठाकुर, अर्पित केसरवानी, अनिकेत मेश्राम,साहिल उइके,विक्की ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## पशु कल्याण के क्षेत्र में वीयू की एक पहल

# वीयू के मेडिसिन विभाग में टेम्परेचर मैनेजमेंट यूनिट का उद्‌घाटन

**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय (एनडीव्हीएसयू), जबलपुर के पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशु पालन महाविद्यालय के वेटरनरी मेडिसिन विभाग में एयर कंडीशंड टारगेटेड टेम्प्रेचर मैनेजमेंट यूनिट का उद्‌घाटन विगत सप्ताह को विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण यूनिट का शुभारंभ माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) मनदीप शर्मा द्वारा किया गया, जिनके साथ पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशु पालन महाविद्यालय, जबलपुर के अधिष्ठाता डॉ आर के शर्मा, भी उपस्थित रहे।

### आपात स्थितियों से निपटने आधुनिक सुविधा

यह यूनिट वेटरनरी मेडिसिन विभाग में स्थापित की गई है, जहाँ पर अक्सर अत्यधिक ठंड और अत्यधिक गर्मी के कारण श्वानो एवम बिल्लियाँ की गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं



सामने आती रही हैं। पशु औषधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार गुप्ता, डॉ. अमिता तिवारी, डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. शिल्पा गजभिये, डॉ. शशि प्रधान, डॉ. रणबीर सिंह जाटव एवं समस्त पीजी एवं पीएचडी छात्र-छात्राओं ने इस यूनिट की स्थापना में केंद्रीय भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि इस यूनिट की स्थापना की अत्यंत आवश्यकता थी क्योंकि तापमान नियंत्रण की अनुपलब्धता के चलते कई बार पालतू पशुओं की मृत्यु हो जाती थी।

### नव स्थापित यूनिट की खासियत

इस नव स्थापित यूनिट में इलेक्ट्रिक ब्लैंकेट्स – हाइपोथर्मिया से पीड़ित पशुओं को गर्म रखने। कूलिंग मैट्स – गर्मी से ग्रस्त पशुओं का तापमान नियंत्रित करने।रूम हीटर – सर्दियों में वातावरण को गर्म बनाए रखने के लिए।एयर कंडीशनिंग सिस्टम – वर्ष भर एक नियंत्रित तापमान बनाए रखने।

### यूवी बेबी बॉडी वार्मर

यह यूनिट विशेष रूप से उन मौसम स्थितियों के लिए बनाई गई है, जहाँ सर्दियों में तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे और गर्मियों में 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच जाता है। ऐसे में यह सुविधा पालतू पशुओं की जीवन रक्षा के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगी।

### कुलपति का वक्तव्य

इस अवसर पर कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा ने कहा, टारगेटेड टेम्प्रेचर मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना पशु चिकित्सा के बहुत जरूरी था। इससे हम गंभीर स्थितियों में समय पर चिकित्सकीय हस्तक्षेप कर पालतू पशुओं की जान बचा सकेंगे। यह पशु कल्याण और चिकित्सा शिक्षा दोनों की दिशा में एक प्रभावशाली पहल है।

# मोक्ष मार्ग जाने के लिए परिग्रह कम करे

## आचार्यश्री की मंगलदेशना

**जबलपुर।** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर शिवनगर में आचार्यश्री समयसागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा, जिसको भी शिवनगर की ओर जाना है उसको परिग्रह कम कर देना चाहिए। जिस प्रकार अधिक भार



होने पर हमें पर्वत पर चढ़ना मुश्किल हो जाता है उसी प्रकार जिसे मोक्ष की ओर जाना है उसे उसे अपने परिग्रह को कम करके हल्का होना पड़ेगा। आजकल लोगों का ब्रेन काम नहीं कर रहा है क्योंकि शरीर को उठाने के लिए क्रेन की आवश्यकता पढ़ने लगी है लेकिन जब हमारी आत्मा मोक्ष प्राप्त करती है तो मात्र एक समय में वह 7 राजू गमन करके सिध्दालय में पहुँच जाती है। उसके कर्मो का क्षय हो गया है इसलिए वह ऋजुगति मात्र एक समय में अपने अंतिम लक्ष्य मोक्ष को प्राप्त कर लेती है। मोक्ष जाने के लिए हमें अन्य पदार्थों के प्रति हमारी जो इच्छायें है उसको छोड़ना पड़ता है। धर्मसभा के प्रारंभ में आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के तैल चित्र के समक्ष शिवनगर जैन मंदिर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों राजेश जैन, महेन्द्र जैन, अभिषेक जैन, संजय जैन, कमलेश जैन, संजय जैन, प्रमोद मोदी, प्रवीण जैन, मनोज जैन एवं निवृतमान पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित किया। धर्मसभा का संचालन पंडित अमित शास्त्री ने किया।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र./0501/अ- 6 /2024
**आम इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति भवनवती पति जोखूलाल निवासी मंडला रोड चंडी मोहल्ला सालीवाड़ा जबलपुर द्वारा ग्राम गुरैया खसरा नं. 45/1 रकवा 0.0560 हेक्टेयर / वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रयपत्र / वसीयतनामा / सहमति पत्र / फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अत: उक्त भूमि आवेदक / आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र.... में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनॉक 12/06/2025 को जारी।
जारी दिनॉक - 12/06/2025
पेशी दिनॉक - 27/06/2025
**अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं.अधि./सं.क्र.5/2025-26/25
दिनांक:- 17/06/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति कल्पना बेडेकर पति श्री किशोर विनायक बेडेकर ने भवन क्र. 97/9 फ्लैट 301 वार्ड जवाहरगंज द्वितीय तल 515 आ. विक्रय पत्र माननीय न्यायालय के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 97/9 फ्लैट 301 पर नामांतरण हेतु पंजीकृतश्री सुनील बेडेकर पिता श्री विनायक बेडेकर पिन नं. 1000393555/41400222 पर जिस किसी को भी उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं. 05**
**नगर निगम, जबलपुर**



# चिन्हित गांवों में 30 जून तक लगेंगे शिविर

## धरती आबा अभियान

**जबलपुर।** जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे के सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति हेतु चलाये जा रहे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जबलपुर जिले के सात विकासखंडों के चिन्हित 171 गाँवों में 15 जून से 30 जून तक शिविरों का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा अभियान के तहत शिविरों के प्रभावी और सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये हैं। श्री सक्सेना ने अभियान के तहत आयोजित किये जा रहे शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत सभी पात्र जनजातीय परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराने तथा जनजातीय गाँवो में सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सेवाओं का विस्तार किए जाने के साथ ही मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (एमएमयू) की स्थापना भी की जायेगी, जिससे कि स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुँच सुनिश्चित की जा सके। सहायक आयुक्त जनजातीय कल्याण नीलेश रघुवंशी के अनुसार धरती आबा अभियान के तहत चिन्हित गांवों में विकासखण्ड कुण्डम के 91, जबलपुर के 37, शहपुरा के 18, पनागर, मझौली एवं सिहोरा के 7-7 तथा विकासखण्ड पाटन के 4 गाँव शामिल हैं।

**CHANGE OF NAME**
I, KUMARI CHANDA RAJBHAR (existing Name of spouse as per Service Record) is legally wedded spouse of No. JC-735068M RANk SUB NAME AMIT KUMAR YADAV presently residing at VILL-GUMMA, PO-GUMMA, TEH-JAKHNIA, DISTT-GHAZIPUR (UTTAR PRADESH)-233305 I,have changed of my name from KUMARI CHANDA RAJBHAR (Name as per my Husband Army service records) to CHANDA RAJBHAR (name as per my AADHAR CARD) vide affidavite dated 16/06/2025 formerly befor public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (M.P.)
CORRECT NAME
CHANDA RAJBHAR
INCORRECT NAME
KUMARI CHANDA RAJBHAR

# कृषि विश्वविद्यालय में योग दिवस की तैयारियां शुरु

## छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के लिए प्रशिक्षण प्रारंभ

जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा के संयोजन में आंचलिक खेल परिसर, जनेकृविवि में दिनांक 01 जून से 21 जून तक विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कृषिनगर निवासियों हेतु निःशुल्क 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में प्रतिदिन प्रातः 6.30 से 7.30 बजे तक खेल अधिकारी डॉ. आशीष कुमार निगम, खेल अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र सिंह नरवरिया योग समन्वयक एवं योग प्रशिक्षक सूर्या कुमार वर्मा के सानिध्य में छात्र-छात्राएं, प्राध्यापकगण, वैज्ञानिकगण, अधिकारीगण एवं कृषिनगर निवासी नियमित योगाभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के इस 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में योगयुक्त स्वस्थ्य जीवन शैली आधारित कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं। इसी तारतम्य में तीन दिवसीय हार्टफुलनेस एवं ध्यान योग कार्यशाला आयोजित की गई थी। जिसमें हाटफुलनेस संस्था की प्रशिक्षिका श्रीमती सुधा भाटिया, शोभा दुबे, उमेश पारखी, जी.पी. रजक, उमेश जलोटे ने मेडिटेशन, मानसिक शुद्धीकरण, एकाग्रता, कार्यक्षमता उन्नयन, सकारात्मक स्वस्थ जीवन शैली हेतु योग एवं ध्यान क्रियाओं का वृहद प्रशिक्षण प्रदान किया।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 17/06/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स युग एसेट्स मेनेजमेंट कंपनी श्रीमति अंजली आहुजा पति श्री गुरूमुख आहुजा, श्री अखिल चावला पिता श्री हरीशचंद्र चावला, श्रीमति नीलम बिंदुरानी पति श्री प्रदीप बिंदुरानी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड खसरा नं. 7/3 का भाग गौरैया घाट चौथी मील सम्पत्ति के पिन क्रमांक (1) 1000379295 (2) 1000382851 (3) 1000380355 (4) 1000383555 सभी पिनों को पिन क्र. 1000383555 में मर्ज किया जाना है (सम्मिलित) पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 45077 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज मेसर्स जीएसबी कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. श्री सरदार गुरविंदर सिंह भसीन पिता स्व. गुरूमुख सिंह भसीन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 17/06/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विजय रोहाणी पिता स्व. श्री आई. डी. रोहाणी ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक 16/3 डी. शीला टॉकिज सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000398855 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 2061.5 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री राजकुमार अग्रवाल पिता श्री राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 17/06/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विजय रोहाणी पिता स्व.श्री आई. डी. रोहाणी, श्री यश रोहाणी पिता श्री अशोक रोहाणी ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक लवली होटल के पास सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000397196 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1386 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री ब्रिजेश श्रीवास्तव पिता श्री रामरतन श्रीवास्तव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 17/06/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्चस्व इंफ्रा. एंड डेवलपर्स एस.एल.पी. द्वारा पार्टनर उपेन्द्र सिंह, मनोज जैन, इन्द्र कुमार पटेल, अंकुश जायसवाल ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक खसरा नं. 299/1 नया 299/3 प्रगति नगर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000378661 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 24796 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री सुब्रमणियम रामनाथन, श्री ए.के. रामनाथन पिता श्री व्ही. रामनाथन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं.अधि./सं.क्र.5/2025-26/26
दिनांक:- 17/06/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रूकमणी पटेल पति स्व. श्री त्रिलोक चंद पटेल ने भवन क्र. 123/2 वार्ड जवाहरगंज क्षेत्रफल 1231 वर्गफुट भूतल 700+350 व्या.+आ. प्रथमतल 700+350 व्या.+आ. द्वितीय तल 850 व्या. तृतीय तल 600 आ. शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण/वसीयतनामा माननीय न्यायालय के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 123/2 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत श्री त्रिलोक चंद पटेल पिता श्री चरन लाल पिन नं. 1000392732/41400294 पर जिस किसी को भी उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं. 05**
**नगर निगम, जबलपुर**

## खबर संक्षेप

### सैमसंग आरएंडडी और आईआईटी में समझौता

**गुरुग्राम।** सैमसंग आरएंडडी इंस्टीट्यूट, नोएडाने इंडस्ट्री और शिक्षा जगत के बीच सहयोग को और मजबूत करते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देना, तकनीकी विकास को गति देना और भविष्य के लिए तैयार प्रतिभाओं को तैयार करना है। यह सहयोग भारतीय भाषाओं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थटेक और जनरेटिव एआई जैसे उभरते क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा।

### यूएस क्रैनबेरीज देशभर में आसानी से उपलब्ध

**नई दिल्ली।** यूएस क्रैनबेरीज अब देशभर के ड्राई फ्रूट स्टोर्स और प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर आसानी से उपलब्ध हैं, जिससे यह हर परिवार के लिए एक सुलभ और सुविधाजनक विकल्प बन गया है। यूएस क्रैनबेरीज में प्राकृतिक रूप से एंटीऑक्सिडेंट्स और डाइटरी फाइबर प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो पाचन में मदद करते हैं और गट फ्लोरा को फिर से संतुलित करने में सहायता करते हैं। प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. इमरान पटेल ने बच्चों की डेली डाइट में यूएस क्रैनबेरीज शामिल करने की सलाह देते हैं।

### तनिष्क डायमंड्स का नया 'रेडियंस इन रिदम'

**मुंबई।** तनिष्क ने अपना सबसे नया प्राकृतिक हीरों का कलेक्शन प्रस्तुत किया है। 'रेडियंस इन रिदम'। कुशल हाथों ने, पूरे दिल से, एक-एक कहानी को बुनते हुए बनाया हुए यह कलेक्शन आधुनिक महिला से ही प्रेरित है, ऐसी महिला जो अनोखी है, अपनी एक विशेष पसंद रखती है और बहुत ही आसानी से सबसे आगे रहती है। 'रेडियन्स इन रिदम' सिर्फ आभूषण नहीं हैं बल्कि आधुनिक आधुनिक महिला की अभिव्यक्ति हैं, जिसे बहुत ही कलात्मक ढ़ंग और शानदार तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

### मणिपाल में सर्जरी के बिना निकाला टूथब्रश

**कोलकाता।** डॉ. संजय बसु, सीनियर कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, मणिपाल अस्पताल मुकुंदपुर ने अस्पताल में भर्ती हुई एक महिला जिसने गलती से टूथब्रश निगल लिया था एंडोस्कोपिक प्रक्रिया के जरिए महिला के पेट से टूथब्रश को सफलतापूर्वक निकाला। यह एक उच्च जोखिम वाली एंडोस्कोपी थी, जिसमें सर्जरी की आवश्यकता को टालते हुए सुरक्षित रूप से वस्तु को बाहर निकाला गया। महिला को सांस लेने में तकलीफ और सीने में दर्द हो रहा था, जिसके कारण तुरंत चिकित्सकीय जांच की गई।

दुग्ध उत्पादों की महंगाई से आम आदमी परेशान, घटी परचेजिंग पावर

# ग्राहकी का अभाव फिर भी शुद्ध घी रिटेल में 650 रुपए के पार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दुग्ध उत्पादों ने आम आदमी की कमर तोड़ कर रख दी है। कारोबारियों का कहना है कि गर्मियों के कारण यह वृद्धि हुई है। मांग इस समय चरम पर है,लेकिन उत्पादन में कमी है। गर्मी के दिनों में पशु भी दूध कम देते हैं इसलिए सभी डेयरी उत्पाद महंगे हो रहे हैं। डेयरी व्यवसाय से जुड़े व्यवसायियों के अनुसार कंपनियों के दाम बढ़ाने से बिक्री पूरी तरह खत्म हो गई है। जिस व्यापारी के रोज दस टिन बिकते थे, उनकी बिक्री दो टिन भी नहीं रही है। वहीं रिटेलर भी इस समय खरीदी को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं। महंगाई चरम पर होने लोगों की परचेजिंग पावर घटी है। बताया जा रहा है कि मौजूदा समय में ग्राहकी के अभाव होने से व्यापारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।



थोक में ग्राहकी नदारद आर्थिक तंगी से जूझ रहे डेयरी व्यवसायी



**देसी घी की विदेशों में डिमांड होने से घी के थोक भाव ऊंचे**

*बाजार जानकार और सेंट्रल इंडिया डेयरी फॉर्म के राजेश गुप्ता (बबूल भाई) के अनुसार भीषण गर्मी के कहर का असर दुधारू गाय-भैस मवेशियों पर भी पड़ रहा है। पशुओं में दूध में कमी आ रही है। सामान्य मौसम में जो पशु 12-15 लीटर दूध देती थी गर्मी की वजह से घटकर 6 से 7 से आठ लीटर तक आ गई है। चारा-पानी, खल्ली चुंन्नी में तो खर्च उतना ही आ रहा है। उत्पादन कम होने से शहर में दूध की सप्लाई 30 फीसदी तक प्रभावित हो रही है। तो वहीं देसी घी की विदेशों में डिमांड होने से घी के थोक भाव ऊंचे बने हुए है। उन्होंने बताया कि वैवाहिकी सीजन पर फिलहाल विराम लगने से शुद्ध घी से ग्राहकी नदारद है बाजार बहुत मंदा है पैसों की बहुत तंगी है। घी और पाउडर दोनों में बिल्कुल सेल नहीं है। उन्होंने बताया कि डेयरी बाजार में शुद्ध के थोक भाव ब्रांड अनुसार -नोवा घी 574 रुपए, पारस 574 रुपए, अशोक 570 रुपए, सम्प्रति 575 रुपए, अमूल 590 रुपए, नोवा पाउडर 310 रुपए, अमूल सागर 324 रुपए , गाय के दूध पाउडर लगभग 260 रुपए से लेकर 280 रुपए प्रति किलो के भाव है। वहीं स्टेंडर्ड इंडिया डेयरी फार्म के बबलू भाई के अनुसार अमूल्य, सांची सहित अन्य दुग्ध उत्पाद तैयार करने वाली कंपनियों द्वारा दूध के दाम में बढ़ोतरी किए जाने से शुरू साल से अभी तक दूध के दाम 4 रुपए प्रति लीटर बढ़ गए है। जिससे दूध सहित दुग्ध उत्पादों के दाम बढ़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि शुद्ध देशी घी रिटेल में 640 से 660 रुपए किलो के भाव बिक रहा है। जबकि मावा और पनीर 280 से 300 रुपए किलो के भाव है। बताया जा रहा है कि बाजार में घी और पाउडर दोनों की कीमतें बढ़ी हुई हैं। पिछले साल की तुलना में दूध सप्लाई बेहतर है।*

### गर्मी बढ़ने से शुद्ध देसी घी में शॉर्टेज मंडियों में बन गई

*हरियाणा डेयरी फार्म के संचालक नरेश खुल्लर और सौरभ खुल्लर के अनुसार गत सप्ताह दूध पाउडर एवं देसी घी में ग्राहकी कमजोर होने से भाव में ठहराव बना रहा, लेकिन गर्मी बढ़ने से देसी घी में शॉर्टेज की स्थिति मंडियों में बन गई है। आगे लिक्विड दूध की कमी को देखकर देसी घी एवं दूध पाउडर में और तेजी लग रही है। वहीं नकली आयातित बटर से निर्मित मिलावटी माल धड़ले से बिक रहे हैं, जिस कारण असली देसी घी निर्माताओं को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि बटर का स्टॉक प्लांटों में नहीं है, लेकिन मिलावटी देसी घी एवं नकली बटर आयल सस्ते भाव पर बिकने से देसी घी की बिक्री पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। फिलहाल जुलाई में 5 दिन शादियों की खपत जोरों पर रहेगी। उससे पहले घरेलू खपत की भी सेल चलेगी। बताया जा रहा है कि जुलाई माह में दूग्ध उत्पादन में कमी को देखते हुए 200 रुपए प्रति टीन और तेज लग रहा है। इधर गर्मी बढ़ने से दूध पाउडर की खपत भी बढ़ गई है। उल्लेखनीय है कि देश में घी का कारोबार करीब 50 हजार करोड़ रुपए का है। ये आंकड़ा इस कारोबार में शामिल सिर्फ बड़े ब्रांड का है।*

मुंबई में चमका औद्योगिक भविष्य

# सीआईआई वायर टेक में जुटे देश-विदेश के दिग्गज

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

सीआईआई वायर टेक 2025 और सीआईआई पाइप्स एंड ट्यूब्स शो के दूसरे संस्करण का भव्य शुभारंभ मुंबई के बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर में हुआ। उद्घाटन अवसर पर महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राधाकृष्णन बी. (आईएएस ) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ टाटा स्टील के अनुराग पांडे, राजरतन ग्लोबल वायर के सुनील चोरडिया और केईसी इंटरनेशनल के मंजीत सिंह सेठी भी मौजूद रहे। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का शिखर सम्मेलन और प्रदर्शनी भारत के वायर, केबल, पाइप और ट्यूब उद्योग के पूरे वैल्यू चेन को एक मंच पर लाया है। सीआईआई वायर टेक 2025 और सीआईआई पाइप्स एंड ट्यूब्स शो में वेंडर डेवलपमेंट मीट्स, प्रोडक्ट लांच, तकनीकी प्रस्तुतियां और 8 विषयगत सम्मेलन सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप यह आयोजन नवाचार, साझेदारी और भारत को वैश्विक औद्योगिक शक्ति बनाने के संकल्प को मजबूती प्रदान कर रहा है।



### अपने स्वच्छ ऊर्जा रोडमैप को आगे बढ़ा रहेः राधाकृष्णन

*इस अवसर पर राधाकृष्णन बी. ने कहाकि वायर और केबल सेक्टर महाराष्ट्र के 32 गीगावाट विजन को पूरा करने की कुंजी है। हमने भुसावल में 660 मेगावाट की इकाई चालू की और 2×660 मेगावाट कोराडी विस्तार के लिए 8,000 करोड़ का अनुबंध दिया। इसके साथ ही हम 150 मेगावाट की मुख्यमंत्री सौर कृषिवाहिनी परियोजना जैसी प्रमुख सौर पहलों के साथ अपने स्वच्छ ऊर्जा रोडमैप को आगे बढ़ा रहे हैं।*

### रणनीतिक विकास दृष्टिकोण पर जोर सुनील बोले

*सीआईआई वायरटेक 2025 के अध्यक्ष और राजरतन ग्लोबल वायर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील चोर्डिया ने रणनीतिक विकास दृष्टिकोण पर जोर दिया। उन्होंने कहाकि भारत का वायर और केबल बाजार सिर्फ धातु से कहीं अधिक है। यह देश के विकास इंजन का तंत्रिका तंत्र है। मजबूत नीति समर्थन और निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, ईवी, रक्षा और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों से बढ़ती मांग के कारण उद्योग 2032 तक सालाना आधार पर 8 फीसदी की वृद्धि करने के लिए तैयार है।*

# ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन का पांच दिवसीय महाअधिवेशन 20 अगस्त से श्रीलंका के कोलंबो में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन का पांच दिवसीय 22वां वार्षिक महाअधिवेशन श्रीलंका में होगा। फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा ने बताया कि ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक एसोसिएशन की अध्यक्ष रवि जिंदल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। ऑल इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल राव एवं महासचिव अशोक चावला ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष एसोसिएशन का 22वां पांच दिवसीय महाअधिवेशन 20 से 24 अगस्त श्रीलंका के कोलंबो में होगा। कोषाध्यक्ष पंकज शौकीन ने बताया कि महा अधिवेशन में देश 22 राज्यों के टेंट व्यापारियों परिवार सम्मिलित होंगे। फेडरेशन ऑफ एमपी टेट एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा ने बताया कि मध्य प्रदेश से काफी संख्या में टेंट व्यापारी परिवार के सदस्य इस अधिवेशन में सम्मिलित होंगे।



### पीएनबी का दुर्घटना बीमा योजना के लिए एससीसीएल से करार

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के साथ व्यापक पीएनबी वेतन बचत योजना शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें एससीसीएल कर्मचारियों के लिए 1.25 करोड़ रुपए के बढ़े हुए दुर्घटना बीमा कवरेज की सुविधा उपलब्ध है। इस करार पर हस्ताक्षर पीएनबी एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र व दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया जो कोयला खदान श्रमिकों व उनके परिवारों को व्यापक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। पीएनबी एमडी अशोक चंद्र ने कहाकि एससीसीएल के साथ यह समझौता अन्य क्षेत्रों के लिए एक मॉडल के रूप में काम करेगा। यह विशेष तौर पर तैयार की गयी योजना एससीसीएल कर्मचारियों के लिए अब लागू हो रही है, और हम जल्द ही अन्य उद्योगों को भी इसी तरह की व्यापक कवरेज प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।₹

### ब्लैकस्टोन ने सिटी मॉल को 3,250 करोड़ में खरीदा

**मुंबई।** वैश्विक निवेश कंपनी ब्लैकस्टोन ने कोलकाता में साउथ सिटी मॉल को 3,250 करोड़ रुपये में खरीदा है। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने मंगलवार को एक बयान में कहा, ''ब्लैकस्टोन ने 3,250 करोड़ रुपये में इस प्रमुख संपत्ति का अधिग्रहण किया है। इस सौदे में एनारॉक सलाहकार कंपनी थी। साउथ सिटी मॉल 10 लाख वर्ग फुट में फैला हुआ है और यह संपत्ति 1800 करोड़ रुपये से अधिक का औसत वार्षिक कारोबार करती है। ब्लैकस्टोन के भारत में रियल एस्टेट अधिग्रहण प्रमुख आशीष मोहता ने कहा, ''हम भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने और इस प्रतिष्ठित संपत्ति में निवेश करने के लिए रोमांचित हैं। साउथ सिटी मॉल एक ऐसी जगह है, जहां समुदाय के लोग एक साथ आते हैं... यह कोलकाता में खरीदारी, भोजन, अवकाश और मनोरंजन के लिए एक बेहतरीन गंतव्य है।''

# टीवीएस का आईक्यूब के साथ इंडोनेशियाई बाजार में प्रवेश

**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी ने अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर आईक्यूब के साथ इंडोनेशियाई इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार में प्रवेश की मंगलवार को घोषणा की।

टीवीएस मोटर कंपनी ने बयान में कहा कि कंपनी की इकाई पीटी टीवीएस मोटर ने इंडोनेशिया में आईक्यूब के लिए बुकिंग शुरू कर दी है। इसकी शुरुआती कीमत 2.99 करोड़ इंडोनेशियाई रुपिया (करीब 1.6 लाख रुपये) है।

टीवीएस मोटर कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (आसियान) जेम्स चैन ने कहा, '' इंडोनेशिया के दोपहिया वाहन खंड में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) अपनाने में पिछले तीन वर्ष में 101 प्रतिशत (सालाना संचयी वृद्धि दर) की मजबूत वृद्धि दर्ज की। हम टीवीएस आईक्यूब के रूप में एक विश्वसनीय, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और आकर्षक मूल्य निर्धारण के साथ ईवी को बढ़ावा देने के सरकारी प्रयासों में भागीदार बनकर खुश हैं।'' कंपनी ने बयान में कहा कि उसके इलेक्ट्रिक स्कूटर को ईस्ट करवांग स्थित पीटी टीवीएस मोटर कंपनी के विनिर्माण संयंत्र में 'असेंबल' किया जाएगा। टीवीएस मोटर कंपनी के उपाध्यक्ष (ईवी अंतरराष्ट्रीय व्यापार) मधु प्रकाश सिंह ने बताया कि वैश्विक स्तर पर आईक्यूब का बिक्री आंकड़ा छह लाख इकाई के पार पहुंच चुका है। कंपनी के अनुसार, आईक्यूब एक बार चार्ज करने पर 115 किलोमीटर तक चल सकता है। इसकी अधिकतम गति 78 किलोमीटर प्रति घंटा है और यह 4.2 सेकंड में 0-40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ सकता है।



### नीति आयोग की कार्बन मुक्त भारत कार्यशाला में आरकेडीएफ के वैज्ञानिकों को सराहा

**भोपाल।** कार्बन मुक्त भारत में अहम भूमिका निभाने के लिए भारत सरकार के नीति आयोग ने मध्यप्रदेश की आरकेडीएफ युनिवर्सिटी को गौरवांवित होने का अवसर प्रदान किया है। यह अवसर आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के विषय विशेषज्ञों डॉ.वीके सेठी और प्रोफेसर डॉ.रश्मि द्विवेदी को नीति आयोग की राष्टीय कार्यशाला में आमंत्रित करके प्रदान किया गया है। नीति आयोग ने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली में कार्बन अभिग्रहण उपयोग और भंडारण सीसीयूएस पर एक महत्वपूर्ण राष्टीय कार्यशाला का आयोजन बीते दिन किया था। जिसका उद्देश्य सीमेंट और स्टील जैसे प्रमुख उद्योगों को कार्बन मुक्त करने की रणनीतियों पर विचार करना था। इस दौरान टेक्नालॉजी, वित्तपोषण और नीति ढांचे परगहन विचार-विमर्ष किया गया, जो सन 2070 तक के भारत के नेट-जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यशाला में कई शीर्ष विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं ने भाग लिया।

### अभा हैहय कलचुरि महासभा में राजेश राय प्रदेश सचिव (प्रचार) मनोनीत

**भोपाल।** अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी में राजेश राय 'पत्रकार' को प्रदेश सचिव (प्रचार), मध्यप्रदेश पद पर मनोनीत किए जाने पर समाजजनों में हर्ष व्याप्त है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जय नारायण चौकसे, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौकसे, प्रदेश महासचिव वीरेंद्र (पप्पू) राय, हरिराम राय प्रदेश महासचिव प्रचार ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# कोयला खदान नीलामी में जिंदल स्टील ने लगाई बोलियां

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के 12वें दौर में बिक्री के लिए रखी गई कोयला खदानों के लिए बोली जमा करने वालों में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, एनएलसी इंडिया लिमिटेड और कोल इंडिया की इकाई वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) शामिल हैं। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नीलामी प्रक्रिया में कुल 27 कंपनियों ने अपनी बोलियां दी हैं। बयान में कहा गया कि नीलामी के तहत पहली बार 10 से अधिक नई कंपनियों ने भाग लिया है। बोली लगाने वाली अन्य कंपनियों में अदास माइनिंग एंड इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, अलोम सोलर प्राइवेट लिमिटेड, अमलगम स्टील एंड पावर लिमिटेड, एएमपीएल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड, दामोदर वैली कॉरपोरेशन, गोदावरी कमोडिटीज लिमिटेड, केएसके महानदी पावर कंपनी लिमिटेड, एमएसपी माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड और नीलकंठ स्पेशल मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।

## राशिफल

**मेष** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि

**कुंभ** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन** — शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# पेशेवरों में हुनरमंद बनने की ललक बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत में पेशेवर अब अपने 'करियर' में आगे बढ़ने को लेकर हुनरमंद बनने पर ध्यान रहे हैं और इसका जिम्मा खुद उठा रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक साल में 46 प्रतिशत पेशेवरों ने नए कौशल सीखने का पूरा खर्च खुद उठाया है।


टीमलीज एडटेक की कर्मचारियों के मूल्यांकन में कौशल के प्रभाव पर एक रिपोर्ट के अनुसार, केवल 23.9 प्रतिशत कंपनियों ने पेशेवरों को नए कौशल सीखने का खर्चा उठाया जबकि 46 प्रतिशत पेशेवरों ने इसका खर्च खुद ही वहन किया। यह रिपोर्ट प्रौद्योगिकी, वित्त, बिक्री, संचालन और मानव संसाधन जैसे क्षेत्र के 14,000 से अधिक कर्मचारियों की प्रतिक्रियाओं के आधार पर प्रदर्शन, सीखने और उन्नति के बारे में बदलती अपेक्षाओं को रेखांकित करती है। इसमें शामिल 84 प्रतिशत पेशेवरों ने पिछले साल किसी न किसी तरह से अपने कौशल को निखारने के लिए कुछ नया सीखने की जानकारी दी। इसका कारण उज्ज्वल 'करियर' और भविष्य के लिए खुद को तैयार रखना है। रिपोर्ट के अनुसार, 64 प्रतिशत से अधिक पेशेवरों ने बताया कि उनके मूल्यांकन परिणामों पर इसका सीधा असर देखने को मिला। दिलचस्प बात यह है कि 42 प्रतिशत ने कुछ नया सीखने के केवल 18 महीने के भीतर ही पदोन्नति, वेतन वृद्धि आदि जैसी उपलब्धियां हासिल की। टीमलीज एडटेक के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शांतनु रूज ने कहा, '' इस अध्ययन से एक बात बेहद स्पष्ट है कि जो पेशेवर पहल करते हैं, खास तौर पर जो अपने सीखने में निवेश करते हैं, उन्हें न केवल कौशल बल्कि पहचान, जिम्मेदारी और वास्तविक 'करियर' में गति मिलती है।'' रूज ने कहा कि साथ ही कंपनियों को भी यह स्पष्ट संकेत देता कि कौशल में रणनीतिक रूप से अधिक निवेश की जरूरत है क्योंकि यह सीधे तौर पर प्रदर्शन पर असर डालता है। रूज ने कहा कि कर्मचारियों को इस मामले में तुरंत कार्य करने, समझदारी से सीखने और दीर्घकालिक नजरिया रखने की जरूरत है।

### अमेरिका का मई में निर्यात 16.9 प्रतिशत उछला

**नई दिल्ली।** अमेरिका को मई में भारत का वस्तु निर्यात 16.93 प्रतिशत बढ़कर 8.83 अरब डॉलर हो गया जबकि आयात 5.76 प्रतिशत घटकर 3.62 अरब डॉलर रहा। सोमवार को जारी वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में अमेरिका को भारत का निर्यात 21.78 प्रतिशत बढ़कर 17.25 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 25.8 प्रतिशत बढ़कर 8.87 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने इस्पात, एल्युमीनियम और वाहन कलपुर्जों पर अमेरिका में लगाए गए।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5901



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख,बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि,पीठ -3
10. प्रणाम,नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग,हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस,रजनी जल(उर्दू-4)
24. गगन,आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी,कै-3
34. रनिवास,जनवासा-3
36. पंक्ति,लाइन-3
37. सुर,लय,आलाप-2
38. दंड,शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म,भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल,गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य,नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस,सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा,नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण,शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग,गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा,पुत्र-2
31. भरोसा,विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान,सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2



शब्द पहेली - 5900 का हल

## सूडोकू नवताल - 5911

✱✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल - 5910 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |



# 30 फीट ऊंचे कटआउट को दूध से नहलाया ...

**मुंबई।** फिल्म 'द राजा साब' का टीजर लॉन्च सोमवार सुबह हैदराबाद के फेमस प्रसाद मल्टीप्लेक्स में बड़े ही धूमधाम से किया गया। दिलचस्प बात ये रही कि इस भव्य आयोजन में अभिनेता प्रभास खुद मौजूद नहीं थे, फिर भी उनके चाहने वालों की दीवानगी कम नहीं हुई। करीब 300 फैंस की भीड़ ने थिएटर के बाहर प्रभास के कटआउट को दूध से नहलाया, नारे लगाए और जमकर डांस किया। टीजर लॉन्च के मौके पर फैंस का कहना था कि अगर इस इवेंट में फ्री एंट्री होती, तो पूरे इलाके की सड़कें भर जातीं। एक फैन ने कहा, पास की वजह से भीड़ सीमित रही, वरना ये नजारा और भी बड़ा होता।

लाइफ Style

# प्रियंका

## वह हर दिन हमारे सपनों को करता है साकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने सोमवार को सोशल मीडिया हैंडल पर निक जोनस के साथ अपनी और बेटी मालती की कई दिलचस्प तस्वीरें शेयर की हैं। इस शानदार तस्वीरों के साथ प्रियंका ने फादर्स डे पर एक खास नोट भी लिखा है, जिस पर अब प्रशंसक जमकर प्यार बरसा रहे हैं।


प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें खुद प्रियंका के अलावा निक जोनस और उनकी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस नजर आ रही हैं। इन शानदार तस्वीरों के साथ प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, 'वह हर दिन हमारे सपनों को साकार करता है... हमारे जीवन की रोशनी, हम तुमसे बहुत प्यार करते हैं गागा, सभी को फादर्स डे की शुभकामनाएं।प्रियंका की इस पोस्ट पर कई सेलेब्स ने निक जोनस को हैप्पी फादर्स डे की शुभकामनाएं दी हैं। एक फैन ने लिखा, हैप्पी फादर्स डे , एक और फैन ने लिखा, एक अद्भुत पिता को फादर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं , एक और फैन ने लिखा, हैप्पी फादर्स डे निक, एक और फैन ने लिखा, पिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं, हम आपसे प्यार करते हैं। प्रियंका इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने सिटाडेल 2 को लेकर एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर कर फैंस को खुश कर दिया था। इसके अलावा प्रियंका हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' में नजर आएंगी। प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज किया गया था, जिसमें प्रियंका का दमदार एक्शन देखने को मिला।

हॉलीवुड मसाला



# हाऊ टू ट्रेन... की कमाई करोड़ों में

**मुंबई।** हॉलीवुड मूवी 'हाऊ टू ट्रेन योर ड्रैगन' ने भारत में पहले दिन शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर 2.15 करोड़ रुपए से अपना खाता खाला। इसके बाद फिल्म ने दूसरे दिन शनिवार को 4.39 करोड़ रुपए का कारोबार किया। वहीं, रविवार को छुट्टी के दिन फिल्म ने 4.24 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। इस फिल्म के कलेक्शन के हिसाब से दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में देखना पसंद कर रहे हैं। फिल्म 'हाऊ टू ट्रेन योर ड्रैगन' एक बड़े खतरे के कारण बर्क द्वीप पर वाइकिंग्स और ड्रैगन्स दोनों ही खतरे में पड़ जाते हैं।




# इमोशन और एक्शन से भरपूर है सुपरमैन का ट्रेलर

**लॉस एंजिल्स।** कहानी वही, पर अंदाज नया। जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी 'सुपरमैन' का फाइनल ट्रेलर आ गया है। इस बार पर्दे पर डेविड कोरेंसवेट नीले सूट में नजर आएंगे। दो मिनट और 16 सेकेंड का यह ट्रेलर दमदार इमोशन और धमाकेदार एक्शन से भरपूर है। फिल्म अगले महीने 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाले हैं। लेकिन, मजेदार बात यह है कि ट्रेलर से अधिक चर्चा इसके हिंदी डबिंग की हो रही है। इसमें नए 'मैन ऑफ स्टील' यानी सुपरमैन के मुंह से टपोरी वाली बोली सुन दर्शक लोटपोट हो रहे हैं। सबसे मजेदार 1:21 टाइम फ्रेम है, जहां विलेन सुपरमैन को 'नीलू' कहकर पुकारता है। बहरहाल, इसमें दोराय नहीं है कि जेम्स गन ने डीसी रीबूट में सुपरमैन को जलवा दिखाने का हरदम मौका दिया है।



# ऐसा घाव जो कभी नहीं भरेगा : रवीना

**मुंबई।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश के हादसे को कोई नहीं भुला सकता। ऐसा मंजर किसी की भी नींद उठा दें। इसी हादसे को लेकर रवीना ने एक पोस्ट अपने सोशल मीडिया पर शेयर कर दुख जताया और साथ ही नई शुरुआत को लेकर उड़ान भरी। रवीना ने इंस्टाग्राम पर फ्लाइट से अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं। रवीना की ये सभी तस्वीरें प्लेन के अंदर से खिंची गई हैं। इन तस्वीरों के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन में नई शुरुआत के बारे में जिक्र करते हुए लिखा, 'नई शुरुआत... सभी बाधाओं के बावजूद फिर से उठना और उड़ान भरना... सब कुछ फिर से शुरू करना, अधिक शक्ति की ओर नया संकल्प। माहौल गंभीर था और चालक दल के सदस्यों की मुस्कान दुख से रंगी हुई थी। मौन यात्री और चालक दल के सदस्य मौन संवेदना और सूक्ष्म आत्मविश्वास के साथ जुड़े हुए थे।'



# फैंस के जुनून के कायल हुए अमिताभ...

**मुंबई।** प्रत्येक रविवार अमिताभ बच्चन अपने प्रशंसकों से मिलने के लिए घर के बाहर आते हैं। बीते रविवार के नजारे ने अभिनेता को हैरान कर दिया, क्योंकि खतरनाक बारिश के बावजूद फैंस उनका इंतजार कर रहे थे। हालांकि, बिग बी ने उन्हें निराश नहीं किया और वो मिलने आए। फैंस के जुनून देख वो स्तब्ध रह गए और उन्होंने अब इस पर प्रतिक्रिया भी दी है। अभिनेता ने अपने व्लॉग में लिखा, 'मूसलाधार बारिश, लेकिन वे खड़े रहे अड़े रहे। इस स्नेह का मेरे पास कोई उत्तर नहीं, न कोई शब्द बस ईश्वर की कृपा बनी रहे। मुझ पर नहीं उनपर जिनका स्नेह, कोई भी बारिश नहीं रोक सकती। इसके आगे उन्होंने लिखा, 'बहुत कहा कि घर जाओ, पानी बरस रहा है, लेकिन नहीं वे खड़े रहे, अड़े रहे। मैं नतमस्तक हूं उनके सामने।

टीवी मसाला



# डॉक्टर तारिका की सीआईडी में वापसी देख इमोशनल हुए फैंस

**नई दिल्ली।** सीआईडी सीरियल की फैन फॉलोइंग बहुत है। इस सीरियल के किरदारों से दर्शक बहुत कनेक्टेड हैं। छह साल के गैप के बाद सीआईडी 2 की वापसी हुई। हाल ही में इस सीरियल में श्रद्धा मुसाले की डॉक्टर तारिका के किरदार में वापसी हुई, यह देखकर फैंन इमोशनल हो गए। सोशल मीडिया पर जमकर रिएक्शन दिए। शो के मेकर्स से एक खास गुजारिश भी फैंस कर रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें डॉक्टर तारिका (श्रद्धा मुसाले) की एंट्री होती है। इसके बाद इंस्पेक्टर अभिजीत ( आदित्य श्रीवास्तव) तारिका से पूछते हैं कि वह इतने सालों से क्यों नाराज हैं? और सीआईडी छोड़ने का फैसला क्यों सुनाया? इस पर तारिका कहती हैं, 'तुमने कभी कुछ समझने की कोशिश नहीं की, अभिजीत।' यह वीडियो देखकर फैंस काफी खुश हुए। दरअसल, सीआईडी शो में पहले तारिका और अभिजीत के बीच एक अलग तरह की केमिस्ट्री दिखाई जाती थी। एक तरह से इनके बीच लव स्टोरी का एंगल था। जो कभी अंजाम तक नहीं पहुंचा। अब फैंस की ख्वाहिश है कि अभिजीत और तारिका की लव स्टोरी को पूरा कर दिया जाए। एक यूजर लिखता है, 'अब आएगा मजा, जब मिलेंगे तारिका और अभिजीत।' एक यूजर ने तारिका और अभिजीत का नाम लेते हुए हार्ट इमोजी बनाया है। कई यूजर जानने चाहते हैं कि तारिका और अभिजीत के बीच दूरी क्यों आ गई।

## ब्रेकअप की अफवाह के बीच साझा किया वीडियो


**नई दिल्ली।** करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश लंबे वक्त से डेट कर रहे हैं, इस साल ये दोनों शादी भी कर सकते हैं, ऐसी खबरें भी लगातार सामने आ रही थीं। अचानक एक अफवाह ने जोर पकड़ा कि इन दोनों का ब्रेकअप हो गया है। दरअसल, पिछले दिनों करण और तेजस्वी को उज्जैन के महाकाल मंदिर में दर्शन करते देखा गया, लेकिन दोनों ने अलग-अलग दर्शन किए। सोशल मीडिया पर भी अलग-अलग तस्वीरें डाली थीं। तेजस्वी ने भी अपना जन्मदिन बिना करण के बिना शूटिंग क्रू के साथ उज्जैन में मनाया। इन बातों के कारण ही करण और तेजस्वी के ब्रेकअप की बात फैलने लगी।



लेकिन, करण ने इन बातों को अब विराम दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो साझा किया, जो ब्रेकअप की खबरों को झूठा साबित कर रहा है। इन दिनों तेजस्वी प्रकाश अपने नए शो के लिए उज्जैन में शूटिंग कर रही है। ऐसे में करण कुंद्रा ने सेट पर पहुंचकर तेजस्वी को सरप्राइज दिया। करण को अपनी वैनिटी में देखकर तेजस्वी की खुशी का ठिकाना भी नहीं रहा है। करण ने तेजस्वी को प्यार भरा किस भी किया।

# इन अभिनेत्रियों ने तलाक के बाद नहीं बसाया घर, जी रही हैं सिंगल लाइफ...

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की कई मशहूर अभिनेत्रियों ने अपनी शादी टूटने के बाद दोबारा घर बसाने का फैसला नहीं किया। ये बॉलीवुड हसीनाएं अपनी जिंदगी को अपने तरीके से जी रही हैं और अपने करियर और निजी जीवन में खुश हैं।*



***करिश्मा कपूर** : 90 के दशक की सुपरस्टार करिश्मा कपूर ने 2003 में बिजनेसमैन संजय कपूर से शादी की थी। 13 साल बाद 2016 में उनका तलाक हो गया। करिश्मा अब अपने दो बच्चों की परवरिश में व्यस्त हैं और वह अपनी सिंगल लाइफ एंजॉय कर रही हैं। हाल ही में करिश्मा के एक्स पति संजय का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। करिश्मा कपूर के दो बच्चे हैं- बेटी समायरा और बेटा कियान।*



***अमृता सिंह** : अमृता सिंह ने 1991 में बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान से शादी की थी, लेकिन 2004 में दोनों अलग हो गए। उनके दो बच्चे, सारा अली खान और इब्राहिम अली खान उन्हीं के साथ रहते हैं। अमृता ने तलाक के बाद दोबारा शादी नहीं की और अपने बच्चों की देखभाल में खुश हैं। सारा का नाम आज बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस की लिस्ट में शुमार हैं। वहीं इब्राहिम अभी बॉलीवुड में स्ट्रगल कर रहे हैं।*



***मलाइका अरोड़ा** : मलाइका ने 1998 में एक्टर अरबाज खान से शादी की थी, लेकिन 2017 में उनका तलाक हो गया। उनका एक बेटा अरहान है। तलाक के बाद मलाइका ने दोबारा शादी नहीं की और अपने करियर और फिटनेस पर ध्यान दे रही हैं। हालांकि, अरबाज से अलग होने के बाद उनका नाम कई बार अर्जुन कपूर से जरूर जुड़ा। लोकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब दोनों अलग हो चुके हैं। हालांकि, दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को लेकर आधिकारिक रूप से घोषणा नहीं की। वहीं अरबाज ने शूरा खान के साथ घर बसा लिया है।*



***संगीता बिजलानी** : बॉलीवुड एक्ट्रेस संगीता बिजलानी ने क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन से शादी की थी। लेकिन, 2010 में उनका तलाक हो गया। संगीता ने इसके बाद दोबारा शादी नहीं की और सिंगल लाइफ जी रही हैं। संगीता अक्सर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं।*

# तृप्ति डिमरी की फहाद के साथ फिल्म पर लगा ब्रेक...



**मुंबई।** हीरोइन नंबर वन बनने को बेकरार अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार फहाद फासिल के साथ प्रस्तावित निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म अनिश्चतकाल के लिए स्थगित हो गई है। ये फिल्म रिलायंस एंटरटेनमेंट के साथ बनी इम्तियाज की साझा कंपनी विंडो सीट फिल्म्स के बैनर तले बननी है, लेकिन रिलायंस के सूत्र बताते हैं कि इस फिल्म के लिए अभी तक बजट मंजूर नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक फहाद फासिल ने भी फिल्म के लिए आवंटित तारीखें अब दूसरी फिल्मों को दे दी हैं। फिल्म एनिमल में दिए नग्न दृश्यों और फिल्म में मिले उपनाम भाभी 2 को लेकर सोशल मीडिया पर खूब ट्रेंडिंग रहीं अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का कॅरियर इन दिनों नई उड़ान पर है। हालांकि, इस फिल्म के बाद आई उनकी दो फिल्में 'बैड न्यूज और विक्की विद्या का वो वाला वीडियो फ्लॉप रहीं, लेकिन फिल्म भूल भुलैया 3 ने उनकी पोजीशन फिर संभाल ली है। इस फिल्म के बाद से ही तृप्ति की मांग काफी बढ़ चुकी है। इस साल की उनकी पहली फिल्म धड़क 2अब जल्द रिलीज होने वाली है। तृप्ति डिमरी की इस साल की पहली फिल्म की रिलीज जैसे जैसे करीब आती जा रही है, उनको अपनी फिल्मों में लेने वाले निर्माता-निर्देशकों की सांसें तेज होती जा रही है। 1 अगस्त को रिलीज होने जा रही तृप्ति की फिल्म धड़क 2 में उनके हीरो सिद्धांत चतुर्वेदी की सिनेमाघरों में सोलो लीड वाली ये दूसरी फिल्म होगी। सिद्धांत का जैसा हाल बॉक्स ऑफिस पर रहा है, उससे खुद तृप्ति की भी रातों की नींद उड़ी हुई है।

## प्यार सिर्फ मिलने का नाम नहीं, बल्कि खुद को समझने का भी हो सकता है जरिया

# इम्तियाज अली की 5 फिल्में जिन्होंने बदल दी मॉडर्न रोमांस की परिभाषा

*मुंबई। बॉलीवुड में जब भी सच्चे और गहरे रोमांस की बात होती है, तो इम्तियाज अली का नाम उन फिल्ममेकर्स की लिस्ट में आता है जो ऐसी ही फिल्में बनाते हैं। इम्तियाज की कहानियां सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं होतीं, बल्कि रिश्तों की गहराई को बयां करती हैं। उनकी फिल्मों ने एक पूरी पीढ़ी को ये सिखाया है कि प्यार सिर्फ मिलने का नाम नहीं, बल्कि खुद को समझने का जरिया भी हो सकता है। यहां हम बात कर रहे हैं इम्तियाज अली की उन 5 फिल्मों की, जिन्होंने मॉडर्न लव स्टोरीज को एक नया चेहरा दिया।*



**लव आज कल (2020) :** इम्तियाज की यह फिल्म दो समय की प्रेम कहानियों को एक साथ दिखाती है- एक पुरानी, दूसरी नई। कार्तिक आर्यन और सारा अली खान की जोड़ी के जरिए फिल्म ये बताती है कि समय चाहे कोई भी हो, भावनाओं की तीव्रता और दिल की उलझनें आज भी वैसी ही हैं। इसमें इम्तियाज ने दर्शाया कि तकनीक और सोच चाहे बदल जाए, दिल का मामला आज भी उतना ही जटिल है।



**रॉकस्टार (2011) :** रणबीर कपूर की ये फिल्म एक ऐसे युवक की कहानी है जो प्यार की वजह से एक कलाकार बनता है, लेकिन उसी प्यार का दर्द उसे तोड़ भी देता है। रॉकस्टार सिर्फ एक म्यूजिकल फिल्म नहीं, बल्कि आत्मा को झकझोर देने वाली कहानी है। ए.आर. रहमान की जादुई धुनों और इम्तियाज की भावनात्मक गहराई ने इसे बॉलीवुड की सबसे प्रभावशाली फिल्मों में शुमार कर दिया।



**जब वी मेट (2007) :** करीना कपूर का बबली और बिंदास गीत का किरदार और शाहिद कपूर का शांत आदित्य का रोल, इस फिल्म को अलग लेवल पर ले जाता है। इसकी कहानी न केवल एक लव स्टोरी है, बल्कि दो विपरीत स्वभाव के लोगों की आत्म-खोज की यात्रा है। इसके डायलॉग्स, गाने और कैरेक्टर्स इतने असरदार हैं कि फिल्म आज भी रोमांटिक फिल्मों की लिस्ट में टॉप पर रहती है।



**सोचा ना था (2005) :** इम्तियाज की पहली फिल्म होने के बावजूद 'सोचा ना था' ने यंग जनरेशन के बीच खास जगह बना ली थी। अभय देओल और आयशा टाकिया की ये कहानी एक ऐसे कपल की है, जो पहले प्यार को नकारते हैं, लेकिन वक्त के साथ उसे महसूस करते हैं। फिल्म में प्यार की सहजता और उलझनों को बड़े ही खूबसूरती से पेश किया गया।



**तमाशा (2015) :** तमाशा सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि उस इंसान की तलाश है जो हम अंदर से हैं, लेकिन समाज की वजह से उसे छुपा देते हैं। रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की यह फिल्म इम्तियाज की सबसे ज्यादा गहराई वाली फिल्म मानी जाती है। ये दर्शकों को ये सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम वाकई वो जिंदगी जी रहे हैं, जो हम जीना चाहते हैं?

*इम्तियाज अली की फिल्में सिर्फ कहानियां नहीं होतीं, बल्कि एक अनुभव होती हैं। उनका सिनेमा हमें एहसास दिलाता है कि प्यार सिर्फ एक भावना नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी यात्रा है- खुद को जानने की, समझने की और स्वीकारने की।*

# बुमराह सटीक गेंदबाजी करने के मामले में मैकग्रा के समान : ब्रॉड



एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बल्लेबाजों को चकमा देने की क्षमता और गेंदबाजी में उनका बेहतरीन संतुलन उन्हें ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ग्लेन मैकग्रा के समक्ष खड़ा करती है तथा इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेगी।

ब्रॉड ने विश्व क्रिकेट में सबसे संतुलित गेंदबाजी रन अप के मामले में बुमराह की तुलना ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज मैकग्रा से की। ब्रॉड ने पॉडकास्ट 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' में कहा, ''वह (बुमराह) जब गेंद करने के लिए दौड़ते हैं तो आप सोचते हैं कि यह 70 मील प्रति घंटे की रफ्तार होगी लेकिन वह आपको 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करते हैं जिससे आप सही अनुमान नहीं लगा पाते हैं।''



### शोएब की भी गेंदों में रफ्तार थी

ब्रॉड जोस बटलर के साथ इस पॉडकास्ट में कहा, '' जब मैंने शोएब अख्तर का सामना किया, तो वह सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ते थे और सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से ही गेंदबाजी करते थे।''

### बुमराह का रनअप बेहद संतुलित

टेस्ट क्रिकेट में 604 विकेट लेने के बाद 2023 में संन्यास की घोषणा करने ब्रॉड ने कहा, ''बुमराह का रन अप बेहद संतुलित है और वह कभी इस बिगड़ने नहीं देते। मैंने जिन गेंदबाजों को देखा है उनमें ग्लेन मैकग्रा का रन अप बेहद संतुलित था। बुमराह भी उन्हीं की तरह हैं।''

### सभी मैच खेले तो ढेर सारे विकेट लेंगे

बुमराह के श्रृंखला के सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलने की उम्मीद नहीं है, जिसकी पुष्टि भारतीय चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कार्यभार प्रबंधन के तहत की है। ब्रॉड ने कहा कि अगर बुमराह शुक्रवार से लीड्स में शुरू होने वाली श्रृंखला के सभी पांच मैचों में खेलते हैं तो वह ढेर सारे विकेट लेंगे।

### बुमराह सभी मैच खेले इंग्लैंड नहीं चाहेगा

ब्रॉड ने कहा, ''निश्चित रूप से उन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। इंग्लैंड कभी नहीं चाहेगा कि वह सभी पांच टेस्ट मैच में खेले। अगर ऐसा होता है तो वह ढेर सारे विकेट लेगा। ऑस्ट्रेलिया में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था।''बटलर ने कहा कि इंग्लैंड दौरे पर आई भारतीय टीम में ब्रुमराह से बड़ा कोई सुपरस्टार नहीं है।

### टीम में बुमरहा से बड़ा कोई स्टार

ब्रॉड ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि भारत की इस टीम में जसप्रीत बुमराह से बड़ा कोई स्टार है। उनका रन-अप अनोखा है, उनका एक्शन अनोखा है। वह किसी अन्य गेंदबाज की तुलना में बल्लेबाज के करीब एक फुट या उससे भी थोड़ा ज़्यादा नज़दीक से गेंद फेंकते हैं, इसलिए गेंद उनकी वास्तविक गति से भी ज़्यादा तेज़ लगती है।''

## खबर संक्षेप



### हम काफी अनुभवहीन थे और फिर भी जीत हासिल की : रबाडा

**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने कहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीतना इसलिए और भी यादगार हो गया क्योंकि उनकी टीम 'काफी अनुभवहीन' थी और फिर भी उसने दिग्गजों से भरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। कप्तान तेम्बा बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए 27 साल के सूखे को समाप्त किया। रबाडा ने इस मैच में नौ विकेट लिए। रबाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, ''हम काफी अनुभवहीन टीम हैं जिसने लगभग एक साल पहले साथ खेलना शुरू किया, हम लंबे समय से एक-दूसरे के साथ नहीं हैं। इसके बावजूद हमने यह हासिल किया है। मैं इसे अपने जीवन में कभी नहीं भूलूंगा, कोई भी खिलाड़ी इसे नहीं भूलेगा।''

### सबालेंका ने टिप्पणी के लिए गॉफ से माफी मांगी



**बर्लिन।** एरिना सबालेंका ने कहा कि उन्होंने कोको गॉफ को पत्र लिखकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में अपनी अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी से हारने के बाद की गई 'गैर पेशेवर' टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। यूरोस्पोर्ट जर्मनी से बात करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कहा कि इस महीने रोलां गैरो पर उनके खिलाफ गॉफ की 6-7, 6-2, 6-4 की जीत के बाद उनकी टिप्पणी एक गलती थी। पेरिस में मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सबालेंका ने सुझाव दिया था कि यह परिणाम गॉफ के प्रदर्शन की तुलना में उनकी अपनी गलतियों के कारण अधिक था। सबालेंका ने कहा, ''यह मेरे लिए पूरी तरह से गैर पेशेवर था।''उन्होंने कहा, मैंने अपनी भावनाओं को खुद पर हावी होने दिया।

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार से हेडिंग्ले में

# आईसीसी चार दिवसीय टेस्ट के लिए तैयार, भारत ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड पांच दिनी मैच ही खेलेंगे

एजेंसी ▶▶| लंदन

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है, लेकिन भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की श्रृंखलाएं खेलने में मदद मिलेगी।

### शाह ने भी दिया समर्थन

'द गार्डियन' समाचार पत्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है, ''पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था।''

### इंग्लैंड-भारत टेस्ट शुक्रवार से

इसमें कहा गया है, ''इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी।'



### इंग्लैंड ने आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय मैच खेले थे

आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था।



### छोटे देश मेजबानी में दिलचस्पी नहीं लेते

रिपोर्ट के अनुसार, ''कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी।''

**प्रतिदिन न्यूनतम 98 ओवर करने होंगे**

इसमें कहा गया है, ''समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है।''

### अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने बदलाव की जरूरत महसूस कराई

रिपोर्ट में कहा गया है, ''पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई।'' हालांकि 2025-27 की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप पांच दिवसीय मैचों के मौजूदा प्रारूप के तहत ही खेली जाएगी।

## आईसीसी

# मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गयीं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाये जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं। उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी।

■ 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंची


### बल्लेबाज शानदार फार्म में है

भारतीय सलामी बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में शतक बनाया था। इससे उन्हें अपनी रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर हैं।

# विश्व कप के बाद वनडे से संन्यास लेंगी न्यूजीलैंड की कप्तान डिवाइन

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान और ऑलराउंडर सोफी डिवाइन इस साल के आखिर में भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को महिला क्रिकेट में सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने 152 वनडे में 31.66 की औसत और आठ शतकों की मदद से 3990 रन बनाए हैं। उन्होंने 146 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक शतक के साथ 3431 रन भी बनाए हैं। डिवाइन ने वनडे और टी20 में क्रमशः 107 और 119 विकेट लिए हैं। उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है।



न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा मंगलवार को जारी बयान में डिवाइन ने कहा, ''मुझे लगता है कि मेरे लिए फैसला करने का यह सही समय है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस फैसले पर पहुंचने में मेरी मदद की। इसका मतलब है कि मैं अब भी न्यूजीलैंड की तरफ से खेल सकती हूं।''

### अनुबंधित खिलाड़ियों की घोषणा आज

डिवाइन का यह बयान न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा 17 केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की घोषणा से पहले आया है। अनुबंधित खिलाड़ियों की घोषणा बुधवार को की जाएगी। डिवाइन टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेगी, लेकिन उन्हें केंद्रीय अनुबंध नहीं दिया जाएगा। महिला वनडे विश्व कप 30 सितंबर से दो नवंबर तक भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।

## टी20 के इतिहास में पहली बार परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला

# नीदरलैंड ने नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हराकर नया रिकॉर्ड बनाया

एजेंसी ▶▶| ग्लासगो

नीदरलैंड ने यहां टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला के मैच में नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया। टी20 या लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में यह पहला अवसर है जबकि किसी मैच का परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला।

माइकल लेविट ने सोमवार की रात को खेले गए इस मैच में तीसरे सुपर ओवर में छक्का लगाकर आखिर में नीदरलैंड को जीत दिलाई। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी क्योंकि नेपाल को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे। नेपाल के निचले क्रम के बल्लेबाज नंदन यादव ने हालांकि अंतिम ओवर में दो चौके लगाए। उन्होंने आखिरी गेंद पर भी चौका लगाया जिससे नेपाल आठ विकेट पर 152 रन बनाकर स्कोर बराबर करने में सफल रहा। कुशाल भुर्टेल ने 18 रन बनाकर नेपाल को पहले सुपर ओवर में 19 रन तक पहुंचाया लेकिन नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडॉव ने पांचवीं और छठी गेंद पर क्रमशः छक्का और चौका लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। नीदरलैंड ने दूसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी की और 17 रन बनाए। लेकिन नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने काइल क्लेन की आखिरी गेंद को छक्के के लिए भेज कर मैच को नए मोड़ पर खड़ा कर दिया। नेपाल तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर जैक लायन कैशेट ने चार गेंदों में बिना कोई रन दिए दो विकेट लेकर नेपाल का ओवर जल्दी समाप्त कर दिया।



### नीदरलैंड को जीत के लिए चाहिए था एक रन

नीदरलैंड को इस तरह से मैच जीतने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी, लेकिन लेविट ने संदीप लामिछाने के ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर मैच का शानदार अंत किया।

### ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी से हारे टियाफो

**लंदन।** ब्रिटिश वाइल्ड कार्ड डैन इवांस ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो को 7-5, 6-2 से हराकर 2021 के बाद से क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 199वें नंबर के खिलाड़ी इवांस ने कहा, ''मुझे अब भी विश्वास है कि मेरे अंदर काफी टेनिस बची हुई है। मुझे अब भी विश्वास है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। लेकिन इस पर विश्वास करना और ऐसा होना दोनों अलग चीज हैं।'' पहले दौर में जीत दर्ज करने वाले अन्य खिलाड़ियों में चौथी वरीयता प्राप्त होल्गर रूण और आठवीं वरीयता प्राप्त जैकब मेन्सिक शामिल थे। चेक गणराज्य के 19 वर्षीय खिलाड़ी मेन्सिक ने कैमरन नोरी को 7-6 (6), 1-6, 6-1 से हराया।

# भारत-इंग्लैंड श्रृंखला के विजेता कप्तान को मिलेगा पटौदी पदक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के विजेता कप्तान को पटौदी पदक से सम्मानित किया जायेगा जिससे इन दोनों देशों की क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता में इस शाही परिवार का नाम बना रहेगा। पटौदी परिवार का दोनों देशों की क्रिकेट से गहरा नाता रहा है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इससे पहले पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी करने का फैसला लिया था। पिछले हफ्ते लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान इसकी औपचारिक घोषणा होनी थी लेकिन अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान के भीषण हादसे के मद्देनजर इसे टाल दिया गया। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर के साथ क्रिकेट जगत के कुछ अन्य लोगों ने भी इस ट्रॉफी का नाम बदलने की आलोचना की थी।

पता चला है कि तेंदुलकर ने खुद ईसीबी से संपर्क किया और कहा कि पटौदी नाम भारत-इंग्लैंड क्रिकेट का हिस्सा बना रहना चाहिए। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह की भी इसमें भूमिका रही।

### इंटर काशी ने खेल पंचाट में अपील जीती

**नई दिल्ली।** इंटर काशी ने मंगलवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के खिलाफ खेल पंचाट (कैस) में अपनी पहली अपील जीत ली। वाराणसी की इस टीम के इस साल की शुरुआत में हुए आईलीग मैच के लिए तीन अंक काट लिए गए थे। खेल पंचाट के फैसले के बावजूद इंटर काशी को अभी आईलीग का खिताब नहीं मिलेगा। एआईएफएफ की अपील समिति ने 18 अप्रैल को नामधारी एफसी के खिलाफ मैच से संबंधित एक मामले में इंटर काशी के खिलाफ फैसला सुनाया था और राष्ट्रीय महासंघ की अनुशासन समिति द्वारा दिए गए फैसले को खारिज कर दिया गया था।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ / स) संभाग छिन्दवाड़ा**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

Email-eepwd1chhind@mp.nic.in

निविदा सूचना क्र. 03/व.ले.लि./2025-26/ छिंदवाडा दिनांक 16.06.2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य बेवसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त बेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर बेवसाईट के माध्यम से डाउनलोड की जा सकेगी।

| स. क्र. | टेंडर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 431036 | छिंदवाडा | सड़क निर्माण | आयोजना मद अंतर्गत राजडोंगरी देवनाला चाटवा पिपरपानी बोरगांव तिगांव मार्ग पर पुलिया निर्माणका कार्य ।(प्रथम आमंत्रण) | 437.84 | 4,37,900/- | 15,000/- | 08 माह वर्षाऋतु सहित। |
| 2 | 431037 | छिंदवाडा | सड़क संधारण कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.2, छिन्दवाड़ा एवं सौंसर अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर मरम्मत का कार्य । | 50.00 | 50,000/- | 5,000/- | दि. 31.03.2026 तक |
| | | | | कुल योग | 487.84 लाख | | | |

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण विवरण (टेण्डर (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।निविदा ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 02.07.2025. समय 5 :30 बजे तक है ।ऑनलाईन प्राप्त निविदा ऑफर को मान्य किया जायेंगा।निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेब साईट पर ही किया जावेंगा ।पृथक से समाचार पत्रो में प्रकाशन नही किया जावेंगा ।

(आकाश खरे) कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि.(भ/स) संभाग
छिन्दवाड़ा म.प्र.

G-14461/25

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"



**प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस**
**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय, डिण्डौरी (म. प्र.)**

क्रमांक / /निविदा/ पी.एम. उषा कम्पो-3 2025-26 डिण्डौरी, दिनांक 16.06.2025

**पुस्तकें क्रय हेतु निविदा आमंत्रण 2025-26**

सत्र 2025-26 हेतु पी.एम. उषा कम्पोनेंट 3 के अंतर्गत इस महाविद्यालय में संचालित स्नातक स्तर पर (कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय, कम्प्यूटर विज्ञान संगीत एवं बायोटेक्नालाजी) स्नातकोतर स्तर पर कलासंकाय, (अर्थशास्त्र, समाजशात्र, राजनीति विज्ञान, हिन्दी, इतिहास एवं भूगोल) विज्ञान संकाय, ( भौतिक विज्ञान, गणित, रसायल विज्ञान, प्राणि विज्ञान, एवं वनस्पति विज्ञान ) और वाणिज्य संकाय, की पुस्तकें नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार पुस्तकों के क्रय हेतु तथा पी.एम. उषा कम्पोनेंट - 3 / विश्व बैंक परियोजना एवं शासन द्वारा इस मद पर प्राप्त आवंटन से पुस्तकों के क्रय हेतु निविदा प्राचार्य, प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस, शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय डिण्डौरी के पते पर आमंत्रित की जाती है।

भावपत्र स्पष्ट एवं सुवाच्य होना चाहिए। अपठनीय एवं अपूर्ण भावपत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। भावपत्र निम्न विवरण के साथ विभाग की वेबसाईट पर प्रकाशन / राष्ट्रीय / स्थानीय समाचार-पत्रके 21 दिवस में, महाविद्यालय में स्वयं / डाक द्वारा कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है। निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त भावपत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आप अपनी निविदा सीलबंद लिफाफे में रजिस्टर्ड डाक से अपनी आवश्यक शर्तों सहित दिनांक 07जुलाई 2025 तक अनिवार्य रूप से भेजें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त भावपत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**निम्न वगार्नुसार पुस्तकें**

1. भारतीय प्रकाशन पर छूट । 2. डॉलर / पाउण्ड की परिवर्तित दरों की पुस्तकों पर छूट । 3. निविदा धरोहर राशि रू 10,000/- (दस हजार) मात्र का बैंक ड्राफ्ट / चैक प्राचार्य, प्राचार्य, प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस, शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय डिण्डौरी जिला डिण्डौरी के नाम से भेजें। 4. ई-पुस्तकों पर छूट । 5. अंग्रेजी से हिन्दी डिक्शनरी एवं हिन्दी से अंग्रेजी डिक्शनरी, अंग्रेजी ग्रामर, हिन्दी व्याकरण, मध्यप्रदेश संदर्भ पर छूट दर ।6. मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल द्वारा प्रकाशित पुस्तकों पर छूट दर । 7. हिन्दी / अंग्रेजी उपन्यासों / आलोचनात्मक कहानियों / सन्दर्भ पुस्तकों पर छूट दर । 8. विदेशी प्रकाशनों पर छूट दर । 9. स्वयं के प्रकाशनों पर छूट दर ।

**शर्ते**

1. एफ.ओ.आर. महाविद्यालय को देय होगा। 2. क्रय हेतु अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा । 3. यदि आपका स्वयं का प्रकाशन है, तो अपना सूची पत्र अनिवार्यत: संलग्न करें। 4. पुस्तकों पर मुद्रित मूल्य ही मान्य होगा, स्टीकर / लेबल चिपका हुआ मान्य नहीं होगा । 5. टिन नंबर / जी.एस.टी. नंबर लिखें। 6. भुगतान ई-पेमेन्ट से होगा। अत: बैंक खाता नंबर एवं आई.एफ.एस.सी. कोड बिल पर अंकित होना अनिवार्य है। 7. पुस्तकें नवीन संस्करण एवं मध्यप्रदेश में लागू नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार होनी चाहिए।

नोडल अधिकारी
पी.एम. उषा कंपो. -3

प्राचार्य
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय, डिण्डौरी (म. प्र.)




जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने केंद्र, राज्य सरकारों, जबलपुर कलेक्टर व डीईओ को नोटिस जारी कर मांगा जवाब, याचिका में आरोप-1995 से अब तक कई कानून बने, योजनाएं बनाई गईं, लेकिन सभी कागज पर, धरातल पर एक भी नहीं

# चिल्ड्रेन विथ स्पेशल नीड्स को कानूनों, योजनाओं का क्यों नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर कहा गया है कि राज्य में चिल्ड्रेन विथ स्पेशल नीड्स को कानूनों, योजनाओं का क्यों लाभ नही मिल रहा है। 1995 से अब तक इनके लिए कई कानून बने, योजनाएं बनाई गईं। लेकिन सभी अब तक कागज पर हैं। हकीकत के धरातल पर न कोई कानून लागू है, ना ही योजना। याचिका पर एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने केंद्र व राज्य सरकारों, जबलपुर कलेक्टर तथा डीईओ को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 22 जुलाई नियत की गई।

यह जनहित याचिका तिलहरी, जबलपुर निवासी सौरभ सुब्बइया की ओर से दायर की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शिवेंद्र पांडे व अभिमन्यु चौहान कोर्ट



को बताया कि चिल्ड्रेन विथ स्पेशल नीड्स के लिए 1995 से अब तक विकलांग व्यक्तियों का अधिकार अधिनियम, राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम आदि कानून बनाए गए हैं। लेकिन, इन कानूनों के अनिवार्य प्रावधानों के क्रियान्वयन में कोताही की जा रही है। तर्क दिया गया कि सरकार की सर्व शिक्षा अभियान योजना के तहत प्रत्येक स्कूल में विशेष बच्चों के लिए विशेष शिक्षकों की नियुक्ति तथा आवश्यक अधोसंरचना अनिवार्य है। परंतु जबलपुर के सभी प्रतिष्ठित विद्यालयों में यह सुविधा नदारद है। याचिकाकर्ता ने कुछ विशेष बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाने का प्रयास किया। परन्तु इन स्कूलों में न तो आवश्यक अधोसंरचना है और न ही प्रशिक्षित विशेष शिक्षक हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि विद्यालय दिव्यांग बच्चों को प्रवेश देने में असमर्थ हैं, जबकि इसके विपरीत कानून में इन बच्चों को प्रवेश देने की अनिवार्यत है।

निवेदन किया गया कि जबलपुर के प्रत्येक स्कूल में विशेष शिक्षकों की नियुक्ति तथा आवश्यक अधोसंरचना की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कराई जाए। ताकि दिव्यांग बच्चों को सामान्य विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार सुनिश्चित हो सके। इन बच्चों के लिए बनाए गए कानूनों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकार के शिक्षा विभागों, जबलपुर कलेक्टर व डीईओ को नोटिस जारी किए।

## सिख वकीलों को कृपाण धारण कर अदालत में प्रवेश से न रोका जाए

**हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को ज्ञापन सौंपकर की मांग**

**जबलपुर।** खालसा विधिक सहायता के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मप्र हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि सिख अधिवक्ताओं को कृपाण धारण करने पर अदालत परिसर या कोर्ट में प्रवेश करने से नहीं रोका जाए। यह मांग भी की गई कि इस संबंध में सुरक्षा कर्मियों को भी उचित दिशा निर्देश जारी किए जाएं। दरअसल, सोमवार को सुरक्षा कर्मियों ने अधिवक्ता अमरजीत सिंह सग्गू को कृपाण पहनने के कारण कोर्ट रूम क्रमांक 24 में प्रवेश करने से रोका। हालांकि खासला विधिक सहायता के अध्यक्ष एनएस रूपराह के समझाने पर पुलिस कर्मी ने प्रवेश की अनुमति दे दी। ज्ञापन में कहा गया कि संविधान में सभी को अपने धर्म और परंपरा का निर्वाह करने का पूरा अधिकार है। कोर्ट रूम या परिसर में सिख अधिवक्ता द्वारा कृपाण पहनने का मामला हरियाणा कोर्ट में आया था। कोर्ट ने कहा था कि कृपाण पहने सिख को अदालत में प्रवेश से नहीं रोक सकते। ज्ञापन सौंपने वालों में लीगल एड के अध्यक्ष एनएस रूपराह, एडवाइजरी कमेटी के चेयरमैन आरके सिंह सैनी, अवतार सिंह, सुदीप सिंह सैनी, कुलजीत सिंह माखीजा, गुरप्रीत सिंह, आरएस मेंदिरत्ता, अरविंद चावला, भरत दीप व अन्य उपस्थित थे।


## हत्याकांड में दो को 10-10 वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश प्रति शिखा अग्निहोत्री की अदालत ने हत्या के आरोपित जबलपुर निवासी शैलेन्द्र उर्फ भोला केवट व विकास कुमार केवट का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ दोनों को 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही छह-छह हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक कृष्णगोपाल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 12 जनवरी, 2020 को रात करीब आठ बजे राजेश केवट ने पड़ोस में रहने वाले विशाल केवट और उसके घर वालों से निस्तार का पानी उसके प्लाट पर बहने को लेकर विरोध जताया था। जिस पर विकास केवट और शैलेन्द्र उर्फ भोला केवट ने राजेश के साथ गालीगलौज शुरु कर दी थी। जब राजेश का छोटा भाई नरेन्द्र और उसकी पत्नी नेहा बीच बचाव करने पहुंची तो आरोपित पड़ोसियों ने डंडे व ईंट, पत्थर से हमला कर दिया। जिससे नरेन्द्र व उसके भाई राजेश को गंभीर चोटे आई। जिन्हें तत्काल ही गंभीर हालत में एम्बुलेंस से मेडिकल भेजा गया, लेकिन बीच रास्तें में ही नरेन्द्र की मौत हो गई। उक्त मामले की शिकायत पर माढ़ोताल पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। विचारण उपरांत अदालत ने आरोपित शैलेन्द्र उर्फ भोला केवट व विकास केवट को दोषी करार देते हुए सजा सुना दी।

20 दिन पहले आर्मी एरिया में पकड़ा गया था

## बांग्लादेश डिपोर्ट किया जाएगा जबलपुर आया युवक

**जबलपुर।** डुमना एयरपोर्ट के पास सैन्य क्षेत्र में पिछले दिनों में संदिग्ध अवस्था में पकड़े गए बांग्लादेशी युवक को बांग्लादेश डिपोर्ट किया जाएगा। करीब 20 दिन पहले 27 मई की शाम को युवक रहमत अली को आर्मी एरिया में पकड़ा गया था। सेना की सूचना पर पुलिस ने संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की। तब पता चला कि आरोपी युवक बांग्लादेश के बागुड़ा जिले के रामचंद्रपुर गांव का निवासी है। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह काम की तलाश में अपने 9 साथियों के साथ भारत आया और रास्ता भटककर जबलपुर पहुंच गया। युवक अजीब भाषा में बात कर रहा था और उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं लग रही थी। कई दिनों की पूछताछ के बावजूद उससे कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी। पूछताछ के बाद पुलिस ने युवक के संबंध में विदेश मंत्रालय और बीएसएफ से जानकारी मांगी थी।



उसकी रिपोर्ट मिलने के बाद अब रहमत अली को डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आगामी 22 जून रविवार को उसे पश्चिम बंगाल के हावड़ा में सीमा सुरक्षा बल के सुपुर्द किया जाएगा। इसके बाद उसे बांग्लादेश भेजने की औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। पुलिस का कहना है कि युवक की गतिविधियां संदिग्ध नहीं पाई गईं, इसलिए उसके खिलाफ किसी प्रकार की आपराधिक कार्रवाई नहीं की गई है। लेकिन विदेशी नागरिक होने के कारण उसे वापस उसके देश भेजा जा रहा है।






अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: वदिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, वदिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: सॉई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजित ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079
FCP.INTERFACE/0791/JUNE25/ENG

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240